


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 08 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-65

# पेट्रोल 335 रुपए लीटर

## पाकिस्तान में हाहाकार, भारत में महंगा सिलेंडर



**इस्लामाबाद, नयी दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** पाकिस्तान ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है।

सरकार का तर्क है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसकी वजह से यह फैसला लेना पड़ा।

कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए।

पेट्रोल की कमी की अफवाहों और जमाखोरी की शिकायतों के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जो भी लोग पेट्रोल का स्टॉक छिपाकर रख रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि वे मौजूदा पेट्रोल रिजर्व को लंबे समय तक खींचने की योजना बना रहे हैं। मंत्री ने कहा कि हमें नहीं पता कि मिडिल ईस्ट का यह संकट कब खत्म होगा। सप्लाई चेन पर इसका असर पड़ सकता है, इसलिए हमें पहले से तैयारी रखनी होगी।

**भारत में भी एलपीजी गैस सिलेंडर महंगा हुआ**

भारत में भी केंद्र सरकार ने 7 मार्च से घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम की एलपीजी गैस अब 913 रुपए की मिलेगी।

पहले यह 853 रुपए की थी। वहीं 19 किग्रा वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। यह अब 1883 रुपए का मिलेगा। सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था।

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने यह आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी।

सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल , हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।

ईरान को लेकर ट्रम्प के दिए एक बयान ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट में हलचल मचा दी है। ट्रम्प ने ईरान से बिना शर्त सरेंडर की मांग की है, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में भारी तेजी देखी जा रही है। शुक्रवार को क्रूड ऑयल डब्ल्यूटीआई फ्यूचर्स 12.2% की बढ़त के साथ 90.90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

**रूस से कच्चा तेल खरीद सकेगा भारत**

भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा

## बीच मझधार में सोना, हुआ सस्ता



**दुबई, 07 मार्च (एजेंसियां)।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच एक दिलचस्प स्थिति सामने आई है। जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें लगातार ऊंचाई छू रही हैं, वहीं दुबई के गोल्ड मार्केट में व्यापारी ग्राहकों को छूट देकर सोना बेच रहे हैं। आमतौर पर युद्ध या वैश्विक अस्थिरता के समय सोना महंगा हो जाता है, लेकिन मौजूदा हालात में दुबई के बाजार में उल्टा ट्रेंड देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके पीछे प्रमुख कारण लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन में आई बाधाएं हैं।

ईरान और उसके आसपास के कई इलाकों में एयरस्पेस असुरक्षित घोषित होने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ा है। सोने का बड़ा हिस्सा आमतौर पर यात्री विमानों के जरिए अलग-अलग देशों तक पहुंचाया जाता है। उड़ानों के रद्द होने या मार्ग बदलने से यह सप्लाई बाधित हो गई है। दुबई के पास फिलहाल सोने का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, लेकिन उसे प्रमुख वैश्विक ट्रेडिंग केंद्रों जैसे लंदन और न्यूयॉर्क शहर तक भेजना मुश्किल हो गया है। इसी कारण कई व्यापारी लगभग 30 डॉलर प्रति औंस तक की छूट देकर स्टॉक निकालने की कोशिश कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मौजूदा हालात में सोने के परिवहन और बीमा की लागत भी तेजी से बढ़ गई है। युद्ध की स्थिति के कारण शिपिंग और इंश्योरेंस खर्च 60 से 70 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। ▶10पर

# राष्ट्रपति का घोर अपमान

## बंगाल दौरे पर प्रोटोकॉल की उड़ी धज्जियां, मोदी ने जताई नाराज़गी



**नयी दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी छोटी बहन बताया और हैरानी जताई कि क्या वह किसी बात को लेकर नाराज हैं, क्योंकि राज्य में उनके दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए न तो मुख्यमंत्री मौजूद थीं और न ही कोई अन्य मंत्री उपस्थित था। उन्होंने कहा, मैं भी बंगाल की बेटी हूं। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधा है।

**शर्मनाक और अभूतपूर्व: मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, यह शर्मनाक और अभूतपूर्व है। लोकतंत्र और आदिवासी समुदायों के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति निराश है। स्वयं आदिवासी समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति जी द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा और दुख ने भारत की जनता के मन में गहरा दुख पहुंचाया है। पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं। राष्ट्रपति के इस अपमान के लिए उनका प्रशासन जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि यह भी उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल सरकार संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से ले रही है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इस पद की गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पश्चिम बंगाल सरकार और टीएमसी में सुधार की भावना जागृत होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे, लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने ▶10पर

## कार्यक्रम की मुझे कोई जानकारी नहीं : ममता



**कोलकाता, 07 मार्च (एजेंसियां) ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन अगर कोई 50 बार भी आए तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वह इस समय धरने पर बैठी हैं और जिस कार्यक्रम का जिक्र किया जा रहा है, उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। ममता बनर्जी ने कहा कि उस कार्यक्रम के आयोजकों, फंडिंग या आयोजन को लेकर राज्य सरकार को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। ▶10पर

## ईरान ने थॉड़ उड़ाया अमेरिका को बड़ा झटका




**तेल अवीव/तेहरान, 07 मार्च (एजेंसियां)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज आठवां दिन है। ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थॉड़) सिस्टम को निशाना बनाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर लगे थॉड़ का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक टीहाद सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि टीहाद के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है।

यह रडार थॉड़ सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थॉड़ सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है।

ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 34°
न्यूनतम : 20°

## बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 1940 मामले दर्ज





**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने शहर भर में बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ एक सप्ताह तक चलने वाला विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 1,940 मामले दर्ज किए हैं। बिना लाइसेंस ड्राइविंग पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान 1 मार्च से 7 मार्च तक चलाया गया। विशेष अभियान के दौरान, यातायात कर्मियों ने कई स्थानों पर वाहनों की जांच की और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन किया। जिनके पास वैध डीएल नहीं पाया गया, उन पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाना एक गंभीर उल्लंघन है जो न केवल चालक के लिए बल्कि सड़क का उपयोग करने वाले अन्य लोगों के लिए भी खतरा पैदा करता है।

पुलिस ने चेतावनी दी है कि अप्रशिक्षित या अनाधिकृत ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है, ▶10पर

## रेवंत के सामने 130 ने घुटने टेके

### मुख्यमंत्री ने गणपति से की शस्त्र छोड़ने की अपील





**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** शांति और लोकतांत्रिक भागीदारी की पुरजोर वकालत करते हुए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को शीर्ष माओवादी नेताओं, जिनमें सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य मुप्पला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति शामिल हैं, से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए गोली से ज्यादा बैलेट (मतदान) शक्तिशाली है। यह अपील बंजारा हिल्स स्थित एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 130 माओवादियों द्वारा 124 अत्याधुनिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने के बाद की गई। इस विकास को अभूतपूर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण किसी अन्य राज्य में नहीं हुआ है। उन्होंने सरकार के आह्वान पर सशस्त्र संघर्ष के बजाय लोकतांत्रिक जीवन को चुनने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया, अब तक 721 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं और 250 हथियार सौंपे गए हैं। यह सरकार की पुनर्वास नीति में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। रेवंत रेड्डी ने शेष माओवादी केंद्रीय और राज्य समिति के सदस्यों से आगे आने और तेलंगाना के पुनर्निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। ▶10पर

## शराब दुकान में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** शनिवार सुबह सोमाजीगुड़ा क्षेत्र के राजभवन रोड पर स्थित एक शराब की दुकान में अचानक आग लग गई। प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही कोई जनहानि हुई। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब 6:45 बजे दुकान के अंदर रखे एक रेफ्रिजरेटर और फ्रीजर यूनिट में आग लग गई। बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण भड़की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिससे दुकान के कुछ उपकरणों और वहां रखे सामान को ▶10पर




# अब डायबिटीज से डरने की जरुरत नहीं चीनी वैज्ञानिकों ने ढूंढ लिया इलाज

**स्टेम-सेल थेरेपी से टाइप-2 डायबिटीज को पूरी तरह से खत्म करने का दावा**

**बीजिंग, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

डायबिटीज के बारे में कहा जाता था कि यह एक बार हो जाए, तो मरते दम तक पीछे नहीं छोड़ती। दुनिया भर में शुगर की दवाइयां और इंसुलिन बनाने वाली कंपनियों का अरबों का कारोबार इस पर ही टिका है, लेकिन चीन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा मेडिकल चमत्कार किया है, जिसने इस लाइलाज मानी जाने वाली बीमारी को तोड़ ढूंढ लिया है। चीन ने स्टेम-सेल थेरेपी के जरिए टाइप-2 डायबिटीज को पूरी तरह से खत्म करने का दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीनी शोधकर्ताओं ने एक मरीज के शरीर में स्वस्थ पैंक्रियाटिक कोशिकाओं को ट्रांसप्लांट करके टाइप-2 डायबिटीज को पलट दिया है। यह प्रयोग सफल रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि अब उस मरीज को ब्लड शुगर मैनेज करने के लिए दर्दनाक इंसुलिन इंजेक्शन या मुट्ठी भर दवाइयों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक टाइप-2 डायबिटीज तब होती है जब शरीर इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता, जिससे खून में शुगर का स्तर खतरनाक हो जाता है। ऐसे में मरीजों को बाहर से इंसुलिन लेना पड़ता है। एक बार जब कोई व्यक्ति इंसुलिन पर निर्भर हो जाता है, तो उसके शरीर के प्राकृतिक काम करने के तरीके को वापस लाना करीब असंभव माना जाता था, लेकिन चीन ने इस असंभव को संभव कर दिखाया है।

सबसे पहले मरीज या किसी डोनर के शरीर से स्टेम सेल निकाले जाते हैं। इन कोशिकाओं में एक जादुई खूबी होती है- ये शरीर के किसी भी विशेष अंग की कोशिका का रूप ले सकती है। प्रयोगशाला में इन स्टेम सेल्स को खास रासायनिक और जेनेटिक सिग्नल दिए जाते हैं। इन सिग्नल्स की मदद से स्टेम सेल को पैंक्रियाटिक आइलेट सेल्स में बदल दिया जाता है, जो प्राकृतिक रूप से शरीर में इंसुलिन बनाते हैं। जब ये कोशिकाएं अपना रूप बदल लेती हैं, तो इन्हें एक साथ विकसित करके स्वस्थ पैंक्रियाटिक ऊतकों का एक गुच्छा तैयार किया जाता है। ये गुच्छे ब्लड शुगर के स्तर में होने वाले बदलावों को भांप सकते हैं और जरूरत पड़ने पर खुद ही इंसुलिन छोड़ सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपालः राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने जीते, तीसरी बार निर्वाचित



**काठमांडू।** अपने नेतृत्व में पार्टी को अभूतपूर्व विजय दिलाने वाले राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने एक बार फिर चितवन निर्वाचन क्षेत्र-2 से भारी मतों से निर्वाचित हुए हैं। लामिछाने ने कुल 54,402 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नेपाली कांग्रेस की मीना खरेल को 39,468 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया। खरेल, 14,564 वोट मिले। इस सीट पर नेकपा एमाले के उम्मीदवार असीम घिमिरे को सिर्फ 6,992 वोट मिले, जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रताप गुरूंग ने 4,969 वोट हासिल किए। चितवन-2 में कुल 87,028 वोट पड़े, जिनमें से 2,796 वोट अमान्य घोषित किए गए। यह लगातार तीसरी बार है जब रवि लामिछाने चितवन-2 से चुनाव जीते हैं। इससे पहले वे साल 2022 के आम चुनाव और 2023 के उपचुनाव में भी इसी क्षेत्र से विजयी हुए थे। रवि लामिछाने पर दोहरी नागरिकता लेने का आरोप लगने के बाद देश की सर्वोच्च अदालत ने उनका सांसद पद अमान्य घोषित कर दिया था। चुनाव जीतने के एक साल बाद आए इस फैसले के बाद रवि ने अमेरिकी ग्रीन कार्ड का त्याग करते हुए पुनः नेपाली नागरिकता हासिल की। जिसके बाद अपने रिक्त हुई सीट से उपचुनाव में दुबारा जीत हासिल की थी।

### ईरान के निर्वासित प्रिंस रजा ने संभाली कमान, अरब देशों पर हमलों की निंदा के साथ नई सरकार का किया आह्वान



**तेहरान।** मध्य पूर्व में जारी भीषण महायुद्ध के बीच ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस और अंतिम शाह के बेटे रजा पहलवी ने एक बड़ा राजनीतिक कदम उठाया है। एक भावुक वीडियो संदेश में पहलवी ने न केवल पड़ोसी अरब देशों पर ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमलों की निंदा की, बल्कि यह घोषणा भी कर दी कि उन्होंने इस्लामिक गणराज्य के संभावित पतन के बाद देश का नेतृत्व करने के लिए जनता के जनादेश को स्वीकार कर लिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों में सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बाद ईरान नेतृत्व के संकट से जूझ रहा है। रजा पहलवी ने अपने संबोधन में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बहरीन, कतर, कुवैत, ओमान, जार्डन, इराक और सऊदी अरब पर दागी गई मिसाइलों को संप्रभुता का अस्वीकार्य उल्लंघन करार दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह शासन पिछले पांच दशकों से क्षेत्र में केवल रक्तपात और अराजकता फैला रहा है, जिसका अब अंत होना अनिवार्य है। पहलवी ने अरब जगत को विश्वास दिलाया कि यह आक्रामक नीति ईरानी जनता की नहीं, बल्कि वर्तमान दमनकारी शासन की है। अपने विजन को स्पष्ट करते हुए क्राउन प्रिंस ने ईरान में अराजकता के बजाय व्यवस्थित परिवर्तन का वादा किया है। उन्होंने घोषणा की कि वे एक संक्रमणकालीन सरकार का नेतृत्व करेंगे जो प्रशासनिक ढांचे और लोक सेवकों को बनाए रखेगी ताकि देश में स्थिरता बनी रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भविष्य की सरकार का फैसला विचारधारा के आधार पर नहीं, बल्कि मतपेटी और साझा हितों वाली कूटनीति से होगा।

### दुबई और सऊदी अरब सहित खाड़ी क्षेत्र को प्यासा मार सकता हैं ईरान...........क्या समाधान भारत के पास



**आबूधाबी।** दुबई और सऊदी अरब सहित खाड़ी क्षेत्र में पानी की समस्या गंभीर हो गई है, खासकर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच चिंता बढ़ गई है। इन देशों में प्राकृतिक मीठे पानी का स्रोत लगभग न के बराबर है, इसलिए खारे पानी को पीने लायक बनाने वाले डीसैलाइनेशन संयंत्र उनकी जीवन रेखा बने हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अगर ईरान इन संयंत्रों को निशाना बनाता है, तब पूरे खाड़ी क्षेत्र में पानी संकट गहरा सकता है और इलाके को रेगिस्तान में बदलने की आशंका है। अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) ने पहले ही भू-रणनीतिक मुद्दा बताकर कहा था कि पानी युद्ध की दिशा बदलने वाली कमोडिटी बन सकता है। 1970 के दशक से अब तक खाड़ी देशों में लगभग 450 डीसैलाइनेशन संयंत्र स्थापित किए गए हैं। ये संयंत्र समुद्री पानी को मीठे पानी में बदलते हैं और इन्हें चलाने के लिए तेल और गैस की जरूरत पड़ती है। सीआईए ने 1980 के दशक में यह चेतावनी दी थी कि खाड़ी देशों के लिए पानी, तेल से भी अधिक अहम है। यदि ये संयंत्र ठप पड़ जाएं, तब पूरे क्षेत्र के लोग प्यासे रह जाएंगे। सबसे संवेदनशील संयंत्र सऊदी अरब के जुबैल डीसैलाइनेशन प्लांट हैं, जिनकी 500 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन रियाद को लगभग 90 प्रतिशत पानी सप्लाई करती है।

# अमेरिका ने श्रीलंका को धमकाया कहा- डूबे हुए ईरानी युद्धपोत के नौसैनिकों को वापस न भेजे

**कोलंबो, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका पूरी दुनिया पर अपना न केवल हुक्म चला रहा है बल्कि डराने और धमकाने से भी पीछे नहीं हट रहा है। इसी नीति के चलते हिंद महासागर में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका अब श्रीलंका सरकार पर कूटनीतिक दबाव बना रहा है कि वह हिरासत में लिए गए ईरानी नौसैनिकों और युद्धपोत आईआरआईएस देना के जीवित बचे सदस्यों को ईरान वापस न भेजे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बुधवार को एक अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के दक्षिणी बंदरगाह शहर गाले से लगभग 19 समुद्री मील दूर ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को टारपीडो से हमला कर डुबा दिया। इस घातक कार्रवाई में 100 से अधिक ईरानी नौसैनिकों की मौत हो गई, जबकि 32 को सुरक्षित बचा लिया गया। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस हमले को शांत मौत का नाम दिया है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपनी तरह की पहली बड़ी अमेरिकी कार्रवाई मानी जा रही है। गौरतलब है कि देना युद्धपोत पिछले महीने बंगाल की खाड़ी में आयोजित एक नौसैनिक अभ्यास में भाग लेकर लौट रहा था। अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि स्ट्राइक के समय युद्धपोत पूरी तरह हथियारों से लैस था और बिना किसी पूर्व चेतावनी के हमला किया गया। इस घटना के बाद श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र में फंसे एक अन्य ईरानी सहायक पोत आईआरआईएस बुशहर के 208 चालक दल के सदस्यों को भी श्रीलंकाई अधिकारियों ने उतारा है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मानवीय आधार पर इन्हें शरण देने की बात कही है, लेकिन अमेरिकी कूटनीतिक केबल्स से पता चलता है कि वाशिंगटन इन नौसैनिकों की रिहाई के पक्ष में नहीं है। कोलंबो में अमेरिकी दूतावास की प्रभारी जेन हावेल ने स्पष्ट किया है कि जब तक मौजूदा संघर्ष जारी है, इन बंदियों को वापस ईरान नहीं भेजा जाना चाहिए ताकि ईरान इनका इस्तेमाल प्रोपेगेंडा के लिए न कर सके इस मामले में इजरायली कूटनीति भी सक्रिय नजर आ रही है। रिपोर्टों के अनुसार, इजरायली राजदूत ने अमेरिका से यह भी जानने की कोशिश की है कि क्या इन ईरानी नौसैनिकों को पाला बदलने (दल-बदल) के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। दूसरी ओर, ईरान ने अपने मारे गए नौसैनिकों के शवों को वापस भेजने की आधिकारिक मांग की है।




### अमेरिकी मिनटमैन-3 बैलिस्टिक मिसाइल : हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा है ताकतवर



**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच अमेरिका ने कैलिफोर्निया तट पर एक डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे मिनटमैन-3 बैलिस्टिक मिसाइल लान्च की गई, जो हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा ताकतवर परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। यूएस स्पेस फोर्स के मुताबिक जीटी 254 के रूप में जाना जाने वाला निहत्था राकेट, पश्चिम-मध्य प्रशांत महासागर में मार्शल द्वीप के पास अपने टार्गेट पर जाकर गिरा। फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड के मुताबिक मिसाइल को प्रभावशीलता, तत्परता और सटीकता को सत्यापित करने के लिए दागा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया, जिसमें देश के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके बाद पूरा मिडिल ईस्ट जंग की चपेट में आ गया है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान की तरफ से लगातार इजराइल और मिडिल ईस्ट में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी हैं। हिज्बुल्लाह के सक्रिय होने के बाद इजराइल ने लेबनान बेरुत में हमले किए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने बाद में ईरान पर हमले तेज करने की कसम खाई और चेतावनी देते हुए कहा कि बड़ा हमला होने वाला है। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने कहा कि मंगलवार का परीक्षण-प्रक्षेपण नियमित था और कई साल पहले से तय था। मिनटमैन-3 मिसाइल अमेरिका के परमाणु त्रिकोण का एक हिस्सा है, जिसमें जमीन समुद्र और हवा से दुनिया को नष्ट करने वाले हथियार लान्च करने की क्षमता शामिल है। इसे परमाणु जंग को रोकने के लिए डिज़ाइन किया है, लेकिन यह तय करना कि अगर अमेरिका पर कभी परमाणु हमला होता है, तो वह वापस हमला कर सकेगा। ट्रंप द्वारा परमाणु हथियार परीक्षणों को फिर से शुरू करने का आह्वान करने के बाद नवंबर में मिनटमैन-3 मिसाइल भी लान्च की गई थी। मिनटमैन-3 अमेरिका की सबसे पुरानी आईसीबीएम है, जो 1970 के दशक से इस्तेमाल हो रही है। यह जमीन से लान्च होती है और 13,000 किलोमीटर दूर तक मार कर सकती है। इसमें न्यूक्लियर वारहेड लगाया जा सकता है, लेकिन इस टेस्ट में कोई हथियार नहीं था।

# ईरान ने 20 क्लस्टर बम वाली मिलाइलें इजराइल पर दागीं, हर बम में 2.5 किलो विस्फोटक



**तेल अवीव, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

**अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग लगातार जारी है। ईरान ने गुरुवार रात इजराइल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन मिसाइलों में क्लस्टर बम लगे थे। इजराइली सेना ने बताया कि जब ऐसी मिसाइल जमीन की ओर आती है तो उसका वारहेड हवा में ही खुल जाता है और करीब 20 छोटे बम अलग-अलग जगहों पर गिर जाते हैं। हर बम में करीब 2.5 किलो विस्फोटक होता है और ये करीब 8 किलोमीटर के इलाके में फैल सकते हैं।**

ये छोटे बम सीधे जमीन पर गिरते हैं और टकराते ही फट जाते हैं। इससे एक बड़े इलाके को खतरा हो सकता है, हालांकि हर छोटे बम का धमाका सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल जितना ताकतवर नहीं होता। यह साफ नहीं है कि ईरान ने ऐसी कुल कितनी मिसाइलें दागीं, क्योंकि कई मिसाइलों को इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने रास्ते में ही गिराने का दावा किया है। वहीं ईरान ने गुरुवार को बहरीन की सरकारी तेल रिफाइनरी पर मिसाइल से हमला किया। इससे रिफाइनरी की एक यूनिट में आग लग गई। हालांकि बाद में आग काबू पा लिया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया है। अब अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान में 1230 लोगों की मौत हो चुकी है। ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया गया है। ईरान में कई जगह पानी और बिजली सप्लाई ठप हो गई है। इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लान्चर तबाह करने का दावा किया है।

### हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत पर हमले से चीन हुआ परेशान




**तेहरान।** अमेरिका की परमाणु पनडुब्बी ने हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। ईरान युद्ध के बीच ये हमला बहुत बड़ा रणनीतिक महत्व रखता है। ये चीन की मिडिल ईस्ट एनर्जी लाइफलाइन की कमजोरियों को दिखाता है। आईआरआईएस-डेना पर जिस तरह से हमला किया गया है उसने चीन को बहुत मजबूत जियो-पालिटिकल सिग्नल भेजा है। चीन जितना कच्चा तेल खरीदता है उसे वो समुद्री रास्तों से ही मंगवाता है। ऐसे में अगर युद्ध के समय चीन की एनर्जी सप्लाई लाइन बंद कर दिया जाए तो उसकी इकोनामी डगमगा सकती है। ताइवान के समय युद्ध में अमेरिका ऐसा कर सकता है। एक रिपोर्ट कहती है कि चीन का 92फीसदी तेल समुद्री रास्तों से आता है। चीन जो तेल खरीदता है उसका बहुत छोटा हिस्सा ही पाइपलाइन के जरिए रूस, कजाकिस्तान और म्यांमार से आता है। रिपोर्ट के मुताबिक चाइना पावर ने जून 2025 में अनुमान लगाया था कि रूस के अलावा चीन का लगभग 80फीसदी तेल इंपोर्ट मलक्का स्ट्रेट से होकर गुजरता है। भारत का इस क्षेत्र में दबदबा है। मलक्का स्ट्रेट, हिंद महासागर में दाखिल होने का दरवाजा है।

# कनाडा में भारतीय छात्रों को मिलेगी 25 मिलियन डालर की स्कालरशिप, रिसर्च जाब्स भी

**पीएम मार्क कार्नी के कार्यालय ने इन नई योजनाओं की जानकारी दी**

**टोरंटो, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत और कनाडा के बीच नई टैलेंट स्ट्रैटेजी के तहत स्टडी और रिसर्च के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बन गई है। इस पहल से भारतीय छात्रों को स्कालरशिप, रिसर्च के अवसर और दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के बीच पढ़ाई-लिखाई के नए विकल्प मिलेंगे। 2 मार्च 2026 को कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के कार्यालय की ओर से जारी बयान में इन नई योजनाओं की जानकारी दी गई है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के प्रमुख संस्थान ने भारतीय छात्रों के लिए 25 मिलियन डालर तक की फंडिंग देने की घोषणा की है। इसके तहत 220 से ज्यादा भारतीय छात्रों को स्कालरशिप दी जाएगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय भारतीय छात्रों के लिए 300 फंडेड रिसर्च पद भी उपलब्ध कराएगा, ताकि वे कनाडा में रिसर्च कर सकें और अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल कर सकें। नई पहल के तहत भारत में तीन हाइब्रिड अध्ययन केंद्र भी शुरू किए जाएंगे। इन केंद्रों के जरिए छात्र भारत में रहकर भी कनाडाई विश्वविद्यालयों के साथ जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकेंगे। नई रणनीति के तहत भारत और कनाडा के विश्वविद्यालयों के बीच 13 नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों के तहत छात्रों और शिक्षकों का आदान-प्रदान होगा, संयुक्त शोध परियोजनाएं शुरू होंगी और कुछ मामलों में संयुक्त या ड्यूल डिग्री प्रोग्राम भी चलाए जाएंगे। दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत संगीत, प्रदर्शन कला, दृश्य कला, किताबों और मनोरंजन तकनीक जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाया जाएगा। इससे कलाकारों और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने के अवसर मिल सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक ये सभी समझौते फरवरी 2026 में उस समय हुए जब 20 से ज्यादा कनाडाई विश्वविद्यालयों के प्रमुखों का प्रतिनिधिमंडल भारत दौरे पर गया था। इसे कनाडा का अब तक का सबसे बड़ा शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल माना जा रहा है। भारत पहले से ही कनाडा में पढ़ने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों का एक बड़ा स्रोत है। वहीं कनाडा में करीब 18 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नई पहल से दोनों देशों के बीच शिक्षा और शोध के संबंध और मजबूत होंगे।

# ईरान से जंग में कंगाल ना हो जाए अमेरिका.....हर दिन 9000 करोड़ स्वाहा

**पैट्रियट-टामहाक निकाल रहा दिवाला**

**वाशिंगटन, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

पश्चिम एशिया में शुरू हुआ ईरान-इजरायल-अमेरिका संघर्ष अब एक बड़े वैश्विक संकट को खड़ा कर रहा है। एक सटीक खुफिया आपरेशन के तहत ईरान के शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाया गया, जिसमें देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई और 40 से अधिक वरिष्ठ सैन्य कमांडरों की मौत की खबर सामने आई। अमेरिका और इजरायल को उम्मीद थी कि अभियान से कुछ ही दिनों में ईरान की सैन्य और राजनीतिक ढांचा ध्वस्त होगा और देश में शासन परिवर्तन की स्थिति बनेगी। लेकिन युद्ध के शुरुआती चार दिनों में जो घटनाक्रम सामने आया है, उस घटनाक्रम ने दुनिया को चौंका दिया है। ईरान ने जोरदार पलटवार कर न केवल अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया है, बल्कि अमेरिका और इजरायल की रणनीतिक गणनाओं को भी चुनौती दे दी है।



इस युद्ध की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता इसकी लागत से जुड़ी असमानता है। अमेरिका और इजरायल के पास दुनिया की सबसे आधुनिक सैन्य तकनीक है, लेकिन इन हथियारों की लागत बेहद अधिक है। आर्मी के रिटायर्ड अधिकारी और चिंतन रिसर्च फाउंडेशन में कंसल्टेंट कर्नल के अनुसार, शुरुआती आकलनों के अनुसार आपरेशन एपिक फ्यूरी के पहले 24 घंटों में ही अमेरिका को करीब 77.9 करोड़ डालर का खर्च उठाना पड़ा। तीन दिनों के भीतर यह लागत करीब 1.24 अरब डालर तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि अमेरिका को हर दिन तकरीबन 1 अरब डालर खर्च करने पड़ रहे हैं। हालांकि, अमेरिका का रक्षा बजट लगभग एक ट्रिलियन डालर है, लेकिन समस्या कुल खर्च नहीं, बल्कि हथियारों की प्रति यूनिट लागत है। बता दें कि अमेरिकी पैट्रियट और टामहाक मिसाइलों की कीमत करीब 10 से 30 लाख डालर तक होती है। इसके मुकाबले ईरान की एक औसत बैलिस्टिक मिसाइल की कीमत केवल 8 लाख से 10 लाख डालर के बीच है। इसी तरह अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की कीमत लगभग 3 करोड़ डालर है, जबकि ईरान का शाहेद ड्रोन मात्र 30 से 50 हजार डालर में तैयार हो जाता है। इस भारी लागत अंतर का मतलब यह है कि अमेरिका और इजराइल के लिए लंबे समय तक इस युद्ध को जारी रखना आर्थिक रूप से बेहद महंगा साबित हो सकता है।

एक रिपोर्ट में ईरान युद्ध की कीमत के बारे में अनुमान लगाया गया है। इस युद्ध की कुल आर्थिक कीमत अमेरिका के लिए 210 अरब डालर (19 लाख करोड़ रुपया) तक पहुंच सकती है। इस आंकड़े में प्रत्यक्ष सैन्य खर्च भी शामिल है, जिसे लगभग 95 अरब डालर (870489 करोड़ रुपये) तक आंका गया है। युद्ध के चार दिनों के भीतर ही अमेरिका और इजरायल के मिसाइल भंडार पर दबाव बढ़ने की आशंका। अनुमान है कि युद्ध क्षेत्र में पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की संख्या लगभग 600 से 800 के बीच है। किसी एक मिसाइल को रोकने के लिए चार से छह इंटरसेप्टर मिसाइलें दागी जाती हैं।

# जन औषधि दिवस पर मोदी ने किफायती स्वास्थ्य सेवा पर दिया जोर




**नयी दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सरकार की प्रमुख सस्ती दवा पहल सभी नागरिकों के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने लाखों लोगों को काफी कम कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं पाने में मदद की है। उन्होंने कहा, ङ्गङ्घजन औषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं, जो प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित हो रहे हैं।ङ्घङ्ग

उन्होंने इस योजना के मकसद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य देखभाल को और सस्ता बनाने के सरकार के इरादे को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह पहल यह सुनिश्चित करने की हमारे प्रतिबद्धता को दिखाती है कि हर नागरिक को सस्ती कीमतों पर अच्छी गुणवत्ता वाली दवाएं मिलें।

गौरतलब है कि यह योजना जन औषधि केंद्रों के नाम से जाने जाने वाले खास केंद्रों के एक नेटवर्क के जरिए चलती है, जो ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले काफी कम कीमत पर जेनेरिक दवाएँ देते हैं। सरकार के मुताबिक, इन केंद्रों ने देश भर के परिवारों पर स्वास्थ्य देखभाल के वित्तीय बोझ कम करने में मदद की है।

श्री मोदी ने अपनी पोस्ट में कहा, जन औषधि केंद्रों के ज़रिए, अनगिनत परिवार स्वास्थ्य देखभाल के खर्च बचा रहे हैं और उन्हें सही इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना शुरू की है। इसका मकसद सस्ती दवाओं तक पहुंच बढ़ाना है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए। पिछले कुछ सालों में, पूरे भारत में हजारों जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, जो अलग-अलग इलाज की श्रेणी में कई तरह की दवाएं देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन औषधि दिवस हर साल जेनेरिक दवाओं के फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और देश भर के लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य देखभाल को ज़्यादा आसान और सस्ती बनाने की सरकार की कोशिशों को दिखाने के लिए मनाया जाता है।

## योगी ने आगरा में संघ की बैठक में लिया हिस्सा



**आगरा, 7 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को आगरा पहुंचे और उन्होंने संघ की एक बैठक में हिस्सा लेने के बाद एक अस्पताल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री सुबह करीब साढ़े दस बजे खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वह शहर के एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक में शामिल हुए। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस बैठक में मुख्यमंत्री मौजूद रहे। बैठक में बाहरी लोगों के प्रवेश की अनुमति नहीं थी।इसके बाद मुख्यमंत्री ने यथार्थ हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की स्थिति थी, जबकि अब वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज खोलने वालों को प्रदेश सरकार सहायता प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार ने भी महत्व-पूर्ण कदम उठाए हैं। पहले देश में केवल एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान था। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में छह एम्स स्थापित हुए और अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में 23 एम्स संचालित हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में रायबरेली और गोरखपुर में एम्स संचालित हैं। डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य बीमा का कवर देने का काम किया है। लगभग 5.60 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह संख्या जल्द ही 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए करीब 1300 करोड़ रुपये भी दिए जा चुके हैं और प्रदेश सरकार हर व्यक्ति को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बेटियों को सशक्त बनाना हर परिवार और समाज की जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता




**नयी दिल्ली 07 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि बेटियों को पढ़ाना, उन्हें सशक्त बनाना तथा समाज में उनके योगदान को मान्यता देना हर परिवार और समाज की जिम्मेदारी है।श्रीमती गुप्ता ने आज यहां मभारती नारी से नारायणीफ कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की एक मजबूत शक्ति बनकर उभर रही है। महिलाओं को सशक्त बनाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। दिल्ली में लखपति बिटिया योजना, सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड, कोलेट्रल-फ्री लोन और नाइट शिफ्ट में काम करने की अनुमति जैसे कदमों के माध्यम से नारी शक्ति को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने अपने जीवन की कठिनाइयों और संघर्षों का भी जिक्र किया कि कैसे एक छोटे और साधारण परिवार की बेटी ने मेहनत और हिम्मत के दम पर दिल्ली की मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर तय किया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। समाज में बदलाव लाएं और खुद की पहचान बनाएं। उन्होंने जोर दिया कि मेहनत, साहस और लगन से कोई भी लड़की अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती है।

## केदारनाथ से कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को किया जाएगा बाहर : शाह

**हरिद्वार, 07 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां बैरागी कैंप में आयोजित मजन-जन की सरकार, चार साल बेमिसालफ कार्यक्रम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार केदारनाथ से कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिये को देश से बाहर करने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।श्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत उत्तराखंड राज्य आंदोलन के संदर्भ से करते हुए कहा कि राज्य निर्माण के लिए उत्तराखंड के युवाओं को अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड के साथ झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे नए राज्यों के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जो आज तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से अब तक का समय उत्तराखंड के विकास को समर्पित




रहा है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की समस्याओं को चुन-चुन कर समाप्त करने का कार्य किया है। इससे उत्त-ाराखंड दोगुनी रफ्तार से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंग्रेजों के समय के पुराने कानूनों को बदलकर नई न्याय संहिता लागू की जा रही है। इसके पूरी तरह लागू होने के बाद एफआईआर दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय तक फैसला आने में अधिकतम तीन वर्ष का समय लगेगा। उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने वाले शरणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन शरणार्थियों को भारत में सम्मानपूर्वक नागरिकता दी जा रही है।

श्री शाह ने उत्तराखंड में लागू नकल विरोधी कानून की सराहना करते हुए कहा कि अब राज्य में बिना पर्चा और बिना खर्चा के युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। उन्होंने हाल ही में उत्तराखंड पुलिस में नियुक्ति पाने वाले 1900 युवाओं को भी बधाई दी। गृह मंत्री ने कहा कि 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाला कुंभ मेला नए रिकॉर्ड स्थापित करेगा। साथ ही केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना सीमांत गांवों के विकास और पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच उत्तराखंड को केंद्र से लगभग 54 हजार करोड़ रुपये मिले थे, जबकि इसके बाद राज्य को एक लाख 87 हजार करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। इसके साथ ही ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर सहित कई बड़ी परियोजनाओं पर कार्य जारी है। श्री शाह ने कहा कि 2014 में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति आय करीब 1.25 लाख रुपये थी, जो अब बढ़कर लगभग 2.60 लाख रुपये हो चुकी है और राज्य की अर्थव्यवस्था भी तेजी से मजबूत हो रही है।

## भारत के पास पेट्रोलियम का पर्याप्त भंडार : सरकार

**नयी दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उससे कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में आयी बाधा के बीच सरकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि देश के पास पेट्रोलियम का पर्याप्त भंडार है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के उच्च अधिकारियों ने बताया कि इस समय देश में कच्चे तेल का 25 दिन का अतिरिक्त भंडार है। इसके अलावा शोधित उत्पादों का भी 25 दिन का अतिरिक्त भंडार है। दोनों मिलाकर कुल भंडार सात सप्ताह से अधिक का है।

अधिकारियों ने बताया कि कुल अतिरिक्त भंडार 25 करोड़ बैरल यानी लगभग 4,000 करोड़ लीटर का है। साथ ही रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और मध्य एशिया से आयात लगातार जारी है। इसलिए मीडिया में आई इस तरह की खबरें कि देश के पास सिर्फ 25 दिन का कच्चा तेल बचा है, गलत है।

उल्लेखनीय है कि इस समय भारत छह महादेशों के कुल 40 देश से कच्चे तेल और पेट्रोलियम का आयात करता है और इस मामले में होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर पूरी तरह से निर्भरता नहीं है।

घरेलू रिफायनिंग कंपनियों की कुल शोधन क्षमता 25.8 करोड़ टन सालाना की है जो मांग से काफी अधिक है। घरेलू मांग 21-23 करोड़ टन सालाना है।

पेट्रोल में एथेनॉल के 20 प्रतिशत मिश्रण की अनिवार्यता के कारण हर साल 4.4 करोड़ बैरल यानी लगभग 60 लाख टन की आयात निर्भरता अलग से कम होती है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य से आयात पूरी तरह से बंद हो जाता है तब भी देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं होगी। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिमी एशिया में स्थिति काफी गंभीर हो गई है। कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कीमत करीब 20 प्रतिशत बढ़ गयी है।

## राष्ट्रीय राजधानी में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य है : सूद

**नयी दिल्ली , 07 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली के शिक्षा, शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और नागरिकों को बेहतर जीवन-स्तर उपलब्ध कराना है।श्री सूद ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के सी 1ए ब्लॉक तथा सी -2 ब्लॉक में लगभग 1.60 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि इन दोनों ब्लॉक के लोगों की लंबे समय से मांग थी की उनके क्षेत्रों में सीवर, पानी की पाइप लाइनों के काम, डेन्स कारपेटिंग, सड़क निर्माण आदि के काम पिछली सरकार के समय से ही लंबित है। उन्होंने कहा कि आज जनकपुरी के सी 1ए ब्लॉक में लगभग 86.37 लाख की लागत से कई महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें सीवर लाइन बिछाने का कार्य, ड्रेन और सड़क का निर्माण तथा डेंस कारपेटिंग का कार्य शामिल है। इन कार्यों से क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा और स्थानीय निवासियों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा।

## आंध्र प्रदेश में गूगल का 15 अरब डॉलर निवेश अमरावती बनेगी 'क्वांटम वैली': चंद्रबाबू नायडू

**नई दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को रायसीना डायलॉग 2026 में कहा कि आंध्र प्रदेश उन्नत तकनीकों, खासकर क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, अब कई बड़े काम हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश में पहली बार गूगल 15 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है। यहां एक गीगावाट क्षमता वाला डाटा सेंटर और एआई से जुड़ी परियोजनाएं बनेंगी। आर्थिक सुधारों के बाद यह हाल के वर्षों का सबसे बड़ा निवेश है। सीएम नायडू ने राज्य में क्वांटम तकनीक पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हम अब क्वांटम कंप्यूटर स्थापित कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश में क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत हो रही है और भविष्य में इससे कई बड़े बदलाव आएंगे।



उन्होंने वैश्विक टेक हब से तुलना करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया सिलिकॉन वैली की बात करती है, जो कैलिफोर्निया, यूनाइटेड स्टेट्स में है लेकिन भविष्य में लोग भारत की 'क्वांटम वैली' की बात करेंगे और वह अमरावती से होगी, जो मेरे राज्य में है।उन्होंने कहा कि यह परियोजना शुरू हो चुकी है और जल्द ही पूरी तरह काम करना शुरू कर देगी। क्वांटम कंप्यूटर स्थापित किया जा चुका है और हम इसे शुरू करने जा रहे हैं। साल के अंत तक इसका संचालन शुरू हो जाएगा। आगे चलकर हम क्वांटम कंप्यूटर का निर्माण करेंगे और दुनिया के अन्य देशों को भी सप्लाई करेंगे।

इस कार्यक्रम में चंद्रबाबू नायडू ने दुनिया में भारतीयों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय दुनिया के सबसे अच्छे डिप्लोमैट माने जा सकते हैं, क्योंकि वे जहां भी रहते और काम करते हैं, वहां के समाज में आसानी से घुल-मिल जाते हैं।

सीएम नायडू ने कहा कि पहले आंध्र प्रदेश से लोगों का प्रवास मुख्य रूप से यूनाइटेड स्टेट्स और कुछ अन्य देशों तक ही सीमित था, लेकिन अब तेलुगु समुदाय और भारतीय कई देशों में मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीयों ने दुनिया में एक ऐसी पहचान बनाई है कि वे आसानी से ढलने वाले, मिलनसार और वैश्विक समुदाय के हित में काम करने वाले लोग हैं।

नायडू ने यह भी कहा कि भारतीय प्रवासी, खासकर तकनीकी क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवर, वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## विश्व शांति मोर्चा ने विश्व व्यवस्था में बढ़ती अस्थिरता की चेतावनी दी

**नयी दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** विश्व शांति मोर्चा (डब्ल्यूपीएफ) के पूर्व महासचिव येन श्वेतोंग ने चेतावनी दी है कि संरक्षणवादी नीति, बढ़ते राजनीतिक झगड़े और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की तरक्की से वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में व्यवधान पैदा हो रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रभावित हो रहे हैं।

श्री श्वेतोंग ने यूनीवार्ता से बातचीत में अमेरिकी टैरिफ पॉलिसी के असर पर कहा कि पारंपरिक मुक्त व्यापारिक ढ़ांचा पहले ही बहुत कमजोर हो चुका है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत विकसित देशों से आम तौर पर टैरिफ 10 प्रतिशत से कम रखने की उम्मीद की जाती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समय अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ उन स्तरों से अधिक हो गए और कई देशों ने बदले की कार्रवाई शुरू कर दी।

## भाजपाई जाएंगे तो महंगाई जाएगी : अखिलेश यादव

**लखनऊ, 07 मार्च (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में बढ़ती महंगाई और भारी टैक्स का बोझ आम लोगों को परेशान कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब भाजपाई जाएंगे, तभी महंगाई भी जाएगी। राजधानी लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार एक तरफ लगातार टैक्स बढ़ा रही है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई भी लगातार बढ़ती जा रही है।



उन्होंने एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ने का जिक्र करते हुए कहा कि एक बार कोई चीज महंगी हो जाती है तो बाद में उसके सस्ते होने की उम्मीद कम ही रहती है। उनके मुताबिक, गाड़ियों पर लगभग 50 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है, जिससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

इस दौरान पूर्व डीआईजी राम शरद राम समेत कई लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अखिलेश यादव ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का पार्टी से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता का भरोसा समाजवादी पार्टी पर लगातार बढ़ रहा है।

सपा प्रमुख ने कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कई मामलों में पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। कानपुर में सामने आए एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों की कॉल डिटेल सामने आने पर तस्करों से उनके संबंध उजागर हुए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब पुलिसकर्मियों की कॉल डिटेल निकाली जा सकती है तो तस्करों की कॉल डिटेल क्यों नहीं निकाली जाती। अखिलेश यादव ने भाजपा पर राजनीतिक प्रचार के लिए गाने का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के उद्देश्य से एक गाना लॉन्च किया गया है।उन्होंने कहा कि इस मामले में पार्टी एफआईआर दर्ज कराएगी और इससे यह भी साफ हो जाएगा कि कार्रवाई होती है या नहीं। अपनी सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने प्रदेश में कई बड़े विकास कार्य किए थे। एक्सप्रेसवे निर्माण, लैपटॉप वितरण, रिवरफ्रंट परियोजना, डायल-100 सेवा, एंबुलेंस व्यवस्था और कैंसर इंस्टीट्यूट जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट उसी समय शुरू हुए थे।

अखिलेश ने दावा किया कि प्रदेश में सबसे अधिक थर्मल पावर प्लांट भी सपा सरकार के दौरान लगाए गए थे। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई जगह वोट कटवाने की कोशिश की जा रही थी।

सपा प्रमुख ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध न किया होता तो कई विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाए जा सकते थे। विदेश नीति के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि रूस भारत का पुराना मित्र रहा है और अगर वहां से सस्ता तेल उपलब्ध हो रहा है तो भारत को उसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।अखिलेश ने यह भी दावा किया कि आने वाले समय में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के गठजोड़ यानी पीडीए की सरकार बनेगी और समाजवादी पार्टी प्रदेश में मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# परिवार से परेशान यूट्यूबर ने की सुसाइड की कोशिश? लाइव स्ट्रीम पर डिवाइडर में ठोकी गाड़ी



देहरादून के पॉपुलर यूट्यूबर और बिग बॉस 17 फेम अनुराग डोभाल, जिन्हें दुनिया 'UK07 राइडर' के नाम से जानती है को लेकर एक बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है। उनकी गाड़ी डासना गाजियाबाद पर एक भयानक सड़क हादसे का शिकार हो गई। अब सोशल मीडिया पर यह बहस छिड़ गई है कि क्या यह महज एक दुर्घटना थी या उन्होंने जानबूझकर अपनी जान लेने की कोशिश की?

यह पूरी घटना उस वक्त हुई जब वह इंस्टाग्राम पर लाइव थे और उनके हजारों फैंस उन्हें देख रहे थे। लाइव वीडियो के दौरान हाई-स्पीड कार का डिवाइडर से टकराना और अनुराग की मानसिक स्थिति को लेकर किए जा रहे दावे इस मामले को और भी गंभीर बना रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, यह पूरी घटना उस समय घटी जब अनुराग डोभाल अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाइव आए हुए थे। लाइव वीडियो के दौरान ही उन्होंने अपनी कार की रफ्तार अचानक बढ़ा दी। देखते ही देखते कार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार को पार कर गई। इसी तेज रफ्तार के दौरान मेरठ एक्सप्रेसवे पर उनकी कार अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर से जा टकराई। इस खौफनाक मंजर को उनके फॉलोअर्स ने लाइव देखा, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हादसे के तुरंत बाद मौके पर हड़कंप मच गया। घायल अनुराग को आनन-फानन में मेरठ के सुभारती अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम लगातार उनके इलाज में जुटी हुई है और फिलहाल उनका उपचार चल रहा है। इंस्पेक्टर परतापुर ने बताया है कि सामान्य चोट है फॉर्च्यूनर गाड़ी थी, जिससे घटना हुई है। इस हादसे ने तब और भी गंभीर रूप ले लिया जब यह बात सामने आई कि अनुराग पिछले कुछ समय से अपने पारिवारिक जीवन में चल रही समस्याओं की वजह से मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। बताया जा रहा है कि इंस्टाग्राम लाइव के दौरान उन्होंने कुछ ऐसे शब्द कहे जिसने सबको चौंका दिया। कथित तौर पर उन्होंने लाइव में कहा, 'यह मेरा आखिरी वीडियो है।' उनके इस बयान और फिर तुरंत बाद हुई इस घटना ने आत्महत्या की कोशिश की आशंका जताई गई।फिलहाल, पुलिस और संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं कि क्या यह तेज रफ्तार के कारण हुआ एक हादसा था या इसके पीछे कोई सोची-समझी साजिश। इंटरनेट पर अनुराग के प्रशंसक और आम लोग इस घटना को लेकर अपने-अपने रिएक्शन दे रहे हैं।

# द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड के नए गाने को आदिति भाटिया ने किया प्रमोट




भारतीय टेलीविजन और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री आदिति भाटिया ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' के नए गाने का एक वीडियो शेयर किया है। हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' के एक नए गाने का क्लिप शेयर करते हुए अदिति ने पोस्ट कैप्शन में लिखा, जब प्रेम भक्ति में बदल जाता है, तब राधा केवल एक नाम फुसफुसाती है - कान्हा। उन्होंने लिखा, 'कान्हा' अब रिलीज हो चुकी है। इसी के साथ अभिनेत्री ने फिल्म को प्रोमोट करते हुए आगे लिखा, अब सहेंगे नहीं, लड़ेंगे। केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में जारी है। वीडियो में एक्ट्रेस गुलाबी रंग के घाघरा-चोली में शानदार डांस करते नजर आ रही है। गाने में आदिती को आप भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में जमकर नृत्य करते देख सकते हैं।आदिति के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है। पोस्ट पर कुछ ही घंटे में हजारों व्यूज और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, फैंस कमेंट्स के माध्यम से वीडियो और अभिनेत्री पर अपना प्यार लगातार लुटा रहे हैं।

आदिति भाटिया भारतीय हिंदी टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री का एक जाना-माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ लाजवाब एक्टिंग के लिए जानी जाती है। अभिनेत्री ने स्टार प्लस के शो 'ये है मोहब्बतें' से फैंस के दिलों में असल पहचान बनाई, जिसमें उनके किरदार रूही को काफी पसंद किया गया।

एक्ट्रेस ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी और अब वह 'द केरल स्टोरी 2' जैसी फिल्मों में दमदार लीड रोल करते नजर आ रही हैं। इससे पहले अभिनेत्री कई हिंदी टेलीविजन सीरियल और रियलिटी शो में काम कर चुकी हैं और विभिन्न फिल्मों में अलग-अलग किरदार भी निभा चुकी हैं।

भारतीय हिंदी भाषा की ड्रामा फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मूवी का निर्देशन कामाख्या नारायण सिंह ने किया है, और विपुल अमृतलाल शाह ने सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले इसका निर्माण किया है।

'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' में आदिति भाटिया के साथ उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा मुख्य किरदार को निभाते नजर आएंगे। मूवी की कहानी मुख्य रूप से तीन ऐसी हिन्दू महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवारों के खिलाफ जाकर मुस्लिम पुरुषों से शादी करती हैं। इसके बाद उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है। फिल्म में अदिति ने दिव्या का किरदार निभाया है।



**द 50 से बाहर होने पर बोलीं दिव्या अग्रवाल**

# मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी

रियलिटी शोज की दुनिया हमेशा से ड्रामा, रणनीति और कड़ी टक्कर के लिए जानी जाती है। इन शोज में हिस्सा लेने वाले कलाकारों को सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से भी काफी मेहनत करनी पड़ती है। कई बार यह अनुभव कलाकारों के लिए सीख से भरा होता है। इसी कड़ी में रियलिटी शो 'द 50' से बाहर होने के बाद अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने खुलकर बताया कि शो का अनुभव उनके लिए कैसा रहा और अब वह अपने करियर को किस दिशा में आगे बढ़ाना चाहती हैं। दिव्या अग्रवाल ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ''मुझे इस बात की खुशी है कि मैं अब इस शो से बाहर आ चुकी हूं। यह शो काफी हद तक मेल डॉमिनेटेड था और इसमें बहुत ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी शामिल थी। शो में हर कोई खुद को नोटिस करवाने की कोशिश कर रहा था। इसी वजह से कई बार कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे के बारे में अजीब और अनचाही बातें भी कह देते थे। यह माहौल कई बार असहज कर देने वाला होता था।'' दिव्या ने आगे कहा, ''मैंने यह शो अपने फैंस की वजह से किया था। लंबे समय से मेरे फैंस मुझसे कह रहे थे कि मुझे एक और रियलिटी शो में हिस्सा लेना चाहिए। इसी वजह से मैंने 'द 50' में हिस्सा लेने का फैसला किया था।''

उन्होंने कहा, अब मैं किसी भी तरह का रियलिटी शो नहीं करूंगी। मेरा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अभिनय पर रहेगा। मैं अपने एक्टिंग करियर पर पूरा फोकस करना चाहती हूं।''

दिव्या अग्रवाल के करियर की बात करें तो उन्होंने मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान एक रियलिटी शो कंटेस्टेंट के तौर पर बनाई।



# बचपन से एक्टिंग का सपना, पर मां श्रीदेवी चाहती थीं कुछ और जान्हवी को लेनी पड़ी पापा बोनी कपूर की मदद


बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर का नाम सुनते ही हर किसी के दिमाग में उनकी मां श्रीदेवी की तस्वीर जरूर आती है। जान्हवी ने अपनी मेहनत और लगन से खुद को इंडस्ट्री में साबित किया। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था, लेकिन उनकी मां श्रीदेवी नहीं चाहती थीं कि वे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखें। वह चाहती थीं कि जान्हवी पढ़ाई पूरी करें और डॉक्टर बनें। जान्हवी कपूर का जन्म 6 मार्च 1997 को मुंबई में हुआ। वे श्रीदेवी और बोनी कपूर की बड़ी बेटी हैं। उनका परिवार लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है। उनके दादा सुरिंदर कपूर भी फिल्म निर्माता थे, और उनके चाचा अनिल कपूर और संजय कपूर भी फिल्मों में सक्रिय हैं। जान्हवी भी फिल्मों में आना चाहती थीं, लेकिन श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग से दूर रखना चाहती थीं। ट्विंकल खन्ना और काजोल के टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' के एक एपिसोड में जान्हवी ने खुलासा किया था कि उनकी मां श्रीदेवी उन्हें एक्टिंग की दुनिया से दूर रखना चाहती थीं। उन्होंने बताया था कि उनकी मां श्रीदेवी कभी नहीं चाहती थीं कि मैं एक्टिंग करूं।

जान्हवी ने इंटरव्यू में कहा, मां खुद एक एक्ट्रेस होने की वजह से मुझे लेकर काफी प्रोटेक्टिव थीं। वह काफी सख्त थीं। उन्हें लगता था कि मैं बहुत भोली हूं और मैं बॉलीवुड में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगी। वह चाहती थीं कि मैं डॉक्टर बनूं। वह मुझसे कहतीं, मैं तुमको एक्ट्रेस बनते नहीं देखना चाहती। यह मेरे लिए सबसे खराब समय था।''

हालांकि, पापा बोनी कपूर की मदद से उन्होंने अपनी मां को मना लिया और 2018 में बॉलीवुड में कदम रखा। जान्हवी ने अपना डेब्यू शशांक खेतान की फिल्म 'धड़क' से किया। इसमें उनके अपोजिट एक्टर ईशान खट्टर थे। यह फिल्म मराठी सुपरहिट फिल्म 'सैराट' की हिंदी रीमेक थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और जान्हवी को जी सिने अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू मिला।

जान्हवी को अपने करियर की शुरुआत में उस वक्त बड़े दुख का सामना करना पड़ा, जब उनकी मां श्रीदेवी का निधन हो गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में अभिनेत्री श्रीदेवी का देहांत हुआ। उस वक्त जान्हवी की उम्र 20 साल थी।

'धड़क' के बाद जान्हवी ने कई चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। 2020 में उन्होंने फिल्म 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' में भारतीय वायुसेना की पायलट की भूमिका निभाई। उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया और उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। 2022 में उन्होंने थ्रिलर फिल्म 'मिली' में एक ऐसी युवती का किरदार निभाया, जो फ्रीजर में फंस जाती है। इस भूमिका के लिए भी उन्हें फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नामांकन मिला। 2024 में जान्हवी कपूर ने तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में भी कदम रखा। उन्होंने फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' में जूनियर एनटीआर के साथ काम किया। अब वह राम चरण के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' को लेकर चर्चा में हैं।



# अब मैं खुद से पूछती हूं कि मैं सच में कहां की हूं : सेलिना जेटली

अभिनेत्री सेलिना जेटली ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने जीवन के उतार-चढ़ाव, विदेश प्रवास और अपनी पहचान के संघर्ष पर दिल की बात कही। उन्होंने भारत वापसी की जानकारी देते हुए अपने मन के खालीफन और उदासी को व्यक्त किया। सेलिना ने लिखा कि जब कोई व्यक्ति विदेश में उतना लंबा समय व्यतीत कर लेता है, जितना उसने अपने बचपन में माता-पिता के साथ बिताया हो, तो वह अपनी जड़ों और पहचान को लेकर असमंजस में पड़ जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रिया (आल्प्स) के प्राकृतिक सौंदर्य की तुलना अपने बचपन की यादों, यानी कुमाऊं के पहाड़ों और जंगलों से की। हालांकि, अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वर्षों विदेश में रहने के बावजूद वहां उन्हें मात्र 'पीटर की भारतीय पत्नी' के रूप में ही पहचाना गया। उन्होंने लिखा, पीटर हाग से मेरी शादी के बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर ऑस्ट्रिया में बसीं, लेकिन समय के साथ घर जैसा एहसास कम होता गया।

अभिनेत्री ने अपनी मां की बात को याद करते हुए लिखा, आप एक ही इंसान को दो बार नहीं पा सकते, यहां तक कि उसी इंसान को भी नहीं। मां के साथ बिताया समय मेरा सबसे प्रिय समय था। अब जब मां-पिता और परिवार के सदस्य नहीं रहे, तो पुराना घर और एहसास वापस नहीं आता। कभी-कभी लोग ठीक होना भी नहीं चाहते, क्योंकि दर्द ही खोई हुई चीज से आखिरी रिश्ता बन जाता है।

एक सैनिक की बेटी होने के कारण उनका बचपन कई जगहों पर बीता। कोई एक स्थायी घर नहीं था, लेकिन माता-पिता ने हर जगह प्यार और खुशियां दीं। अभिनेत्री ने लिखा, अब विदेशी शादी और परिवार की कमी के कारण मुझे लगता है कि मेरा घर अब कहीं नही है। न ही मैं पूरी भारतीय और न ही विदेशी। मैं दो दुनियाओं का अच्छा हिस्सा हूं, लेकिन सच्चाई यह है कि अब कोई भी जगह पूरी तरह घर जैसी नहीं लगती।

सेलिना ने अपने पहाड़ों, जंगलों, बाघों और बचपन की यादों को घर का हिस्सा बताया। वे कहती हैं कि भारत लौटने पर उम्मीद थी कि पुराना अपनापन मिलेगा, लेकिन सब कुछ बदल चुका है। उन्होंने लिखा, अब मैं खुद से पूछती हूं कि मैं सच में कहां की हूं।

# कृति सेनन से बेहतर होने की जंग में यामी गौतम की सफाई, कहा, ऐसे पीआर हथकंडे नहीं अपनाती



सोशल मीडिया में इन दिनों 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड को लेकर बहस तेज हो गई है। अभिनेत्री यामी गौतम और कृति सेनन के प्रशंसकों के बीच यह विवाद छिड़ गया है कि दोनों में से बेहतर अभिनेत्री कौन है। दिलचस्प बात यह है कि यह पूरा विवाद यामी गौतम द्वारा एक सोशल मीडिया पोस्ट को 'लाइक' करने के बाद शुरू हुआ। हालांकि, अब यामी गौतम ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि उनका किसी भी अभिनेत्री को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था। यामी गौतम ने अपने 'लाइक' को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि एक सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और कई बार यह स्पष्ट नहीं होता कि पोस्ट किसके संदर्भ में है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मुझे पता चला है कि मैंने एक ऐसी रील को 'लाइक' किया है, जिसे किसी अन्य कलाकार के प्रति अपमानजनक माना जा रहा है। हमें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और यह भी एक अवॉर्ड समारोह से जुड़ी किसी अन्य टैग की तरह ही दिखाई दिया। ऐसा बिल्कुल भी जानबूझकर नहीं किया गया था। संभव है कि यह गलती से क्लिक हो गया हो। यामी गौतम ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पास कोई पीआर टीम नहीं है और उन्हें ऐसे 'घटिया पीआर हथकंडे' अपनाने नहीं आते।

दरअसल, जिस पोस्ट को यामी गौतम ने 'लाइक' किया था, उसमें एक तरफ कृति सेनन की तस्वीर और दूसरी तरफ यामी गौतम की तस्वीर लगाई गई थी। पोस्ट में कृति सेनन की तुलना में यामी गौतम को 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड के लिए अधिक योग्य बताया गया था। गौरतलब है कि कृति सेनन को फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था। इसी पोस्ट को लाइक किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई और दोनों अभिनेत्रियों के प्रशंसक आपस में भिड़ गए। हालांकि, अब यामी गौतम ने अपने बयान के जरिए साफ कर दिया है कि यह सब अनजाने में हुआ और उनका किसी तरह का विवाद खड़ा करने का कोई इरादा नहीं था।

# रंग पंचमी का त्यौहार आज

## रंग पंचमी पर रंगोत्सव पर्व मनाने पृथ्वी पर आते हैं देवी-देवता

**आज यानी 08 मार्च 2026 को रंग पंचमी का त्यौहार है। हिंदू धर्म में इस त्योहार का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि रंग पंचमी पर देवी-देवता सभी पृथ्वी पर आते हैं और भक्तों संग रंगों का उत्सव रंग पंचमी मनाते हैं। इस कारण से इसे देव पंचमी और श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर - जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष होली के पांचवें दिन यानी चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को रंग पंचमी का त्योहार बड़े ही जोश, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। रंग पंचमी के साथ ही ब्रज में लगभग 40 दिनों तक चलने वाले रंगोंत्सव पर्व का समापन हो जाता है।**

**रंग पंचमी तिथि**

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 07 मार्च 2026 को शाम 7:17 मिनट से होगी, जिसका समापन 08 मार्च को रात 09:10 मिनट तक रहेगा। ऐसे में रंग पंचमी का त्योहार 08 मार्च 2026 को मनाया जाएगा।

**रंग पंचमी का महत्व**

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि रंग पंचमी को देवी-देवताओं का पर्व माना जाता है। इसमें सभी देवी-देवता स्वर्गलोक से पृथ्वी पर आते हैं और अपने भक्तों संग होली का त्योहार मनाते हैं। रंग पंचमी का पर्व नकारात्मकता को खत्म करने का प्रतीक होता है। इससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है। यह त्योहार रंगों के जरिए प्रकृति संग बेहतर संतुलन साधने के त्योहार होता है।

**पूजा विधि**

रंग पंचमी पर विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण, मां लक्ष्मी और राधारानी का पूजन करना बहुत ही शुभ माना जाता है। रंग पंचमी के दिन विधि-विधान के साथ पूजा करने से सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। इस दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहन कर चौकी पर राधा-कृष्ण की मूर्ति को स्थापित करें। फिर राधा-कृष्ण को पंचामृत और गंगाजल से स्नान कराकर उनको फल, फूल और माला पहनाकर श्रृंगार करें। भगवान को गुलाल, पीला चंदन, अक्षत और भोग लगाकर उनके सामने दीपक और धूप जलाकर मंत्रों का जाप करें।



अंत में आरती करते हुए पूजा में किसी भी तरह के भूल-चूक के लिए मांफी मांगे।

**रंग पंचमी पर मंत्रों का जाप**

- ऊं क्लीं कृष्णाय नम:
- ऊं श्री कृष्णाय नम:

**मक्खन का भोग**

भगवान कृष्ण के बाल रूप लड्डू गोपाल की पूजा के दौरान आपको उन्हें मक्खन का भोग अवश्य लगाना चाहिए। माखन श्रीकृष्ण के प्रिय भोगों में से एक है। रंग पंचमी पर मक्खन का भोग श्रीकृष्ण को लगाने से सुख-शांति की प्राप्ति आपको होती है।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

**मीठी दही का भोग**

रंग पंचमी के दिन श्रीकृष्ण की पूजा के दौरान दही का भोग लगाने से भी आपको शुभ फलों की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही दही से बने व्यंजन भी आप लड्डू गोपाल को अर्पित कर सकते हैं।

**गुजिया का भोग**

होली के पावन पर्व के दौरान गुजिया लगभग हर हिंदू घर में बनाई जाती है। अगर बनाई ना भी जाए तो बाजार से लाकर लोग इसे खाते जरूर हैं। वहीं लड्डू गोपाल की पूजा में इसे अर्पित करने से भी आपको शुभ फल प्राप्त होते हैं।


**जलेबी का भोग**

लड्डू गोपाल को जलेबी का भोग लगाना भी शुभ माना जाता है। रंग पंचमी के पावन पर्व के दौरान अगर आप लड्डू गोपाल को जलेबी का भोग लगाते हैं तो आपके जीवन में भी मिठास आती है और पारिवारिक जीवन खुशहाल होता है।

**मालपुआ का भोग**

मालपुआ भी आप भोग के रूप में श्रीकृष्ण को अर्पित कर सकते हैं। मालपुआ का भोग लगाने से आपकी मनोकामनाएं भगवान कृष्ण पूरी करते हैं और करियर-कारोबार में भी आपको शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

## बेड के नीचे या आसपास इन चीजों को रखने से बढ़ सकती है नकारात्मकता, जानें सही दिशा और जरूरी नियम



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में रखी हर वस्तु का प्रभाव वहां रहने वाले लोगों की ऊर्जा और जीवन पर पड़ता है। खासतौर पर बेडरूम ऐसी जगह मानी जाती है जहां व्यक्ति दिनभर की थकान के बाद आराम करता है, इसलिए यहां की व्यवस्था और वस्तुओं का सही स्थान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि बेड या उसके आसपास कुछ चीजों को गलत तरीके से रखा जाता है तो इससे नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने की संभावना रहती है, जिसका असर मानसिक शांति और जीवन की संतुलित स्थिति पर पड़ सकता है।

**बेड के नीचे सामान रखने से बचें**

कई लोग कमरे को व्यवस्थित दिखाने के लिए बेड के नीचे अलग-अलग सामान रख देते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र में इसे उचित नहीं माना गया है। माना जाता है कि बेड के नीचे ज्यादा सामान रखने से ऊर्जा का प्रवाह प्रभावित होता है। खासतौर पर लोहे से बनी वस्तुओं को बेड के नीचे रखने से बचना चाहिए। ऐसी वस्तुएं जो लंबे समय तक उपयोग में नहीं आतीं, उन्हें बेड के नीचे जमा कर देने से वातावरण में नकारात्मकता बढ़ सकती है।

झाड़ू को भी बेड के नीचे रखना उचित नहीं माना जाता है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार इससे घर के वातावरण और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए झाड़ू को हमेशा निर्धारित स्थान पर ही रखना बेहतर माना जाता है।

इसी तरह सोने-चांदी के आभूषण भी बेड के नीचे नहीं रखने चाहिए। वास्तु शास्त्र में इसे शुभ नहीं माना जाता और ऐसा करने से आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की मान्यता है।

**किताबें और अन्य वस्तुएं बेड पर न छोड़ें**

अक्सर लोग पढ़ते-पढ़ते किताबें या अन्य चीजें बेड पर ही छोड़ देते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसा करना उचित नहीं माना जाता। बेड को हमेशा साफ और व्यवस्थित रखना चाहिए। माना जाता है कि बेड पर अनावश्यक वस्तुएं छोड़ने से मानसिक अशांति और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है।

**बेड के आसपास इन बातों का रखें ध्यान**

सोने वाले स्थान के आसपास भी कुछ चीजों को रखने से बचना चाहिए। जूते-चप्पल को बेड के पास रखना वास्तु की दृष्टि से सही नहीं माना जाता। इन्हें हमेशा कमरे के निर्धारित स्थान पर ही रखना बेहतर होता है।

इसी तरह कई लोग रात में सुविधा के लिए पानी की बोतल बेड के बिल्कुल पास रख लेते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार इसे थोड़ी दूरी पर रखना अधिक उचित माना जाता है।

इसके अलावा घड़ी, लैपटॉप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी बेड पर या उसके आसपास छोड़ना सही नहीं माना जाता, क्योंकि इससे विश्राम के वातावरण पर असर पड़ सकता है।

**इस दिशा में होना चाहिए बेड**

वास्तु शास्त्र में बेडरूम और उसमें रखे बेड की दिशा को भी महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि यदि बेड सही दिशा में रखा हो तो घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बेहतर बना रहता है। वास्तु नियमों के अनुसार बेडरूम का स्थान उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना शुभ माना जाता है। वहीं बेड को इस प्रकार रखना उचित माना जाता है कि सोते समय सिर की दिशा दक्षिण या पूर्व की ओर हो।

## लाल किताब बताती है, शनि की स्थिति से कब बनेगा आपका अपना घर

**शनि यदि पहले भाव में हो और सातवें तथा दसवें भाव में कोई भी ग्रह न हो, तो लाल किताब के मतानुसार व्यक्ति अपना मकान अवश्य ही बनाता है। शनि यदि दूसरे भाव में है तो बहुत बड़ा न सही, छोटे-छोटे दो मकान बनवाने का मौका अवश्य मिलता है। शनि यदि तीसरे भाव में है तो उपाय करने से स्वयं का मकान बनाने की सम्भावनाएं बढ़ती हैं। कुत्तों को प्रतिदिन कुछ न कुछ खाने के लिए अवश्य दें, ऐसा करने पर जल्द ही मकान बनने की परिस्थितियां बनने लगेंगी।**

**चौथे और पांचवे भाव में शनि**

चौथे भाव में शनि हो तो व्यक्ति किसी भी प्रकार से येन-केन-प्रकारेण साधनों का प्रयोग करके मकान बना ही लेता है। पंचम भाव में शनि के होने पर अगर 45 साल से पहले मकान बनता है, तो संतान के लिए कष्टकारी रहता है, इससे बचने के लिए काली गाय का दान करने का विधान बताया गया है।

**छठे, सातवें और आठवे भाव में शनि**

छठे भाव में शनि हो तो 40 वर्ष की आयु से पहले मकान बनना शुभ होता है।



सप्तम भाव में शनि होने पर एक से अधिक मकान बनते हैं यानी पैतृक का लाभ भी मिलता है। अष्टम भाव में शनि के होने पर मकान बना पाने की संभावना क्षीण होती हैं, पर राहु और केतु की स्थिति अच्छी मकान बन भी सकता है। धीरे-धीरे अपनी ही कमाई से मकान बनता है।

**नवम भाव में शनि**

नवम भाव में शनि के होने पर व्यक्ति एक से अधिक मकान बना सकता है। लाल किताब नवम भाव में बैठे शनि वाले जातकों के लिए कहती है कि दो मकान बनाना ही शुभ फलदायी रहेगा, तीसरा मकान न बनाएं क्योंकि यह आपकी आयु के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, खासकर यदि आपकी पत्नी गर्भवती है तो मकान का निर्माण न शुरू करें।

**दसवें भाव में शनि**

शनि यदि दसवें भाव में हो तो 48 वर्ष की आयु के बाद ही मकान बनाना शुभकारी है। वैसे मकान पहले भी बन सकता है, पर मकान को कहीं न कहीं अधूरा ही रहने दें वरना आमदनी में गिरावट आ सकती है अथवा भारी धनहानि हो सकती है।

**ग्यारहवें और बारहवें भाव में शनि**

ग्यारहवें भाव में शनि हो तो आपको 55 वर्ष के बाद मकान बनाना शुभ फलदायी होगा। बारहवें भाव में शनि आपको मकान अवश्य देता है, चाहे वह छोटा हो या बड़ा। वैसे मौका मिलते ही आपको छोटे मकान का निर्माण जरूर करा लेना चाहिए क्योंकि यह पहला मकान ही बाद में नए भव्य भवन के बनने का रास्ता खोल देता है।

## घर की इस दिशा में लगाएं सूंड उठे हाथी की मूर्ति, सफलता और प्रगति चूमेगी आपके कदम

भारत में हाथी को सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। वास्तु शास्त्र और फेंगशुई में ऑफिस या घर में हाथी की मूर्ति रखना बेहद शुभ माना गया है। इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ता है और सुख-समृद्धि, अच्छा स्वास्थ्य और धन लाभ प्राप्त होता है। राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता के लिए सूंड उठे हुए हाथी की मूर्ति का अपने घर या दफ्तर में जरूर लगाना चाहिए। हालांकि हाथी की तस्वीर या मूर्ति लगाते समय सही दिशा का चयन बेहद जरूरी है।

**घर के प्रवेश द्वार पर हाथी की मूर्ति**

घर के मेन गेट पर हाथी की मूर्तियों को लगाना सौभाग्य लेकर आता है। सूंड उठे हुए हाथी की तस्वीर लगाना बहुत ही लाभदायक होता है। हाथी बुरी और नकारात्मक ऊर्जा को घर में आने से रोकता है। दो टांगों से खड़ा हाथी प्रवेश द्वार के पास रखने से नए अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

**ऑफिस में कहा रखें हाथी की मूर्ति**

ऑफिस की टेबल पर लाल रंग के हाथी की मूर्ति रखना शुभ फल देने वाला माना जाता है। इससे काम के नए अवसर प्राप्त होते हैं और व्यवसाय में आने वाली परेशानियों भी दूर होती हैं। ध्यान रहे की हाथी की मूर्ति दक्षिण दिशा की ओर हो। कार्यस्थल पर ऊपर उठी सूंड वाले हाथी की मूर्ति लगाने से व्यवसाय में लाभ बढ़ता है।

**बेडरूम में पीतल का हाथी**

शादीशुदा लोगों के कमरे में पीतल का हाथी रखना बहुत ही शुभ होता है। अगर पति-पत्नी में के बीच लड़ाई-झगड़ा होता है तो उन्हें अपने कमरे की दक्षिण पूर्व की दिशा की ओर पीतल के हाथी का जोड़ा रखना चाहिए। ऐसा करने से उनके बीच आपसी मनमुटाव खत्म हो जाता है। इसके



अलावा परिवार सहित हाथी की तस्वीर लगाने से नए वैवाहिक जोड़े को जल्द ही संतान की प्राप्त होती है।

**मंदिर में चांदी के हाथी की मूर्ति**

घर के मंदिर में चांदी का बना हाथी रखना समृद्धि को आकर्षित करता है। मां लक्ष्मी की तस्वीर के दोनों ओर दो हाथी पहरेदारी करते हैं। ऐसे में हाथी की मूर्ति घर की लक्ष्मी को कई गुना ज्यादा बढ़ा देती है। घर की उत्तर दिशा की ओर रखने से धन और ज्यादा आकर्षित होता है। घर में अगर कोई व्यक्ति बीमार रहता हो तो उसके कमरे में सात हाथी एक लाइन में लगाने से उसे बीमारियों से निजात मिलता है।

**घर के लॉकर में हाथी की मूर्ति**

घर की तिजोरी या पैसे रखने वाली जगह पर चांदी का हाथी रखना बहुत शुभ माना जाता है। हाथी की कमर पर लाल रंग का कपड़ा डाल कर रखने से धन में चार गुना वृद्धि होती है। एक दांत वाले हाथी को घर में रखना बहुत ही शुभ फल देने वाला माना जाता है। हाथी की हिंसक तस्वीर घर में भूलकर भी नहीं लगानी चाहिए।

## 15 को पापमोचिनी एकादशी व्रत

हर महीने आने वाली एकादशी का अलग अलग महत्व होता है। चैत्र मास की कृष्ण पत्र में आने वाली एकादशी का नाम पापमोचनी एकादशी है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। इस बार एकादशी तिथि दो दिन रहने के कारण पापमोचनी एकादशी व्रत को लेकर थोड़ा असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल, 14 और 15 मार्च दोनों ही दिन एकादशी तिथि होने के कारण यह कंफ्यूजन है। मान्यता है कि इस व्रत को करने वालों को पाप से मुक्ति के साथ साथ भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होती है।

पंचांग की गणना के अनुसार, पापमोचनी एकादशी तिथि का आरंभ 14 मार्च को सुबह में 8 बजकर 10 मिनट पर होगा और इस तिथि का समापन 15 मार्च को सुबह में 9 बजकर 16 मिनट पर होगा। उदया तिथि का अनुसार, पापमोचनी एकादशी का व्रत 15 मार्च को किया जाएगा। शास्त्रों में बताया गया है कि जब भी एकादशी तिथि सुबह के समय लगी होती है तो उस दिन ही व्रत रखना बहुत ही शुभ फलदायी माना जाता है। व्रत का पारण 16 मार्च को 9 बजकर 30 मिनट पर द्वादशी तिथि में किया जाएगा।

**पूजा शुभ मुहूर्त**

चल चौघड़िया (15 मार्च 2026)
सुबह में 8 बजे से 9 बजकर 30 मिनट पर
लाभ चौघड़िया (15 मार्च 2026)
सुबह में 9 बजकर 30 मिनट से 11 बजे तक

**पापमोचनी एकादशी व्रत का महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पापमोचनी एकादशी का व्रत व्यक्ति को जाने अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति दिलाता है। मान्यता है कि इस व्रत को पूरे विधि विधान के साथ करने से व्यक्ति के भाग्य में भी वृद्धि होती है। इसलिए पूरी श्रद्धा के साथ इस व्रत को करना चाहिए। साथ ही इस व्रत को पूरी इच्छा के अनुसार, करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही एकादशी का व्रत करने वालों को रोग शोक से तो मुक्ति मिलती ही है। साथ ही पाप का नाश होकर मोक्ष की प्राप्ति और पुण्य फल मिलता है।


**पापमोचनी एकादशी पर जरूर करें ये उपाय**



मान्यता है कि एकादशी के दिन भगवान विष्णु के साथ साथ तुलसी माता की पूजा भी करनी चाहिए। मान्यता है कि इस व्रत को करने वालों को चाहिए कि वह सुबह से समय पूजा के बाद तुलसी माता के सामने भी घी का दीपक जलाएं। साथ ही इस दिन से लगातार तुलसी माता की सेवा करें। इस दिन तुलसी की पौधा दान करने से भी सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस दिन यदि संभव को तो भगवान विष्णु के मंदिर जाकर उनके दर्शन जरुर करके आएं। ऐसा करने से आप पर भगवान की कृपा बनी रहेगी।

जिज्ञासा

# कुदरती गीजर क्या हैं?



**आपने** गर्म पानी के चश्मों के बारे में किसी ना किसी से जरूर सुना होगा। कहीं ना कहीं से आपने यह बात जरूर सुनी होगी कि फलां जगह से गर्म पानी के चश्मे फूटते हैं। पर क्या आपने सोचा है कि इस पानी को प्राकृतिक रूप से गर्म कौन कर देता है। या यह कुदरती गीजर क्या हैं, जिनके कारण धरती के भीतर से निकलने वाला पानी गर्म हो जाता है?

आपने घरों में लगे गीजर तो देखे ही हैं। यह पानी गर्म करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। इसी प्रकार गीजर एक प्रकार का गर्म पानी का स्रोत होता है, जो समयसमय पर धरती के कुछ हिस्सों में फूटता है। इसमें से गर्म पानी और भाप निकलती है। गीजर के लिए अनुकूल जल भौमिकी की आवश्यकता होती है, जो पृथ्वी के कुछ ही स्थानों पर मौजूद है। असल में पृथ्वी की सतह का पानी जमीन के अंदर जाकर जमा होता है और ऐसी चट्टान से टकराता है, जो मैग्मा से तप रही हो। इससे पानी गर्म होने लगता है और फिर ऊपर उठता है और किसी चट्टान की दरार से होकर बाहर फूट पड़ता है।


दुनिया में कोई एक हजार गीजर हैं, जिनमें से आधे अमरीका के यैलोस्टोन नैशनल पार्क में हैं। गर्म पानी का इस्तेमाल करने के लिए बिजली की जिस मशीन (गीजर) का इस्तेमाल होता है, उसका नाम भी शायद इसी पर पड़ा होगा। चूंकि जमीन से फूटने वाले गर्म पानी के इन चश्मों को वैज्ञानिक भाषा में गीजर ही कहा जाता है।

# एनाकॉन्डा सबसे बड़े, सबसे रहस्यमय!

**एनाकॉन्डा** कहते ही आंखों के सामने एक विशालकाय सांप की तस्वीर उभर आती है। यह सच है कि एनाकॉन्डा विश्व के सबसे बड़े और खतरनाक सांपों में से एक हैं। कैसे? ठीक बात है भाई, यह सवाल तो पूछा ही जाना चाहिए। तो चलिए, चलते हैं दक्षिण अमेरिका के जंगलों में और ढूंढते हैं एनाकॉन्डा को..

लीजिए, पहुंच गए अमेजॉन के जंगलों में। अब ढूंढिए एनाकॉन्डा। लेकिन यह इतना आसान नहीं। यह सांप बड़े होते हैं, बहुत ही ज्यादा बड़े लेकिन छुपे रहते हैं। इनसे दोस्ताना व्यवहार की उम्मीद तो नहीं कर रहे थे न आप। जी, ऐसा बिलकुल मत कीजिएगा। मैत्री भाव नहीं रखते यह सांप। एनाकॉन्डा खुद को छुपाने में माहिर होते हैं और पानी या दलीदली इलाके में अपनी खाल के अनुरूप पृष्ठभूमि ढूंढ कर छुप जाते हैं। नदियां, झील आदि के पास ही मिलते हैं यह। और जैसे ही खतरा दिखता है, तुरंत पानी में गए और छूमंतर।

वैसे यह सब कहने की बात होगी क्योंकि एक तो क्या खतरा आएगा एक 20 फुट लम्बे और तकरीबन 150 किलो वजनी सांप पर। और चलो, भूले-भटके आ भी गया कोई हम जैसा इंसानी खतरा, तो यूं तो 20 फुटे जनाब सर्रर से सरक नहीं जाएंगे। दिख गए, तो हमें डरने का पूरा मौका देंगे। क्यों, ठीक है न? इतना बड़ा सांप, जो अब तक तो दिख नहीं रहा था, पर अचानक दिखे और वह भी इस तरह सरकता हुआ, तो डर तो लगेगा ही भई।



चलिए, जब तक बाकायदा नहीं दिखते, तब तक थोड़ा परिचय ले लेते हैं श्रीमान एनाकॉन्डा का। ये सांप होते हैं बोआ परिवार के। इसी परिवार में अजगर भी आते हैं। अब समझे, सारे विशालकाय एक ही परिवार में आ जमे हैं।

इनका नाम एनाकॉन्डा क्यों है, क्या मायने होते हैं इसके, यह पूरी तरह से समझ में नहीं आया है। अरे हमें नहीं भाई, वैज्ञानिकों को। इसका मूल एशिया में मिलता दिखाई देता है। कुछ शोध करने वालों ने कहा कि एनाकॉन्डा सिंहली भाषा के किसी शब्द से बना है। तो कुछ का कहना है कि यह तमिल भाषा के शब्द अनाएकोंदरण से बना है, जिसका मतलब होता है हाथी को भी मार गिराने वाला। हूं..यह कुछ ठीक भी लगता है, है न।

वैसे आपको पता है न कि सिंहली भाषा श्रीलंका की आधिकारिक भाषा है। तभी तो कहा कि एनाकॉन्डा नाम का मूल एशिया में मिलता दिखता है। इतना तो ढूंढ लिया, अब तक दिखा नहीं न आपको एनाकॉन्डा? अब क्या अर्जेंटीना तक चलें? येलो एनाकॉन्डा कभी-कभी इतने दक्षिण तक भी चले जाते हैं। इनकी बात तो यूं भी अलग है। ये दुनिया के सबसे बड़े सांप होने का गौरव रखते हैं। इनकी लम्बाई होती है 30 फुट और वजन 227 किलो। बाबा रे!!

लगता है अमेजॉन से निराश होकर लौटना पड़ेगा। वैसे दुखी मत होइए, यह सांप वैज्ञानिकों को शोध करने के लिए नहीं मिलता, तो आपको देखने के लिए इतनी आसानी से कैसे मिलेगा। चलते-चलते यह जान लेते हैं कि यह एनाकॉन्डा फिल्म की वजह से मशहूर हुए हैं, या कोई सचमुच खास बात है इनमें।

खास बात यह है कि जैसा कि बताया था एनाकॉन्डा जहरीले नहीं होते। पर होते खतरनाक हैं। अपने शिकार को यह शरीर की कुंडली बनाकर उसमें फंसा लेते हैं। फिर कुंडली का शिकंजा तब तक कसते जाते हैं, जब तक कि शिकार दम न तोड़ दे।

ओह, कितना डरवना है यह सब। मादा एनाकॉन्डा अंडे नहीं, संपोलों को जन्म देती है। एक बार में 25-30 छुटके एनाकॉन्डा जन्म लेते हैं। और जन्म के बाद उन्हें किसी ट्रेनिंग की जरूरत नहीं होते। ये बेबी, बाबा

कहानी



एनाकॉन्डा भोजन ढूंढने और छुपने आदि के गुर पहले से ही जानते हैं। वैसे कहते हैं बोआ परिवार के सदस्यों के रंग बड़े सुंदर होते हैं।

# लता मंगेशकर



**भारत** की एक अनमोल रतन लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को हुआ। वह भारत की सबसे लोकप्रिय और आदरणीय गायिका हैं,जिनका छह दशकों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा पड़ा है। हालांकि लता जी ने लगभग तीस से ज्यादा भाषाओं में फिल्मी और गैर-फिल्मी गाने गाए हैं, लेकिन उनकी पहचान हमारे भारतीय सिनेमा में एक अछी गायिका के रूप में हुई है। उनकी बहन आशा भौंसले भी उन्ही की तरह फिल्मों के लिए गाती हैं। लता मंगेशकर ने अपने पिता दीनानाथ मगेश्कर से संगीत सीखना शुरू किया था। उन्होंने सिर्फ चार साल की उम्र से ही गाना शुरू कर दिया था। मात्र 7 साल की उम्र में उन्होंने अपना पहला संगीत कार्यकम प्रस्तुत किया।13 साल की उम्र में पिता को खोने के बाद घर की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर आ पड़ी। पिता की मृत्यु के कुछ दिन बाद ही उन्होंने एक मराठी फिल्म के लिए काम किया। सन 1947 में उन्होंने 'आपकी सेवा' नामक फिल्म में पहेली बार गाना गाया। फिर धीरे धीरे उन्होंने फिल्मो में गाना गाने की लाइन लगा दी। तब से लेकर आज तक वो गाती ही आ रही हैं। आप सबी उनकी आवाज को जरूर पहचानते होंगे।


एक बात आपको और बता दें कि इस तरह के गाने वाले बेहद कोमल दिल होते हैं और बेसुरे संगीत से बहुत भयभीत हो जाते हैं। कुछ साल पहले लता जी की एक तस्वीर अखबारों में छपी थी, जिसमें वह किसी समागम में हैं और वहां बहुत शोर वाला माहौल है। लता जी ने शोर से घबराकर अपना कानों पर हाथ रख लिए थे। किसी प्रैस फोटोग्राफर ने उन्हें देख लिया और इस दृष्य को कैमरे में कैद कर लिया। हमें इनके जीवन से प्रेरणा मिलती है।

# जीतना महंगा पड़ गया

**1912** के ओलिंपिक खेलों में कुश्ती का एक मैच 11 घंटे तक चला। यह मैच मिडल वेट रेसलर्स एस्टोनिया के मार्टिन क्लीन और फिनलैंड के अल्फ्रेड असिकेनन के बीच खेला गया था। रशिया ने फिनलैंड पर लंबे समय तक शासन किया था और मैच के दिन क्लीन ने रशिया की ही ड्रैस पहनी हुई थी। 11 घंटे तक चले इस मैच का विजेता था मार्टिन क्लीन। यह एक सैमीफाइनल मैच था। इस मैच का फाइनल अगले ही दिन होना तय था। इस लंबे मैच के दौरान क्लीन इतना ज्यादा थक चुका था कि वह अगले दिन होने वाले फाइनल मैच में हिस्सा भी नहीं ले पाया। उसका फाइनल मुकाबला स्वीडन के क्लेस जोनासन के साथ था। 11 घंटे की जबर्दस्त लड़ाई लड़ना क्लीन के लिए महंगा साबित हआ, क्योंकि उसे सिल्वर मैडल से ही संतोष करना पड़ा, जबकि ओलंपिक गोल्ड मैडल बगैर लड़े ही जोनासन को मिल गया।



हम बताएं, आप बनाएं



# लालू लोमड़ बड़ा सयाना


**तालाब** किनारे लालू लोमड़ बैठा हुआ था तभी गिन्नी खरगोश वहां आया और सहमते हुए, पानी के अंदर मुंह डाल दिया। उसे पानी पीते देख लालू लोमड़ ने डपट दिया -"ए रूक जा गिन्नी तुम से पानी नहीं पी सकते, पहले शुल्क अदा करना पड़ेगा। घबराते हुए गिन्नी खरगोश ने मुंह हटा लिया और लोमड़ की तरफ देखने लगा। मुस्कराते हुए लोमड़ बोला "घबरा मत गिन्नी ज्यादा कुछ नहीं देना पड़ेगा, बस मुंह-जुबानी दो बार कहना पड़ेगा- "लालू लोमड़ बड़ा सयाना, मैं मूरख वह विद्वाना"। मरता क्या नहीं करता गिन्नी खरगोश ने गर्दन ऊंची उठाकर दो बार चिल्लाकर कहा और पानी गटक कर चलता बना। थोड़ी देर बाद मांगू वानर उछलता-कूदता आता दिखाई दिया। उसने लालू लोमड़ को झुककर नमस्कार किया तो वह बोल पड़ा- "अब खाली नमस्कार से काम नहीं चलेगा मांगू।

यह बताओ कि तुम्हें पानी पीना है या फल खाना है। मुझे दोनों काम करना है- "मांगू वानर ने बताया। देख भाई यह बगीचा और तालाब मेरा है अगर तुम्हें यहां फल खाना और पानी पीना है तो चार बार कहना पड़ेगा- लालू लोमड़ बड़ा सयाना, मैं मूरख वह विद्वाना।"यह बगीचा और तालाब तुमने कब खरीदा"- मांगू वानर ने पूछ लिया। यह जलराज मगरमच्छ का था। एक बार मैंने उसकी संकट से जान बचाई तो प्रसन्न होकर उसने मुझे ये दोनों चीजें दे दी और खुद दूसरे तालाब में रहने चला गया- लालू लोमड़ ने बताया मांगू वानर का दिमाग ठनका, "यह तो फोकट में अपनी स्तुति कराना चाहता है।" उसने भृकुटी चढ़ाते कहा- "ए ज्यादा सयाना मत बन, नहीं बोलूंगा तो क्या बिगाड़ लेगा तू। न फल खाने दूंगा न पानी पीने"- लालू लोमड़ को भी तैश आ गया। सा है तो फिर बोलना पड़ेगा, लेकिन रूक जा यार, भूख-प्यास के कारण मेरी जान निकली जा रही है। पहले थोड़ा खा-पी लेने दे। जान में जान आ जाएगी तो खूब ऊंचे स्वर में बोल सकूंगा- तेवर बदलते हुए मांगू वानर ने मीठे स्वर में कहा। लालू लोमड़ ने गर्दन हिलाकर अनुमति दे दी। मांगू वानर ने दो-चार अमरूद खाए फिर पेट भर पानी पीकर डकार लेते बोला-"हां बोलता हूं...लालू लोमड़.." बस इतना कहते ही मांगू वानर दुम उठाते भाग खड़ा हुआ।"ठहर जा दुष्ट मजा चखाता हूं।"- कहते हुए लालू लोमड़ उसकी ओर लपका लेकिन तब तक मांगू नौ दो ग्यारह हो गया। लालू लोमड़ गुस्से से भुनभुनाता हुआ अपनी जगह पर आकर बैठ गया तब तक कन्नू कौआ आकर पेड़ पर कांव-कांव करने लगा। लालू लोमड़ भड़कते बोला- "बंद कर अपना कांव-कांव मेरा दिमाग खराब मत कर। अगर तुम्हें कुछ खाना पीना है तो यह वाक्य बोलना पड़ेगा- "लालू लोमड़ बड़ा सायाना, मैं मूरख वह विद्वाना।" "अरे यार मुझसे भी अपनी स्तुति गवाएगा मैं तेरा दोस्त हूं। कन्नू कौए ने फूसलाते हुए कहा। दोस्त-वोस्त कुछ नहीं सबको बोलना पड़ेगा। लालू लोमड़ ने गुर्राते हुए कहा।

तुम्हें पता है लोमड़ भाई कि आदमियों में नौआ और पशुओं में कौआ सबसे ज्यादा चतुर होता है। कन्नू कौए ने प्रयास जारी रखा। "रहने दे लोमड़ से ज्यादा चालाक कोई पशु नहीं होता। देख तू मुझे बातों में मत बहला मेरा दिमाग खराब हो रहा है, जल्दी से बोल दे वर्ना...फुर्र हो यहां से " लालू लोमड़ ने चेतावनी के लहजे में कहा।



कन्नू कौए ने यहां वहां देखते हुए फुर्ती से एक फल तोड़ा और चोंच में दबाकर भाग खड़ा हुआ, लोमड़ मन मसोसता रह गया। थोड़ी देर बाद लालू लोमड़ ऊंघ रहा था। किसी के आने का आहट हुई तो उसने उनींदा आंखों से कहा- "चलो पानी पीने से पहले जल्दी से बोल दो- लालू लोमड़ बड़ा सयाना, मैं मूरख वह विद्वाना।" "अबे आंखें खोलकर सामने देख तेरा बाप खड़ा है-कर्कश आवाज में किसी ने कहा तो लालू लोमड़ की आंखें पूरी तरह खुल गई- " अरे गामा गेंडा भाई आप, आप खुशी-खुशी पानी पी सकते हैं मगर बोलना तो पड़ेगा क्योंकि मैंने नियम बना लिया है। अब आप जैसे शक्तिशाली जानवर पालन नहीं करेंगे तो कैसे चलेगा?" "अबे लालू के बच्चे, बिना बात के जयकार कराना ठीक नहीं और सुन....जय जयकार अपनों से छोटे और कमजोर से कराई जाती है, अपने से बलशाली से नहीं..." गामा गेंडा ने समझाना चाहा।"नहीं गेंडा भाई आपको बोलना पड़ेगा, बोल दीजिए न कृपया", अनुरोध के स्वर में लालू बोला।"देख लालू तुम्हें सियाना और विद्वान कहने में मुझे कोई आपत्ति नहीं लेकिन मैं अपने को मूरख नहीं कह सकता न" गामा गेंडे ने विरोध दर्ज किया।



नहीं भाई वह तो बोलना पड़ेगा। लालू लोमड़ जिद पर आते बोला।"तो ठीक है सुनो रे सब यहां पास में आ जाओ, मैं लालू लोमड़ की स्तुति करने वाला हूं।" गामा गेंडे ने जोर से चिल्लाकर कहा तो आसपास के अनेक पशु-पक्षी वहां एकत्रित हो गए। गामा गेंडे ने खूब छककर पानी पिया जैसे बरसों का प्यासा हो फिर आए हुए प्राणियों को निहारते बोला- "अब बोलता हूं... लालू लोमड़ लगता भोंदू, मैं विद्वान वह बड़ा बुद्धू।" इतना कहने के उपरान्त गामा गेंडा भागा नहीं वरन लालू की ओर लपका। सारे पशु-पक्षी तालियां बजाकर हंसने लगे और लालू लोमड़ दुम दबाते हुए भागने लगा।


## सबसे लंबा नूडल्स

**इटली** के मेल्फी में सालाना चेस्टनट फैस्टिवल के दौरान करीब 100 मीटर लंबा नूडल्स बनाया। इसे बनाने में करीब 130 किलो मैदा लगा और इसे बनाने में पूरा एक दिन लग गया।



## पहला विश्वविद्यालय

**दुनिया** में कई प्राचीनतम विश्वविद्यालयों का जिक्र मिलता है। इनमें से ज्यादातर अन्य देशों में स्थित हैं। मगर दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला में 700 ईसा पूर्व में स्थापित किया गया था। इसमें दुनिया भर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे।



## महासागर पार करने वाली महिला

**केंसास** में 1897 में जन्मी एमेलिया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ पायलटों में से एक थीं। एमेलिया ने 1921 में पायलट का लाइसेंस प्राप्त कर लिया। अकेले विमान उड़ाकर अटलांटिक और प्रशांत महासागर पार करने वाली वह पहली महिला थीं।




## सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल

**चाइना** में 2005 में खुला साउथ चाइना मॉल दुनिया का सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल है। यह 70 लाख वर्ग फुट से भी बड़े इलाके में फैला हुआ है। इसके अंदर पवन चक्की और थीम पार्क भी है।



## सबसे ऊंचा पुल

अमेरिका की सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धि के तौर पर मशहूर हूवर बांध के ऊपर बना पुल का वृत्तखंड पश्चिमी गोलार्ध में सबसे बड़ा है। यह पुल माइक ओ कैलेघन-पैट टिलमैन की याद में बनाया गया है।



# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अगर आपकी योजना बाहर घूमने–फिरने की है तो आपका वक़्त हँसी–ख़ुशी और सुकून भरा रहेगा। आज धन आपके हाथ में नहीं टिकेगा, आपको धन संचय करने में आज बहुत दिक़्क़तों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोगों से दूर रहें जिनकी बुरी आदतें आपके ऊपर असर डाल सकती हैं। अपनी दीवानगी को क़ाबू में रखें, नहीं तो यह आपके प्रेम–संबंध को मुश्किल में डाल सकती है। कामकाज में आ रहे बदलावों के कारण आपको लाभ मिलेगा। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप ख़ुशी महसूस करेंगे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

रचनात्मक शौक़ आज आपको सुकून का एहसास कराएंगे। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। अगर आपने किसी शख़्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। शाम के वक़्त अचानक मिली कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार की ख़ुशी और उत्साह की वजह साबित होगी। आज आप इश्क़ की चाशनी ज़िन्दगी में घुलती हुई महसूस करेंगे। किसी नयी परियोजना पर काम करने से पहले अच्छी तरह सोच–विचार लें। समय का अच्छा इस्तेमाल करने के लिए आज आप पार्क में घूमने का प्लान बना सकते हैं ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज आप अपने घर के सदस्यों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं और आपका काफी धन खर्च हो सकता है। आपका जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा और मददगार साबित होगा। बीते दिनों की मीठी यादें आपको व्यस्त रखेंगी। कार्यक्षेत्र में आपके प्रतिद्वन्द्वियों को अपने ग़लत कामों का फल मिलेगा। अगर कहीं बाहर जाने की योजना है तो वह आख़िरी वक़्त पर टल सकती है। आप महसूस कर सकते हैं कि जीवनसाथी का प्यार सारे दु:ख–दर्द भुला देता है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आप खाली समय का आनंद ले सकेंगे। आज मुमकिन है कि आपको धन से जुड़ी कोई समस्या हो लेकिन अपनी सूझबूझ से आप हानि को भी मुनाफे में बदल सकते हैं। पुराने संपर्क और दोस्त मददगार रहेंगे। आपको अपनी तरफ़ से सबसे बेहतर तरीक़े से बर्ताव करने की ज़रूरत है – क्योंकि आज आपका प्रिय जल्दी ही नाराज़ हो सकता है। आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको ग़लत साबित करने की पुरज़ोर कोशिश करेगा। आज आपके पास लोगों से मिलने–जुलने का और अपने शौक़ पूरे करने का पर्याप्त खाली वक़्त है। ज़्यादा ख़र्चे की वजह से जीवनसाथी से खट–पट हो सकती है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

अपने नकारात्मक रवैये के चलते आप प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। यह इस बात को समझने का सही वक़्त है कि चिंता की आदत ने आपके सोचने की क्षमता को ख़त्म कर दिया है। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। कोई बेहतरीन नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फ़ायदा दिलायेगा। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक़्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक़्त ज़्यादा सावधानी बरतें। यदि कोई समस्या है तो उसे टालें नहीं, बल्कि जल्दी–से–जल्दी उसका समाधान ढूंढने की कोशिश करें। आपको ख़ुश करने के लिए आपका जीवनसाथी काफ़ी कोशिशें कर सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

अपनी शारीरिक चुस्ती–फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। पुराने निवेशों के चलते आय में बढ़ोत्तरी नज़र आ रही है। उन लोगों के साथ कुछ समय बिताएँ, जो आपको चाहते हैं और आपका ख़याल रखते हैं। अगर आप कई दिनों से कामकाज में दिक़्क़त महसूस कर रहे हैं, तो आज के दिन आपको राहत महसूस हो सकती है। किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए याद रखिये अगर समय की कद्र नहीं करेंगे तो इससे आपको ही नुक्सान होगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

हाल की घटनाओं से आपका मन बेचैन हो सकता है। शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग फ़ायदेमंद साबित होंगे। आज बिना किसी की मदद के ही आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। घर को सजाने–संवारने के लिए अपने खाली समय का उपयोग करें। इसके लिए आप परिवार से सराहना पाएंगे। शाम के लिए कोई ख़ास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज़्यादा–से–ज़्यादा रुमानी हो। कामकाज के मामलों को सुलझाने के लिए अपनी होशियारी और प्रभाव का इस्तेमाल करें। यह दिन शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे ख़ास दिनों में से एक रहेगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। अपने जीवनसाथी का बोझ दूर करने के लिए घरेलू कामकाज में हाथ बटाएँ। इससे आपको साथ में काम करने का आनंद मिलेगा और जुड़ाव महसूस होगा। आप किसी बड़े व्यावसायिक लेन–देन को अंजाम दे सकते हैं और मनोरंजन से जुड़ी किसी परियोजना में कई लोगों का संयोजन कर सकते हैं। वक्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपका सबसे बड़ा सपना हक़ीक़त में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को क़ाबू में रखें, क्योंकि ज़्यादा ख़ुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे। अपने जीवन–साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। किसी भी ख़र्चीले काम या योजना में हाथ डालने से पहले ठीक तरह से सोच–विचार कर लें। जीवनसंगी के साथ वक्त बिताने के लिए आज आप ऑफिस से जल्दी निकल सकते हैं सेहत के नज़रिये से दिन अच्छा हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। जिन लोगों ने अतीत में अपना धन निवेश किया था आज उस धन से लाभ होने की संभावना बन रही है। अगर आपका साथी अपना वादा न निभाए तो बुरा महसूस न करें– आपको बैठकर बातचीत के ज़रिए मामला सुलझाने की ज़रूरत है। हवन/पूजा–पाठ आदि का आयोजन घर मे होगा। आपके लिए यह ख़ूबसूरत दिन रहेगा, लेकिन सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। आप घूमने–फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे– लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। आज आपके प्रिय को आपके अस्थिर रवैये के चलते आपसे तालमेल बिठाने में काफ़ी दिक़्क़त का सामना करना पड़ेगा। बड़े उद्योगपतियों के साथ साझीदारी का व्यवसाय फ़ायदेमंद रहेगा। आज आप हँसी–मज़ाक़ के बीच आपके और आपके जीवनसाथी के बीच कोई पुराना मुद्दा उभर सकता है, जो फिर वाद–विवाद का रूप भी ले सकता है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

मौज–मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। जिसपर आप यक़ीन करते हैं, मुमकिन है वह आपको पूरा सच न बता रहा हो। आपकी दूसरों को राज़ी करने की क्षमता आने वाली मुश्किल को हल करने में कारगर साबित होगी। यह दूसरे देशों में व्यावसायिक सम्पर्क बनाने का बेहतरीन समय है। आज आप ख़ुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा या सराहा जाएगा।

## आज का पंचांग

दिनांक : 08 मार्च 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : चैत्र ,कृष्ण पक्ष
तिथि : पंचमी रात्रि 09:14 तक
नक्षत्र : स्वाति दोपहर 01:32 तक
योग : ध्रुव प्रातः 07:02 तक
करण : कौलव प्रातः 08:13 तक
चन्द्रराशि : तुला
सूर्योदय : 06:29, सूर्यास्त 06:24 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:31, सूर्यास्त 06:29 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:24, सूर्यास्त 06:21 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त 06:16 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : रंग पंचमी

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# राजस्थान में ड्रग्स का प्रकोप बढ़ रहा है युवा इससे दूर रहें : वसुन्धरा राजे



**जयपुर, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे ने कहा है कि राजस्थानियों का प्यार ही मेरे लिए सबसे बड़ा पद है।उन्होंने कहा कि राजनीति में सब लोगों को पद चाहिए।काम अच्छा करों,पद आपके पास ख़ुद चलकर आयेगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में ड्रग्स का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।युवा इससे दूर रहें और इसे रोकने में सरकार का सहयोग करें। पूर्व सीएम ने कहा कि भारतीय मूल के गूगल सीईओ सुंदर पिचाई जैसे युवा मानव कैपिटल के श्रेष्ठ उदाहरण हो सकते है तो राजस्थान के युवा क्यों नहीं? राजस्थान के युवा विदेशों में जाकर नाम कमा सकते हैं,तो यहाँ रह रहे युवा क्यों नहीं ? राजे शनिवार को युवा शक्ति परिषद राजस्थान द्वारा आयोजित 'सशक्त युवा–सशक्त राष्ट्र' सम्मेलन में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में काम करें।युवा एआई और नई तकनीक क्वांटम कंप्यूटिंग का सदुपयोग करें।इनमें जो आगे होगा,वही दुनिया का नेतृत्व करेगा।डिसीजन मेकिंग में युवाओं की सक्रिय भागेदारी होना चाहिए है।वे बोली स्वीडन,जापान और जर्मनी ने युवाओं में निवेश करके ही प्रगति की है।भारत भी युवाओं को आगे ला रहा है।युवा असंभव को संभव कर सकते हैं।आसमां छू सकते हैं।सितारे तोड़ सकते हैं।दुनिया बदल सकते है।युवा नौकरी करने वाले नहीं,नौकरी देने वाले बनें।विवेकानन्द जी भी यही कहते थे कि संसार की संपूर्ण शक्तियाँ अगर किसी में निहित है तो वह भारत के युवाओं के अंदर है।आज भारत में इनोवेशन,इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप की नई धारा का नेतृत्व युवा ही तो कर रहें है।आज स्टार्टअप इको सिस्टम में भारत दुनियाँ के टॉप थ्री देशों में है।यह युवाओं की मेहनत का ही फल है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा महिला सम्मान समारोह

# उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ होंगे मुख्य अतिथि



**जयपुर, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर सम्मान समारोह एवं परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम मे योजनाओं की लाभार्थी, उद्यमी, खिलाड़ी और अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही, कर्नल राठौड़ सम्मानित होने वाली इन महिलाओं से संवाद भी करेंगे। ओडीओपी नीति के तहत 'कौशल वाहिनी– स्किल ऑन व्हील्स' को झंडी दिखाकर शिल्पकारों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ करेंगे। उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने बताया कि यह कार्यक्रम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग और राजस्थली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें विश्वकर्मा युवा प्रोत्साहन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर उद्यम प्रोत्साहन, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन, ओडीओपी, निर्यात प्रोत्साहन और एमएसएमई नीतियों और योजनाओं की लाभार्थी महिलाएं अपने अनुभव साझा करेंगी। साथ ही, इन योजनाओं के लाभ के लिए स्वीकृति पत्र और ऋण के डमी चैक भी दिए जाएंगे। राजस्थली की ओर से ओडीओपी उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

ओला ने बताया कि महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन को और भी विशेष बनाने के लिए सारी जिम्मेदारी विभाग की महिला अधिकारियों को ही सौंपी गई है। आयोजन की पूर्व रूपरेखा तैयार करने के साथ ही 8 मार्च को भी पंजीकरण से लेकर स्टेज तक सारा कार्य महिला अधिकारियों द्वारा ही संपादित किया जाएगा। रीको एमडी शिवांगी स्वर्णकार द्वारा स्वागत उद्बोधन और राजस्थान फाउंडेशन की आयुक्त मनीषा अरोड़ा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा।

# राजस्थान में नागरिक उड्डयन सुविधाओं के लिए डबल इंजन सरकार का साझा प्रयास

**जयपुर, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने शनिवार को जयपुर में स्टेट हैंगर पर प्रदेश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र को लेकर बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजस्थान में हवाई सेवाओं के विस्तार, हवाई पट्टियों में बढ़ोतरी और उन्नयन, हवाई अड्डों पर विकास कार्य, फ्लाइट कनेक्टिविटी बढ़ाने, नवीन ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की संभावनाएं तलाशने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान बड़ा भौगोलिक क्षेत्र वाला प्रदेश है। इसलिए धार्मिक, पर्यटन, शिक्षण एवं वाणिज्यिक स्थलों पर सुगम पहुंच के लिए नवीन हवाई पट्टी और घरेलू एयरपोर्ट की संभावनाओं पर काम किया जाना बेहद जरूरी है। इसी प्रकार केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने प्रदेश में हवाई सेवाओं के बेहतर संचालन एवं नियंत्रण के लिए स्वतंत्र निदेशालय के गठन का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र तेजी से प्रगति कर सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बेहतर एयर कनेक्टिविटी और अत्याधुनिक हवाई सुविधाओं के लिए कार्ययोजना के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आरसीएस उड़ान योजना के माध्यम से विभिन्न जिलों के मध्य हवाई सेवाओं के विस्तार और



बढ़ोतरी तथा प्रमुख हवाईअड्डों से भी नवीन उड़ानों की कार्ययोजना पर काम किया जाना चाहिए।शर्मा ने कहा कि सूरतगढ़ में सिविल एन्कलेव की स्थापना की रूपरेखा पर कार्य किया जाना चाहिए। वहीं, लालगढ़ हवाई पट्टी पर विकास कार्यों के लिए निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने डीग–कुम्हेर, सिरोही, सीकर और भिवाड़ी में नवीन ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्रीय विकास होगा एवं आपात स्थिति में वैकल्पिक एयरपोर्ट की सुविधा मिल सकेगी। वहीं, पर्यटन विकास, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा प्रवासी राजस्थानियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने उत्तरलाई एयरपोर्ट पर नवीन सिविल एन्कलेव एवं एप्रोच रोड़ के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अध्यक्ष एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया विपिन कुमार, प्रमुख शासन सचिव नागरिक उड्डयन विभाग नवीन जैन सहित मुख्यमंत्री कार्यालय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टटीरी सॉन्ग पर बुरे फंसे बादशाह, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कड़ी कार्रवाई का दिया आदेश

**पानीपत, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

टटीरी सॉन्ग को लेकर रैपर और सिंगर बादशाह बुरी तरीके से फंस चुके हैं। अब नौबत यह आ गई है कि हरियाणा पुलिस ने बादशाह के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है, ताकि वह देश छोड़कर भाग न जाए। बादशाह को गाने को भी यूट्यूब और बाकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने का निर्देश भी जारी किया गया है। अब इस मामले में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने रैपर बादशाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जैसे ही यह मामला हमारे संज्ञान में आया कि सरकारी स्कूल ड्रेस में और महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों के साथ एक गाना रिलीज किया गया है, सरकार की तरफ से मामले में एफआईआर दर्ज की गई है और गाने में दिखाई गई रोडवेज बस का भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जांच में रोडवेज



के ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ भी सख्त–से–सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभी तक इस मामले की जांच की जा रही है।

इसी बीच, सिंगर बादशाह ने सोशल मीडिया के जरिए टटीरी सॉन्ग विवाद पर माफी भी मांग ली है। उनका कहना है कि लिरिक्स और विजुअल्स की वजह से हरियाणा के लोगों, खासकर मेरे हरियाणा के लोगों को ठेस पहुंची है और उनका इरादा किसी को दुख पहुंचाने का नहीं था। रैपर ने वीडियो के जरिए हरियाणा के लोगों से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा, अगर किसी को ठेस पहुंची है तो दिल से क्षमा चाहते हैं। मुझे हरियाणा का बेटा समझकर, अपना बेटा समझकर आप माफ करेंगे, ऐसी उम्मीद करता हूं।

बता दें कि पहले हरियाणा महिला आयोग ने सिंगर को समन भेजा था, जिसके बाद मामले में हरियाणा में दो जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई। हरियाणा पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, बादशाह के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रैपर को पुलिस के समक्ष तत्काल पेश होने के लिए भी नोटिस जारी किया गया है, ताकि वे देश छोड़कर बाहर न जा सकें। पुलिस ने पहले भी गाने के मेकर्स से वीडियो हटवाने के लिए कहा था।

सिंगर के लेटेस्ट सॉन्ग 'टटीरी' में स्कूल यूनिफॉर्म पहने बच्चियों को स्कूल बैग फेंकते हुए और पढ़ाई से दूर भागते हुए दिखाया गया है और 'बादशाला' जैसे शब्दों का प्रयोग कर स्कूल और शिक्षा के माहौल को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

# झरोठी गांव के पास सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या से मचा हड़कंप

**सोनीपत, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

हरियाणा के सोनीपत जिले में एक सनसनीखेज हत्याकांड ने इलाके में दहशत फैला दी है। झरोठी गांव के नजदीक सड़क के किनारे एक युवक का शव मिला है, जिसकी पहचान ककरोई निवासी विजय (29 वर्ष) के रूप में हुई है। विजय सोनीपत नगर निगम में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करता था। शव पर तेजधार हथियार से किए गए कई गंभीर वार के निशान मिले हैं, जिससे साफ है कि यह हत्या की वारदात है। पुलिस के अनुसार, विजय 4 मार्च को होली के दिन दोपहर से लापता था। परिजनों ने बताया कि शाम को उसके एक दोस्त का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से निकल गया था और फिर वापस नहीं लौटा। कई दिनों तक खोजबीन के बाद 7 मार्च को झरोठी के पास सड़क किनारे उसका शव बरामद हुआ।

# राम रहीम को हत्याकांड में बरी किए जाने पर कांग्रेस सांसद ने उठाए सवाल, भाजपा पर बोला हमला

**चंडीगढ़, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में बरी किए जाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अपराध चाहे जितना बड़ा हो, भाजपा की शरण में जो भी जाता है, वह चमकदार सफेदी के साथ बाहर निकलकर आता है। यह एक बार फिर साबित हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की मशीन से गुजरकर राम रहीम अब साफ–सुथरे हो गए हैं और आरोपों से मुक्त होकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा, मैं न्यायालय का पूरा सम्मान करता हूं और आदर दिखाते हुए कहना चाहता हूं कि यह मुकदमा 'राम रहीम बनाम राज्य सरकार' का था। अदालत वही फैसला करेगी, जो तथ्य उसके सामने रखे जाएंगे। उन्होंने कहा, इस मामले में पार्टी हरियाणा सरकार थी। अंदेशा तभी हो चुका था, जब हरियाणा चुनाव के समय राम रहीम को फरलो दे दी गई थी। इसके बाद राम रहीम का



आशीर्वाद भाजपा के ऊपर हो गया था, फिर पत्रकार की हत्या हो या लड़की का बलात्कार हो, मामले साधारण हो जाते हैं।

बता दें कि पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में राम रहीम सिंह को बरी किया है। इसके साथ ही, मुख्य न्यायाधीश शील नागू और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की पीठ ने शनिवार को सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से 2019 में दी गई आजीवन कारावास की सजा के फैसले को पलट दिया।

सीबीआई कोर्ट ने रामचंद्र छत्रपति मामले में 11 जनवरी 2019 को डेरा प्रमुख को दोषी करार दिया था। फैसला सुनाए जाने के तकरीबन 16 साल पहले यह हत्या घटी थी। 17 जनवरी 2019 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

# दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीजेपी सरकार विदेशी दबाव में फैसले ले रही है: भूपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा बढ़ती महंगाई, विदेशी दबाव और राज्यसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया दी है। हुड्डा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी सरकार में महंगाई लगातार विकराल होती जा रही है। पेट्रोल–डीजल के बाद लगातार गैस सिलेंडर के दामों में हो रही बढ़ोतरी गरीब व मध्यम वर्ग की जेब पर सीधा डाका है। कमरतोड़ महंगाई के चलते आम आदमी का जीन दुश्वार हो गया है। हुड्डा ने जोर देकर कहा कि सरकार को कम से कम रसोई में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुओं जैसे गैस, तेल और अन्य खाद्य सामग्रियों के दामों पर नियंत्रण रखना चाहिए ताकि लोग कम से कम दो जून की रोट तो खा सकें। लेकिन ऐसा करने की बजाए गैस के रेट को बढ़ाना जनता के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। इसके अलावा, हुड्डा ने अंतरराष्ट्रीय तेल आयात जैसे महत्वपूर्ण फैसलों पर अमेरिकी दबाव का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की विदेश नीति पर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि आज की स्थिति ऐसी हो गई है कि तेल लाने जैसे बुनियादी निर्णयों के लिए भी सरकार को दूसरे देशों से सर्टिफिकेट लेना पड़ रहा है और 30 दिनों की मोहलत मांगी जा रही है। यह शर्मनाक है कि एक आजाद देश होने के बावजूद हमें किसी अन्य राष्ट्र से इजाजत लेनी पड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि जो डील हुई है, वह दबाव में हुई है और देश की संप्रभुता पर सवाल खड़े करती है।

राज्यसभा चुनाव को लेकर हुड्डा ने एक बड़ा बयान देते हुए स्पष्ट किया कि चुनाव में कांग्रेस की जीत तय। आंकड़ों के मुताबिक एक सीट बीजेपी के खाते में जाएगी और दूसरी कांग्रेस जीतेगी। लेकिन बीजेपी ने अपने दो उम्मीदवार चुनाव में उतारे है,ऐसे में बीजेपी को तय करना है कि वो अपने 2 उम्मीदवारों में से किसे जितवाना चाहती है। क्योंकि आंकड़ों के मुताबिक उसके खाते में सिर्फ एक ही सीट जाएगी। और दूसरी सीट पर कांग्रेस अपनी सीट सुनिश्चित करेगी।

# रैयतु भरोसा में देरी के खिलाफ बीआरएस का किसानों के साथ हस्ताक्षर अभियान शुरू



**आदिलाबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने राज्य सरकार से रायथु भरोसा लाभ तुरंत जारी करने की मांग को लेकर आदिलाबाद जिले में किसानों का हस्ताक्षर संग्रह अभियान शुरू किया है। इस अभियान की शुरुआत शनिवार को आदिलाबाद ग्रामीण मंडल के अंकोली गांव में पूर्व मंत्री जोगू रामन्ना द्वारा की गई।

**मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से माफी की मांग**

इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए जोगू रामन्ना ने मांग की कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी किसानों के हित वाली मरायथु भरोसाफ योजना का कथित रूप से मजाक उड़ाने के लिए उनसे माफी मांगें। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे तुरंत इस योजना का लाभ और तेलंगाना के किसानों द्वारा उगाई गई फसलों के लिए बोनस जारी करें। रामन्ना ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में इस योजना का उपहास किया, जो किसानों की सहायता के लिए एक अभिनव पहल थी, और उनके बयानों से लाभार्थियों का अपमान हुआ है। उन्होंने सरकार पर संकटग्रस्त किसानों की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया।

**योजना की पृष्ठभूमि और बीआरएस का विरोध**

रामन्ना ने याद दिलाया कि यह योजना 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा कृषि समुदाय की सहायता के लिए शुरू की गई थी। उनके अनुसार, यह पहल उन किसानों की मदद के लिए तैयार की गई थी जो उस समय गंभीर संकट और वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। हालांकि, उन्होंने आर-ोप लगाया कि वर्तमान सरकार किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों की अनदेखी कर रही है और उनकी समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का यह रवैया किसानों को संकट में धकेल रहा है और कुछ को आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर कर रहा है।

**हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य और सरकार पर आरोप**

विरोध प्रदर्शन के हिस्से के रूप में, बीआरएस ने अंकोली गांव के किसानों के हस्ताक्षर एकत्र किए। पार्टी नेताओं ने कहा कि ये हस्ताक्षर मरायथु भरोसाफलाभ जारी करने में देरी के विरोध के रूप में मुख्यमंत्री को भेजे जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वित्तीय सहायता किसानों को उर्वरक, बीज और फसल की खेती के लिए आवश्यक अन्य सामग्री खरीदने में मदद करने के लिए थी। बीआरएस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर किसानों के लिए निर्धारित इस लाभ को जारी करने में देरी कर रही है। नेताओं का यह भी दावा है कि रेवंत रेड्डी केवल चुनाव के दौरान वोटरों का ध्यान भटकाने के लिए इस योजना की बात करते हैं।

# जेडपीएचएस (गर्ल्स) कोरुटला में साइंस ड्रामा सर्टिफिकेट सेरेमनी का आयोजन



**कोरुटला (जगतियाल), 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** लोकल पीएम श्री जेडपीएचएस (गर्ल्स) हाई स्कूल में साइंस ड्रामा करने वाले स्टूडेंट्स के लिए एक सर्टिफिकेट सेरेमनी और मोटिवेशनल मीटिंग हुई। डिस्ट्रिक्ट साइंस ऑफिसर राजशेखर प्रोग्राम के चीफ गेस्ट थे। स्कूल के गजेटेड प्रिंसिपल श्री वडलाकुंडा गंगाधर ने मीटिंग की अध्यक्षता की।

इस मौके पर, डीएसओ राजशेखर ने स्टूडेंट्स को साइंस ड्रामा 'धारित्री माता आवेदन' के ज़रिए पर्यावरण बचाने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए खास तौर पर बधाई दी। स्कूल असिस्टेंट (बायो-साइंस) और मेंटर श्री मोहम्मद अब्दुल रऊफ ने कहा कि द बायो-साइंस फोर्स 0 दुनिया बदलेगी का मकसद स्टूडेंट्स में साइंटिफिक सोच को बढ़ाना है।

जिन स्टूडेंट्स ने साइंस ड्रामा में शानदार टैलेंट दिखाया और डिस्ट्रिक्ट साइंस ऑफिसर के हाथों तारीफ़ के सर्टिफिकेट पाए उनमें- आयशा सिद्दीका, हनिया मुनाज़ा, फातिमा सुल्ताना, अमरा महवेश, अदीबा बेगम, जावेरिया महमूद अली, शिफ़ा फातिमा, आफ़िया सिद्दीका, सिमरा महीन, सुमेरा महीन शामिल हैं।

इस मौके पर पूर्व हेडमास्टर कृष्ण मोहन ने सेवाओं को याद किया।

हेड गर्ल आयशा सिद्दीका ने तेलुगु में बोलकर सबको इम्प्रेस किया, जबकि अदीबा बेगम, मदीहा नाज़ और अफ़शा फिरदौस ने अपनी स्पीच से साइंस की अहमियत समझाई। इस प्रोग्राम में स्कूल की टीचिंग टीम और स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

# माधन हीपरगा गांव में ग्राम सभा का आयोजन



**डोंगली, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** मंडल के मदन हिप्पार्गा गांव में जनशासन के अंतर्गत एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा की अध्यक्षता सरपंच लक्ष्मण बाचावर ने की। यह पहली ग्राम सभा थी, इसलिए सरपंच मुख्य अतिथि थे।मंडल प्रशासन अधिकारी (एमपीडीओ) जगदीश सर और ग्राम पंचायत सचिव पवन सर के मार्गदर्शन में ग्राम विकास, इंदिराम्मा घरों के निर्माण पर जागरूकता सेमिनार, जल निकासी व्यवस्था और गांव की विभिन्न तात्कालिक समस्याओं पर सभी से चर्चा की गई। उचित उपाय एवं सुझाव लिए गए।इस कार्यक्रम में उप सरपंच उमाकांत पाटिल, पूर्व एमपीटीसी सुभाष बाचावर, स्कूल प्रधानाचार्य, आंगनवाड़ी मैडम, एएनएम प्रेमलता और गोपालमित्र डॉ. सैयाजी ने भाग लिया। सरपंच लक्ष्मण बाचावर ने इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों, नेताओं और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# धर्मपुरी: भगवान लक्ष्मी नृसिंह स्वामी की उत्तर दिग्यात्रा भव्यता के साथ सम्पन्न



**धर्मपुरी, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** धर्मपुरी क्षेत्र में आयोजित हो रहे वार्षिक ब्रह्मोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भगवान लक्ष्मी नृसिंह स्वामी की उत्तर दिग्यात्रा अत्यंत वैभव और श्रद्धा के साथ निकाली गई। मंदिर के मुख्य पुरोहित बोझा रमेश शर्मा के नेतृत्व में और वेद ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच, भगवान लक्ष्मी नृसिंह स्वामी (योग और उग्र रूप) की उत्सव मूर्तियों को नगर की गलियों से होते हुए उत्तर दिग्यात्रा के लिए उसीरिका वागु (झरने) के पास ले जाया गया। वहां विशेष रूप से तैयार किए गए मंच पर स्वामी जी की मूर्तियों को विराजमान कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, स्वामी जी के कल्याणोत्सव, तेप्पे (नौका विहार), डोल-ोत्सव और दक्षिण दिग्यात्रा के समापन के पश्चात उत्तर दिशा की ओर की जाने वाली यात्रा को ही मउत्तर दिग्यात्राफ कहा जाता है। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन किए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए धर्मपुरी सीआई रामनरसिम्हा रेड्डी के मार्गदर्शन में एसआई महेश और पुलिस बल ने कड़ा बंदोबस्त किया। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष जक्कू रविंदर, ईओ संकटाल श्रीनिवास और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शुक्रवार को लक्ष्मी नृसिंह स्वामी और उनके अधीनस्थ मंदिरों में भक्तों की भीड़ में काफी वृद्धि देखी गई। विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र गोदावरी नदी में स्नान किया और मंदिर के टिकट काउंटर से पूजा की पर्चियां खरीदकर पूरी श्रद्धा के साथ अनुष्ठान किए। सेवा भाव का परिचय देते हुए, टीटीडी धर्मशाला परिसर में राइस मिल मालिकों, आर्यवैश्य समाज और व्यापारियों ने दानदाताओं के सहयोग से लगभग 2500 भक्तों के लिए भव्य अन्नदान (भोजन सेवा) का आयोजन किया।

मंदिर के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) संकटाल श्रीनिवास ने जानकारी दी कि ब्रह्मोत्सव के सातवें दिन मंदिर को कुल 2,13,634 रुपये की आय प्राप्त हुई। आय के विवरण के अनुसार, विभिन्न पूजा टिकटों की बिक्री से 71,698 रुपये और प्रसादम की बिक्री से 1,04,700 रुपये प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त, भक्तों ने अन्नदान निधि के लिए 37,236 रुपये का दान दिया।

# आप.. आपके अपने.. और एक हेलमेट

## सड़क पर दौड़ती हर बाइक के पीछे होती है एक परिवार की उम्मीद



**निज़ामाबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हेलमेट केवल सिर पर पहनने वाला कोई साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन के लिए एक सुरक्षा कवच है। डॉक्टर और पुलिस अधिकारी लगातार यह चेतावनी दे रहे हैं कि सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ती हर बाइक के पीछे एक परिवार की उम्मीदें यात्रा कर रही होती हैं। महज एक पल की लापरवाही उन सभी उम्मीदों को चकनाचूर कर सकती है।

जिले के अस्पतालों में भर्ती होने वाले सड़क दुर्घटना पीड़ितों में से अधिकांश वे लोग होते हैं जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, अगर सिर पर गंभीर चोट लग जाए, तो डॉक्टर भी लाचार हो जाते हैं। थोड़ी ही दूर तो जाना है जैसी छोटी सोच के कारण हेलमेट न पहनने वाले युवक दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपने परिवारों को गहरे शोक में धकेल रहे हैं। आज मनेशनल सेफ्टी डेफ (राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस) के अवसर पर, हर किसी के लिए हेलमेट के महत्व को याद करना अत्यंत आवश्यक है।

पुलिस द्वारा जारी पिछले एक वर्ष की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में कुल 780 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 276 लोगों की मृत्यु हुई और 715 लोग घायल हुए। इनमें से 265 दुर्घटनाएं बेहद घातक श्रेणी की पाई गईं। जिले के राष्ट्रीय राजमार्गों, बाईपास सड़कों और शहरी सीमावर्ती इलाकों में दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 18 से 35 वर्ष की आयु के युवक सबसे ज्यादा इन हादसों का शिकार हो रहे हैं। बाइक चलाते समय फैशन के चक्कर में हेलमेट न पहनना सिर की गंभीर चोटों और मृत्यु का मुख्य कारण बन रहा है।मोटर वाहन अधिनियम के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन इसके कार्यान्वयन में कई चुनौतियां आ रही हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस भारी जुर्माना वसूल रही है, फिर भी वाहन चालकों में पूरी तरह जागरूकता नहीं आई है। आज का युवा हेलमेट को पुलिस के चालान से बचने का जरिया तो मानता है, लेकिन इसे जीवन रक्षक नहीं समझता। अधिकारियों का कहना है कि जुर्माने का डर कुछ ही समय के लिए होता है, लेकिन प्राणों की हानि स्थायी होती है। समाज में यह भावना पैदा होनी चाहिए कि हमारा जीवन कानून और जुर्माने से कहीं अधिक मूल्यवान है।

एक दुर्घटना पूरे परिवार को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ देती है। उम्मीदों के साथ राह ताकते माता-पिता, पत्नी और बच्चों के सामने जब शव पहुंचता है, तो उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि यदि हेलमेट पहना हो, तो अन्य चोटों के बावजूद जान बचने की संभावना काफी अधिक रहती है। पुलिस का सुझाव है कि जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में चेतना लानी होगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब हेलमेट पहनना एक आदत बन जाएगी, तभी सही मायने में मसेफ्टी डेफ सार्थक होगा।

# आरबीएसके कोरुटला टीम का स्वास्थ्य जागरूकता सत्र



**कोरुटला (जगतियाल), 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** आरबीएसके कोरुटला टीम ने बी टीएमआरजेसी कोरुटला बॉयज़-1 का दौरा किया और छात्रों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस सत्र में टेलीमेडिसिन सेवाओं, आपातकालीन तैयारियों और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए तनाव प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया। आरबीएसके कोरुटला के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधारानी, फार्मासिस्ट डी. भार्गवी और एएनएम एम. निरोशा ने छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच की और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुझाव दिए। इस कार्यक्रम में स्कूल और कॉलेज के प्रिंसिपल जे. रामुलु, स्टाफ नर्स श्री एमडी खाजा असीरुद्दीन तथा श्री शंकर ने भी भाग लिया, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

# महांकाली जातरा के लिए कलेक्टर को निमंत्रण



**आसिफाबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रेबेना मंडल के इंदिरानगर गांव में श्री कनक दुर्गा देवी स्वयंभू श्री महांकाली देवस्थानम मंदिर में आयोजित होने वाली महानकाली जतारा का निमंत्रण कार्ड शुक्रवार को मंदिर के मुख्य पुजारी देवारा विनोद द्वारा जिला कलेक्टर हरिता को सौंपा गया।

इस अवसर पर जतरा महोत्सव का दीवार पोस्टर भी अनावरण किया गया। पुजारी ने कलेक्टर को मंदिर की विशिष्टता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि दो अप्रैल को शिव पार्वती विवाह महोत्सव एवं तीन अप्रैल को जतरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

बताया गया कि मेले के दौरान बोनाल एवं रथोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। पुजारी ने कहा कि महोत्सव के लिए मंचिरयाला और आसिफाबाद जिले के साथ-साथ महाराष्ट्र से भी श्रद्धालु आएंगे।

# जगतियाल में सब्जी मंडी टैक्स समाप्त करने की माँग



**जगतियाल, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** नेशनल हॉकर फेडरेशन के ऑल इंडिया वर्किंग प्रेसिडेंट मीर इनायत अली बखरी ने मांग की है कि जगतियाल जिले के कोरूटला शहर में सब्जी मंडी और सरकारी बाजारों में वसूला जाने वाला टैक्स खत्म किया जाए। उनका कहना है कि यह टैक्स संविधान के खिलाफ वसूला जा रहा है और छोटे व्यापारी अपनी रोजी-रोटी के लिए इससे बोझ बन रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 2024 में कोर्ट में दायर एक याचिका का फैसला आ चुका है और विभिन्न जिलों में इसे समाप्त कर दिया गया है, लेकिन कोरूटला के लोगों को अभी तक मुक्ति नहीं मिल रही है। बखरी ने अधिकारियों की ओर से कोई उत्तर न मिलने पर दुख जताया और इस टेंडर को रद्द करने की मांग के लिए एक नई याचिका दायर की है।

# यादगिरिगुट्टा में बीआरएस पार्टी का धरना



**यादगिरिगुट्टा, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यादगिरिगुट्टा एमआरओ कार्यालय के सामने बीआरएस शहरी पार्टी के तत्वावधान में धरना आयोजित किया गया। यह धरना यादगिरिपल्ली शहर में इंदिरा कॉलोनी, बीसी कॉलोनी, यादगिरिपल्ली जंगला कॉलोनी और यादगिरिपल्ली बीसी कॉलोनी में लगभग 762 घरों को नगरपालिका सीमा में शामिल करने के खिलाफ और गरीब परिवारों को परेशान करने के लिए लागू की गई नीतियों के विरोध में था।

कार्यक्रम में बीआरएस पार्टी के महासचिव पापटला नरहरि ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने पर हाइड्रा के नाम पर गरीबों के घरों को ध्वस्त करने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि उच्च और निम्न दोनों श्रेणियों में रहने वाले गरीबों को कोई सुरक्षा नहीं दी गई है।

उन्होंने मांग की कि वर्तमान प्रतिबंधित सूची में शामिल घरों को दस दिनों के भीतर नियमित किया जाए और कांग्रेस अपनी ईमानदारी साबित करे, अन्यथा वे 762 घरों के पीड़ितों के साथ आलेरू विधायक के घर का घेराव करेंगे।

इस धरने में महासचिव आर श्रीधर, युवा अध्यक्ष मुकरेला सतीश, सतीश भट, सरशी राजेश, मतारा राजू, मटूरी बलय्या, कंसानी स्वामी, चिरंजीवी, सरदार, मोटे बाल नरसिम्हा, मिट्टा वेंकटेश, दसारी बाला गुरुवेया और अन्य उपस्थित थे। घरों के पीड़ितों में दुर्गापति कृषि, मिट्टा बलराम, मच्छा समेया, मिट्टा लक्ष्मी नारायण, नागपुरी श्रीनु और गौत अंजनेयुलु भी शामिल थे।



# गाएल मोनफिल्स ने बीएनपी परिबास ओपन से ली भावुक विदाई, दूसरे दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर

**इंडियन वेल्स, 07 मार्च (एजेंसियां)।** कैलिफोर्निया में खेले जा रहे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट बीएनपी परिबास ओपन में फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी गाएल मोनफिल्स ने भावुक विदाई ली। दूसरे दौर के मुकाबले में उन्हें कनाडा के फेलिक्स आगर-अलियासिम के खिलाफ 6-7(5), 6-3, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

इस हार के साथ ही मोनफिल्स का इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। मैच के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने उन्हें खड़े होकर तालियों के साथ सम्मानित किया।

दर्शकों की तालियों के बीच भावुक हुए मोनफिल्स 39 वर्षीय मोनफिल्स ने पहले ही संकेत दिया है कि यह उनका आखिरी सीजन हो सकता है। मुकाबले के बाद उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से जुड़ी यादें उनके लिए बेहद खास हैं।

उन्होंने कहा, यह मेरे लिए अविश्वसनीय टूर्नामेंट रहा है। मैं थोड़ा भावुक हूं। आमतौर पर मैं उदास नहीं होता, लेकिन आज थोड़ा दुख जरूर महसूस हो रहा है।

मोनफिल्स ने बताया कि बचपन से उनका सपना बड़े टूर्नामेंटों में बड़ी भीड़ के सामने खेलने का था और इंडियन वेल्स ने उनकी सभी उम्मीदों को पूरा किया।

### शानदार करियर और 13 एटीपी खिताब

अपने शानदार एथलेटिक अंदाज और मनोरंजक खेल शैली के लिए मशहूर मोनफिल्स ने अपने करियर में कुल 13 एटीपी टूर खिताब जीते। उनका सबसे हालिया खिताब पिछले साल आकलैंड में आया था, जो 2005 में पोलैंड में जीते गए उनके पहले खिताब के लगभग 20 साल बाद था।

मोनफिल्स ने कहा कि इस साल उन्हें टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड मिलने के लिए वह आयोजकों के आभारी हैं और इंडियन वेल्स हमेशा उनके लिए खुशियों से भरी जगह रहा है।

### बिग थ्री के दौर में खेलना पड़ा

मोनफिल्स का करियर ऐसे दौर में रहा जब पुरुष टेनिस पर तीन महान खिलाड़ियों— रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच —का लगभग दो दशकों तक दबदबा रहा।

फिर भी उन्होंने दो ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेले—2008 में फ्रेंच ओपन और 2016 में यूएस ओपन।

मोनफिल्स ने कहा कि वह अपने करियर से पूरी तरह संतुष्ट हैं और टेनिस से विदा लेते समय उन्हें किसी बात का पछतावा नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### आल इंग्लैंड ओपन 2026: लक्ष्य सेन ने ली शी फेंग को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में चीन के ली शी फेंग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। 24 वर्षीय लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और ली शी फेंग को सीधे गेमों में 21-13, 21-16 से हराया। यह मैच 45 मिनट तक चला, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक और सटीक खेल का प्रदर्शन किया। पहले गेम में लक्ष्य सेन पूरी तरह हावी रहे। उन्होंने शुरुआत में बढ़त बना ली और लगातार छह अंक हासिल करते हुए आसानी से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम अपेक्षाकृत कड़ा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कई बार बढ़त बदलती रही। हालांकि, निर्णायक क्षणों में लक्ष्य सेन ने लगातार अंक जुटाकर बढ़त को मजबूत किया और अंततः मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना कनाडा के विक्टर लाई और जापान के कोटा वतनाबे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मैच के विजेता से होगा।


### बुमराह को लेकर डु प्लेसिस ने कहा भाग्यशाली है भारतीय टीम



**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा की है। डु प्लेसिस के अनुसार बुमराह जैसी प्रतिभा का होना किसी भी टीम के लिए बेहद फायदेमंद होता है। डु प्लेसिस के अनुसार कठिन हालातों में मैच का रुख पलटने की बुमराह की खूबी उन्हें विश्व का सबसे घातक गेंदबाज बनाती है। बुमराह ने टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में डेथ ओवरों में एक भी बाउंड्री नहीं देते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका रही। एक शो में फाफ डु प्लेसिस ने बुमराह की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय टीम को शायद ये स्वयं भी पता नहीं है कि वह कितनी भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है। डु प्लेसिस के अनुसार किसी भी प्रारुप में जब कप्तान को विकेट की जरूरत होती है तो बुमराह को गेंदबाजी मिलती है। वह टीम को ऐसे अवसरों पर विकेट दिलाते हैं। उन्होंने हंसते हुए कहा कि बुमराह टीम के लिए किसी जिन्न की तरह हैं जैसे ही कप्तान उन्हें गेंद देता है, वह मैच का रुख बदल देते हैं। डु प्लेसिस के अनुसार बुमराह अपने अजीत गेंदबाजी एक्शन और विविधताओं के कारण मिस्ट्री बने हुए हैं।

### मैकुलम के बचाव में उतरे ब्रूक

**मुंबई।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान हैरी ब्रुक ने टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का समर्थन करते हुए




कहा है कि टीम विश्वकप से बाहर होने बाद भी उन्हें पद पर बनाये रखना चाहेगी। ब्रुक ने कहा कि सभी खिलाड़ी कोच के मार्गदर्शन से प्रेरित हैं और चाहेंगे कि वह टीम के साथ बने रहें। वहीं सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के हाथों मिली हार के बाद आलोचकों ने कोच पर सवाल उठाये हैं और उनकी आक्रामक रणनिति की समीक्षा की बात कही है। हार के बाद सबसे ज्यादा आलोचना मैकुलम की ही हुई है। यहां तक कि उनके भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं ब्रूक उनके बचाव में उतरें है। ब्रूक चाहते हैं कि मैकुलम अपने पद पर बने रहें। ब्रूक ने कहा कि अगर ईसीबी ब्रेंडन मैकुलम को हेड कोच बनाए रखने के बारे में उनकी राय पूछेगी तो वह उनके पक्ष में रहेंगे। ब्रूक ने कहा, जिस तरह से वह सबसे बात करते हैं, जिस तरह से ड्रेसिंग रूम में उनका अपना एक आभामंडल है, हर कोई उनसे प्रेरणा लेता है। पिछले चार सालों में उन्होंने जो कुछ किया है, उसने इंग्लिश क्रिकेट काफी लाभ भी हुआ है। ब्रुक का समर्थन मिलने से कोच के रूप में मैकुलम के भविष्य को एक मजबूत सहारा जरुर मिला है। अब देखना होगा कि इंग्लैंड बोर्ड (ईसीबी) मैकुलम पर क्या फैसला लेती है। गौरतलब है कि टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का प्रदर्शन सामान्य शुरुआत के बाद अच्छा रहा। पहले मैच में नेपाल के खिलाफ करीबी जीत के बाद टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड बिना कोई मैच हारे सुपर-8 में जगह बनाई।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल : अहमदाबाद की पिच पर बल्लेबाजों का दबदबा, 200 रन के पार जा सकता है स्कोर

**नई दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबला 8 मार्च को टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना हैं। जहां डिफेंडिंग चैंपियन भारत के सामने कीवी टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी। एक रिपोर्ट्स के अनुसार इस मैच के लिए तैयार की गई पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जा रही है और यहां लगभग 200 रन या उससे अधिक का स्कोर प्रतिस्पर्धी माना जा सकता है।**



मिली जानकारी के मुताबिक फाइनल मुकाबला सेंटर विकेट पर खेला जाएगा। इसी पिच का उपयोग पहले एक मैच में किया गया था, जिसमें साउथ अफ्रीका ने कनाडा टीम के खिलाफ 213/4 का बड़ा स्कोर बनाया था और 57 रन से जीत दर्ज की थी। इससे संकेत मिलते हैं कि पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रह सकती है और यहां हाई-स्कोरिंग मुकाबला देखने को मिल सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार इस विकेट पर स्पिन गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलने की संभावना कम है, जबकि तेज गेंदबाजों को अच्छी गति और उछाल मिल सकती है। पिच का व्यवहार कुछ हद तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच जैसा रहने की उम्मीद जताई जा रही है। इसी मैदान पर भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

बताया जा रहा है कि फाइनल के लिए तैयार की गई पिच पूरी तरह ताजा होगी और इसे लाल तथा काली मिट्टी के मिश्रण से तैयार किया गया है। यह पिच 2023 के आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में इस्तेमाल की गई पिच से काफी अलग होगी। उस समय इस्तेमाल की गई पिच पूरी तरह काली मिट्टी की थी और पहले से उपयोग में लाई जा चुकी थी, जिसके कारण वह धीमी और कम उछाल वाली हो गई थी।

2023 के फाइनल में भारतीय टीम 240 रन पर आलआउट हो गई थी, जो बाद में कम स्कोर साबित हुआ। आस्ट्रेलियाई टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया था। उस समय पिच चयन को लेकर काफी विवाद भी हुआ था। आमतौर पर आईसीसी टूर्नामेंट में पिच की तैयारी आईसीसी के क्यूरेटर की निगरानी में होती है, लेकिन उस फाइनल के दौरान खबरें आई थीं कि बीसीसीआई और भारतीय टीम ने पिच चयन में अपनी राय दी थी। बाद में उस फैसले की काफी आलोचना हुई थी। इस बार यह स्पष्ट नहीं है कि पिच तैयार करने में भारतीय टीम या बीसीसीआई की कितनी भूमिका रही है, लेकिन अगर पिच सपाट और बल्लेबाजी के अनुकूल रहती है तो इसका फायदा भारत के आक्रामक बल्लेबाजों को मिल सकता है। खासकर सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी ऐसे विकेट पर तेजी से रन बना सकते हैं।

आमतौर पर कठिन और धीमी पिचें कमजोर टीमों को मुकाबले में बने रहने का मौका देती हैं, क्योंकि बड़े स्कोर बनाना मुश्किल हो जाता है। वहीं सपाट पिच पर मजबूत और अनुभवी बल्लेबाजी लाइनअप वाली टीमों को बढ़त मिलती है। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था, लेकिन मुकाबला काफी करीबी रहा और टीम सिर्फ 7 रन से जीत पाई। उस मैच में जसप्रीम बुमराह को छोड़कर बाकी गेंदबाजों ने काफी रन खर्च किए थे। ऐसे में अगर फाइनल मुकाबला भी बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर खेला जाता है तो भारतीय गेंदबाजों के लिए असली परीक्षा होगी। टीम को बुमराह के साथ वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पाण्डया से न्यूजीलैंड के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ अहम विकेट लेने की उम्मीद रहेगी।


# हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे क्रिस्टियानो रोनाल्डो, पुर्तगाल के मैत्री मैचों में खेलना संदिग्ध



**नई दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।** सऊदी क्लब अल-नासर एफसी के स्टार फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग चोट उम्मीद से ज्यादा गंभीर बताई जा रही है। टीम के मुख्य कोच जार्ज जीसस ने बताया कि इस चोट के चलते 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के आगामी मैत्री मुकाबलों में खेलना फिलहाल अनिश्चित हो गया है। रोनाल्डो को यह चोट पिछले सप्ताहांत सऊदी प्रो लीग के एक मुकाबले के दौरान लगी थी। इस मैच में अल-नासर ने अल-फय्हा एफसी को 3-1 से हराया था, लेकिन मुकाबले के दौरान रोनाल्डो असहज नजर आए और लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए। उस समय टीम प्रबंधन को उम्मीद थी कि यह मामूली मांसपेशियों का खिंचाव होगा और वह जल्द वापसी कर सकेंगे। हालांकि बाद में कराई गई मेडिकल जांच में चोट पहले के अनुमान से अधिक गंभीर निकली। कोच जार्ज जीसस ने मीडिया से बातचीत में बताया कि शुरुआती आकलन में इसे हल्का मांसपेशीय खिंचाव माना गया था, लेकिन विस्तृत जांच से स्पष्ट हुआ कि स्थिति अपेक्षा से ज्यादा गंभीर है। उन्होंने कहा कि पिछले मैच के दौरान रोनाल्डो को मांसपेशियों में दर्द के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था और अब चिकित्सकीय रिपोर्ट से पता चला है कि उन्हें ठीक होने के लिए पर्याप्त आराम और इलाज की आवश्यकता होगी।

कोच के अनुसार रोनाल्डो जल्द ही उपचार के लिए स्पेन जाएंगे, जहां उनके निजी फिजियोथेरेपिस्ट उनकी रिकवरी पर काम करेंगे। क्लब प्रबंधन को उम्मीद है कि सही इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद वह जल्द फिट होकर मैदान पर वापसी करेंगे, लेकिन फिलहाल उनकी वापसी की सटीक समयसीमा तय नहीं की गई है। इस चोट का असर पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम पर भी पड़ सकता है। विश्व कप की तैयारियों के तहत पुर्तगाल राष्ट्रीय फुटबाल टीम को इस महीने दो अहम मैत्री मुकाबले खेलने हैं। टीम 28 मार्च को मैक्सिको सिटी में मेक्सिको राष्ट्रीय फुटबाल टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी, जबकि 1 अप्रैल को अटलांटा में संयुक्त राज्य अमेरिका की पुरुष राष्ट्रीय फुटबाल टीम से भिड़ेगी।

## बीएनपी परिबास ओपन




इंडियन वेल्स, कैलिफ़ोर्निया के इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में विक्टोरिया म्बोको ने बीएनपी परिबास ओपन में राउंड 2 जीत के दौरान शाट मारा।

# रवि शास्त्री बोले - फायनल में बदलाव करने की जरूरत नहीं

**अभिषेक शर्मा को मानसिक रूप से मजबूत करें, संजू सैमसन की बल्लेबाजी मजबूत**

**मुंबई, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शस्त्री का मानना है कि टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा का मनोबल बढ़ाना चाहिए और उन्हें अपनी क्षमता पर विश्वास रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उनके अनुसार खिलाड़ी को यह भरोसा दिलाना जरूरी है कि टीम उसके साथ खड़ी है और उसे अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। शास्त्री ने उम्मीद जताई कि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाला फाइनल मुकाबला अभिषेक शर्मा के लिए टूर्नामेंट का सबसे बेहतरीन मैच साबित हो सकता है।**



उन्होंने कहा कि जब टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही हो तो उसमें बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शस्त्री का मानना है कि संजु सैमसन बल्लेबाजी के दौरान अब पहले से अधिक मानसिक रूप से मजबूत हो गए हैं और यही बदलाव उनके हालिया प्रदर्शन में साफ दिखाई दे रहा है। शास्त्री के अनुसार टी20 विश्व कप में सैमसन के बेहतर नतीजों के पीछे उनकी बढ़ी हुई एकाग्रता और बेहतर शाट चयन बड़ी वजह है। शास्त्री ने कहा कि सैमसन के पास हर तरह के शाट खेलने की क्षमता है, लेकिन पहले अक्सर उनकी एकाग्रता में कमी देखने को मिलती थी। उनका मानना है कि अब सैमसन को इस बात का एहसास हो गया है कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी के दौरान ज्यादा फोकस और समझदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि सैमसन को अपनी ताकत पर भरोसा रखते हुए उसी के अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिए।

पूर्व कोच के मुताबिक सैमसन की प्रतिभा पर कभी किसी को संदेह नहीं रहा, लेकिन अब वह मानसिक रूप से भी काफी मजबूत नजर आ रहे हैं। शास्त्री ने कहा कि जब कोई बल्लेबाज क्लास, टच और पावर के साथ शाट लगाता है तो उसकी बल्लेबाजी देखने में बेहद शानदार लगती है और सैमसन में यह सभी खूबियां मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सैमसन अभी केवल 31 वर्ष के हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है। शास्त्री के अनुसार भारतीय टीम में उनकी भूमिका अब स्पष्ट हो चुकी है और वह टीम के लिए एक असली मैच-विनर साबित हो सकते हैं। हालांकि सैमसन का शानदार फार्म टीम के लिए सकारात्मक संकेत है, लेकिन दूसरे ओपनर अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन कुछ चिंता जरूर पैदा करता है। टी20 वर्ल्ड कप में अब तक सात पारियों में अभिषेक केवल 89 रन ही बना पाए हैं। इसके बावजूद शास्त्री का मानना है कि फाइनल मुकाबले से पहले टीम संयोजन में बदलाव करना सही फैसला नहीं होगा।

# अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग को खेल एवं युवा कल्याण विभाग में सहायक संचालक के पद की जिम्मेदारी

**रायपुर, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

**छत्तीसगढ़ सरकार ने अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग को खेल एवं युवा कल्याण विभाग में प्रतिनियुक्ति देते हुए सहायक संचालक के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रुस्तम सारंग ने 13 अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीते , जिसमें 4 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। सारंग ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन और उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया।**



रुस्तम सारंग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। खेल के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और उपलब्धियों को देखते हुए राज्य शासन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ महीनों से अन्य दायित्वों के चलते वे खेल प्रशिक्षण और गतिविधियों से दूर थे, जिससे कई छोटे खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब नई जिम्मेदारी के साथ वे फिर से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे ।उन्हें यह दायित्व फरवरी के अंतिम सप्ताह में सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर रुस्तम सारंग ने वर्ष 2005 में जूनियर एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई और छत्तीसगढ़ के पहले अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी बने। इसके बाद 2006 सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य और 2007 गुवाहाटी नेशनल गेम्स में रजत पदक हासिल किया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने 2009 मलेशिया, 2011 दक्षिण अफ्रीका और 2012 समोआ में कामनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। वहीं पेरिस (2011) और कजाखस्तान (2014) वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भी उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने कई जूनियर और सीनियर नेशनल चैंपियनशिप तथा 2015 केरल नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

खेलों में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार के शहीद कौशल यादव खेल पुरस्कार, शहीद राजीव पांडेय खेल पुरस्कार और गुंडाधुर सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

रुस्तम सारंग छत्तीसगढ़ पुलिस में डीएसपी के पद पर पदस्थ रहे और एसएआई(साई)पटियाला से स्पोर्ट्स कोचिंग में डिप्लोमा प्राप्त कर कई युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया। हाल ही में उन्होंने खेल से संन्यास की घोषणा की थी।

शुभ लाभ




# एनलान हैल्थकेयर ने स्टाक स्प्लिट और बोनस शेयर का किया ऐलान

**10 रुपये फेस वैल्यू वाला एक शेयर 5 हिस्सों में बंटेगा**

**नई दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

फार्मा सेक्टर की कंपनी एनलान हैल्थकेयर ने निवेशकों के लिए बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने स्टाक स्प्लिट के साथ-साथ बोनस शेयर देने का भी ऐलान किया है। कंपनी ने इसकी जानकारी शेयर बाजारों को दे दी है। इस खबर के बाद सोमवार को कंपनी के शेयरों पर निवेशकों की खास नजर रहने की संभावना है। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 4.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 116.70 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था।

कंपनी की ओर से एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार 10 रुपये फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 5 हिस्सों में विभाजित किया जाएगा। इस स्टाक स्प्लिट के बाद कंपनी के प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 2 रुपये रह जाएगी। स्टाक स्प्लिट का उद्देश्य शेयर को अधिक किफायती बनाना और बाजार में उसकी लिक्विडिटी बढ़ाना माना जाता है। स्टाक स्प्लिट के साथ ही कंपनी ने बोनस शेयर देने की भी घोषणा की है। कंपनी के अनुसार 2 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रत्येक एक शेयर पर एक अतिरिक्त शेयर बोनस के रूप में दिया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने अभी तक स्टाक स्प्लिट और बोनस शेयर के लिए रिकार्ड डेट की घोषणा नहीं की है। अगर शेयर के प्रदर्शन की बात करें तो इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में करीब 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसी अवधि में बीएसई सेंसेक्स भी लगभग 7.36 प्रतिशत नीचे आया है। हालांकि पिछले छह महीनों में कंपनी के शेयर को होल्ड करने वाले निवेशकों को करीब 26 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। कंपनी का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 172 रुपये और निचला स्तर 86.98 रुपये है। कंपनी का मौजूदा मार्केट कैप लगभग 620 करोड़ रुपये है। सितंबर तिमाही के शेयरहोल्डिंग आंकड़ों के अनुसार कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 52.68 प्रतिशत है, जबकि 47.32 प्रतिशत हिस्सेदारी पब्लिक के पास है। कंपनी का कारोबार अमेरिका, मैक्सिको, सऊदी अरब, यूएई, श्रीलंका और रूस सहित कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में फैला हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ


### भारत में पेट्रोल-डीजल के पर्याप्त भंडार : इंडियन आयल, कंपनी ने जनता से अपील की, पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं



**नई दिल्ली।** हाल ही में ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच देश में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें फैल गईं। सोशल मीडिया पर खबरें वायरल होने लगीं और लोग पेट्रोल पंपों की ओर बढ़ने लगे। ऐसे माहौल में इंडियन आयल कार्पोरेशन (आईओसी) ने स्पष्ट किया कि ये खबरें पूरी तरह निराधार हैं। इंडियन आयल ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और आपूर्ति नेटवर्क सामान्य रूप से कार्य कर रहा है। कंपनी ने जनता से अपील की कि पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और केवल आधिकारिक स्रोतों से जानकारी प्राप्त करें। इसी क्रम में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड ने भी कहा कि कुछ क्षेत्रों में फैल रही ईंधन कमी की खबरें भ्रामक हैं। पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की सामान्य आपूर्ति बनी हुई है। सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 मार्च को जारी आदेश में कहा कि रिफाइनरियों द्वारा उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी उत्पादन में किया जाए।

### फरवरी में कुल 13,669 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

**नई दिल्ली।** फरवरी 2026 की बिक्री रिपोर्ट के अनुसार, बीते महीने देश में कुल 13,669 इलेक्ट्रिक



कारें बिकीं, जो जनवरी 2025 की 9,479 यूनिट्स की तुलना में 44 प्रतिशत सालाना वृद्धि को दर्शाती हैं। बिक्री में शीर्ष पर रही टाटा मोटर्स, जिसने 5,558 यूनिट बेचकर अपनी मजबूत पकड़ कायम रखी। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की उसी अवधि में हुई 4,002 यूनिट बिक्री से 39 प्रतिशत अधिक है। पंच ईवी और नेक्सान ईवी जैसे माडल कंपनी की सफलता का प्रमुख कारण बने रहे। दूसरे स्थान पर एमजी मोटर्स इंडिया रही, जिसकी 3,310 यूनिट बिकीं। हालांकि यह पिछले वर्ष की तुलना में 5प्रतिशत की हल्की गिरावट है, लेकिन एमजी की कामेट और अन्य ईवी माडल अभी भी ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हैं। सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन महिंद्रा इलेक्ट्रिक ने किया, जिसने 2,913 यूनिट बेचकर पिछले वर्ष की 508 यूनिट्स की तुलना में 473प्रतिशत की रिकार्डतोड़ उछाल दर्ज की। नए ईवी माडलों ने कंपनी को तेजी से आगे बढ़ाया है। चौथे स्थान पर उभरती वियतनामी कंपनी विनफास्ट ने 384 यूनिट्स के साथ जगह बनाई, जबकि पांचवें नंबर पर बीवायडी इंडिया रही, जिसने 306 यूनिट्स बेचकर 10प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इसके अलावा, ह्युंडई ने 304, किआ ने 295, बीएमडब्ल्यू ने 245 और मारुति ने 214 इलेक्ट्रिक कारें बेचीं।

### विदेशी मुद्रा भंडार रिकार्ड स्तर पर, भारत की आर्थिक मजबूती का संकेत

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर सामने आई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार देश का



विदेशी मुद्रा भंडार अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.88 अरब डालर बढ़कर 728.49 अरब डालर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह यह 2.11 अरब डालर घटकर 723.60 अरब डालर रहा था। इससे पहले 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डालर के स्तर पर पहुंचा था। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा फारेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) होता है। रिपोर्टिंग सप्ताह में यह 56.1 करोड़ डालर बढ़कर 573.12 अरब डालर हो गया। डालर में दर्शाए जाने वाले इन एसेट्स में यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य विदेशी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। इस सप्ताह भारत के गोल्ड रिजर्व में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोने का भंडार 4.14 अरब डालर बढ़कर 131.63 अरब डालर हो गया। वहीं इंटरनेशनल मोंटरी फंड में भारत के स्पेशल ड्राइंग राइट (एसडीआर) 2.6 करोड़ डालर बढ़कर 18.87 अरब डालर हो गए। आईएमएफ में देश की रिजर्व पोजीशन भी 15.8 करोड़ डालर बढ़कर 4.87 अरब डालर पर पहुंच गई। विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है। पर्याप्त फारेक्स रिजर्व होने से देश आसानी से आयात का भुगतान कर सकता है और वैश्विक आर्थिक संकट के समय यह सुरक्षा कवच की तरह काम करता है।

# डिजिटल फ्राड पर मिलेगी राहत, 25,000 तक मुआवजे का प्रस्ताव

**नया ड्राफ्ट नियम 1 जुलाई 2026 से लागू करने की योजना, 5 दिन में शिकायत जरूरी**

**नई दिल्ली, 07 मार्च (एजेंसियां)।**




डिजिटल भुगतान के बढ़ते इस्तेमाल के बीच ग्राहकों को बैंकिंग फ्राड से राहत देने के लिए रिजर्व आफ इंडिया (आरबीआई) नए नियम लाने की तैयारी कर रहा है। प्रस्तावित ड्राफ्ट के अनुसार छोटे डिजिटल फ्राड के मामलों में पीड़ित ग्राहकों को मुआवजा देने की व्यवस्था की जाएगी। योजना है कि यह नियम 1 जुलाई 2026 से लागू किया जाए। आरबीआई के प्रस्ताव के मुताबिक यदि किसी ग्राहक को डिजिटल बैंकिंग के जरिए 50,000 रुपये तक का नुकसान होता है, तो उसे 85 प्रतिशत तक राशि या अधिकतम 25,000 रुपये (जो कम हो) तक मुआवजा मिल सकता है। हालांकि यह सुविधा ग्राहक को जीवन में केवल एक बार दी जाएगी। प्रस्तावित नियम इलेक्ट्रानिक बैंकिंग के कई माध्यमों पर लागू होंगे। इनमें यूपीआई पेमेंट, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान तथा एटीएम ट्रांजैक्शन शामिल हैं। यह नियम मुख्य रूप से कमर्शियल बैंकों पर लागू होंगे। ड्राफ्ट के अनुसार, जब ग्राहक खुद ओटीपी, पिन या पासवर्ड डालकर भुगतान करता है, तो उसे आथराइज्ड ट्रांजैक्शन माना जाएगा।

वहीं यदि किसी स्कैमर ने धोखे से ओटीपी या बैंक डिटेल हासिल कर ली हो, या ग्राहक को खुद को बैंक या संस्था बताकर पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया हो, तो ऐसे मामलों को फ्राड ट्रांजैक्शन माना जा सकता है। आरबीआई ने बैंक और ग्राहक दोनों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने का प्रस्ताव रखा है। बैंक की लापरवाही में असुरक्षित सिस्टम, ट्रांजैक्शन अलर्ट न भेजना या फ्राड रिपोर्टिंग की सुविधा न देना शामिल है। वहीं ग्राहक की लापरवाही में ओटीपी साझा करना, बैंक की चेतावनी को नजरअंदाज करना या संदिग्ध ऐप डाउनलोड करना शामिल है। मुआवजा पाने के लिए ग्राहक को 5 दिनों के भीतर बैंक और साइबर क्राइम पोर्टल या हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करनी होगी।

### चुनावी फ्रीबीज से रुका देश का विकास, एसबीआई ने खर्च सीमा तय करने की दी सलाह



**नई दिल्ली।** चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए राज्यों द्वारा दी जाने वाली मुफ्त उपहार (फ्रीबीज) और बैंक खातों में नकद राशि जैसी योजनाओं को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। हाल ही में स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसी योजनाओं से राज्यों के सरकारी खजाने पर भारी दबाव पड़ता है और कई बार जरूरी कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित हो जाती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विभिन्न राज्यों में चुनावी वादों के तहत लागू की जाने वाली फ्रीबीज योजनाओं का खर्च राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का लगभग 0.1 प्रतिशत से 2.7 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। यह राशि राज्यों की कुल राजस्व वसूली का करीब 5 से 10 प्रतिशत तक होती है। एसबीआई ने सुझाव दिया है कि मुफ्त उपहार और नकद वितरण जैसी योजनाओं पर खर्च की एक सीमा तय की जानी चाहिए, जिसे कुल राजस्व का लगभग 1 प्रतिशत तक सीमित रखा जाए। इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता व्यक्त की है। शीर्ष अदालत ने चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार देने की प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए कहा कि सरकारों को लोगों को मुफ्त चीजें देने के बजाय रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि सरकारों को सक्षम और हाशिए पर रहने वाले लोगों के बीच अंतर करना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को ही राहत मिल सके। एसबीआई की रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि जिन राज्यों में महिला-केंद्रित योजनाएं शुरू की गई हैं, वहां महिला मतदाताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 19 ऐसे राज्यों में 2024 में औसतन 7.8 लाख महिला मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि जिन राज्यों में ऐसी योजनाएं नहीं थीं, वहां यह वृद्धि केवल 2.5 लाख रही।

# कश्मीर में सूखे का खतरा स्कास्ट-कश्मीर ने किसानों को जारी की अर्जेंट एडवाइजरी



**श्रीनगर, 07 मार्च (एजेंसियां)।**

**किसानों से कहा गया, वे तुरंत मिट्टी की नमी बचाने और फसल सुरक्षा के उपाय अपनाएं**

शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चरल साइंसेस एंड टेक्नोलाजी आफ कश्मीर (स्कास्ट-कश्मीर) के विशेषज्ञों ने कश्मीर घाटी में लगातार बढ़ते तापमान और बारिश की कमी को देखते हुए किसानों के लिए शुक्रवार को एक अर्जेंट एडवाइजरी जारी की। किसानों से कहा गया है कि वे तुरंत मिट्टी की नमी बचाने और फसल सुरक्षा के उपाय अपनाएं। फलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण सलाह यह है कि पेड़ों के बेसिन में 4-6 इंच आर्गेनिक मल्च जैसे धान का भूसा या घास की कतरन डाली जाए। स्कास्ट विशेषज्ञों ने पालीथीन जैसी इनआर्गेनिक मल्च के इस्तेमाल से बचने की चेतावनी दी है, क्योंकि यह मिट्टी का तापमान बढ़ा सकता है और जड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। सिंचाई की कमी वाले खेतों में जब तक मिट्टी में पर्याप्त नमी न हो, फर्टिलाइजर का इस्तेमाल न करें। गेहूं, सरसों और मटर की फसलों में इंटरकल्चरल आपरेशन से खरपतवार हटाना प्राथमिकता हो। यूरिया का इस्तेमाल 2.5 किलोग्राम प्रति कनाल तक सीमित होना चाहिए और केवल तभी जब मिट्टी में नमी पर्याप्त हो। ट्यूलिप की खेती में सुबह जल्दी या देर शाम हल्की और बार-बार सिंचाई करने की सलाह दी गई है। टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च और पत्तागोभी के नर्सरी बैड को शैड नेट या पुआल से ढककर गर्मी के तनाव को कम किया जा सकता है। मछली पालन में एरेशन सिस्टम से घुले आक्सीजन को 6 एम.जी./लीटर से ऊपर बनाए रखना अनिवार्य है। पानी की गहराई 1.5-2 मीटर रखी जाए और कम आक्सीजन वाले क्षेत्रों में फीडिंग रेट 1-1.5 फीसदी वजन तक कम करें। इस मौसम में मछलियों की सेहत के लिए विटामिन-सी और प्रोबायोटिक्स के साथ हाई-प्रोटीन फ्लोटिंग पेलेट्स का प्रयोग जरूरी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### बीच मझधार...

कुछ कारोबारी ओमान या सऊदी अरब के रास्ते जमीनी मार्ग से सोना भेजने के विकल्प पर विचार कर रहे हैं, लेकिन सीमा पार सुरक्षा जोखिमों के कारण यह प्रक्रिया भी आसान नहीं है। अनिश्चित डिलीवरी और बढ़ती लागत के चलते कई अंतरराष्ट्रीय खरीदारों ने नए ऑर्डर फिलहाल रोक दिए हैं।

भारत पर भी पड़ सकता है असर

भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना उपभोक्ताओं में शामिल है और इसकी बड़ी सप्लाई दुबई से आती है। ऐसे में लॉजिस्टिक्स संकट का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ सकता है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ शिपमेंट रुकने के कारण फिलहाल फिजिकल गोल्ड की उपलब्धता में हल्की कमी देखी जा रही है। हालांकि भारत में पहले से आयात किए गए स्टॉक के कारण अभी बाजार में घबराहट की स्थिति नहीं है।

बाजार विश्लेषकों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय तनाव जल्दी कम हो जाता है तो सप्लाई चेन फिर से सामान्य हो सकती है। लेकिन अगर यह संकट लंबे समय तक जारी रहता है, तो भारत समेत कई देशों में सोने की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है और घरेलू कीमतों में तेज उछाल देखने को मिल सकता है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 5,000 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार करता दिखाई दे रहा है, जिससे निवेशकों में भी अनिश्चितता बनी हुई है।

### राष्ट्रपति का...

वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है।राष्ट्रपति मुर्मू ने भी कहा, शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया।बताया गया कि राष्ट्रपति मुर्मू को आदिवासी समुदाय के वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य व्यवस्था संबंधी कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया।शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो वहां केवल कुछ ही लोग मौजूद थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

प्रोटोकॉल के अनुसार राष्ट्रपति के स्वागत के लिए आमतौर पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है। हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इन दिनों पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से कथित तौर पर मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के विरोध में कोलकाता में लगातार दूसरे दिन धरने पर बैठी हुई हैं।

### कार्यक्रम की ...

उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्रपति राज्य में आती हैं या जाती हैं तो इसकी सूचना मिलती है, लेकिन संबंधित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी और न ही राज्य सरकार उस कार्यक्रम का हिस्सा थी।

उन्होंने कहा, अगर आप साल में एक बार आते हैं तो मैं आपका स्वागत कर सकती हूं, लेकिन अगर आप चुनाव के दौरान आते हैं तो मेरे लिए आपके कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं होगा, क्योंकि मैं लोगों के अधिकारों के लिए व्यस्त रहूंगी। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को उनके कार्यक्रम में राज्य के प्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी के बारे में दी गई जानकारी गलत थी।

**राष्ट्रपति पर भाजपा एजेंडा चलाने का आरोप**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें यह कहते हुए शर्म आ रही है कि राष्ट्रपति को भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भेजा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति भाजपा की नीतियों के जाल में फंस गई हैं।

ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता राजनीति है, जबकि उनकी प्राथमिकता जनता है। उन्होंने राष्ट्रपति से सवाल करते हुए कहा कि जब मणिपुर में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे थे तब राष्ट्रपति क्यों चुप थीं। साथ ही उन्होंने राजस्थान और महाराष्ट्र में आदिवासियों के साथ कथित अत्याचार के मामलों में भी सवाल उठाए।

**चुनाव से पहले राजनीति न करने की नसीहत**

ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति से कहा कि चुनाव से पहले उनके साथ राजनीति न की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसी कार्यक्रम को रोकने की कोशिश नहीं की थी और न ही उस आयोजन से उनका कोई संबंध था।मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार की प्राथमिकता राज्य के लोगों की भलाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति को प्राथमिकता देती है, जबकि उनकी सरकार जनता के हितों को सबसे ऊपर रखती है।प्रोटोकॉल को लेकर राष्ट्रपति ने जताई थी नाराजगी

गौरतलब है कि 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पश्चिम बंगाल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छोटे कार्यक्रम स्थल को लेकर नाराजगी जताई थी। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी दुख व्यक्त किया था कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उनके स्वागत के लिए मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री मौजूद नहीं था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा था कि उन्हें इससे व्यक्तिगत रूप से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन देश के राष्ट्रपति के लिए तय किए गए प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए।

### ईरान ने...

भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं।

आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे।इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।

### बिना ड्राइविंग...

जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जान-माल की हानि और संपत्ति को नुकसान होता है। पुलिस ने आगे आगाह किया कि यदि सड़क दुर्घटना में शामिल कोई व्यक्ति बिना वैध लाइसेंस के गाड़ी चलाते हुए पाया जाता है, तो बीमा कंपनियां दावे को खारिज कर सकती हैं। ऐसे मामलों में, चालक या वाहन मालिक को चिकित्सा व्यय, पीड़ितों को मुआवजा और मरम्मत लागत सहित पूरा वित्तीय बोझ उठाना पड़ सकता है।

हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने सभी वाहन चालकों को सलाह दी है कि वे वाहन चलाते समय हमेशा वैध ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखें और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें। माता-पिता और वाहन मालिकों से आग्रह किया गया है कि वे नाबालिगों या बिना लाइसेंस वाले व्यक्तियों को वाहन चलाने की अनुमति न दें, क्योंकि इससे गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) डी. जोएल डेविस, आईपीएस ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और सड़क अनुशासन के हित में इस तरह के विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करें और सभी के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

### रेवंत के...

उन्होंने कहा, वापस लौटने वालों के प्रति हमारी सहानुभूति है। आइए समस्याओं को लोकतांत्रिक तरीके से हल करें। उन्होंने खुलासा किया कि देवजी और दामोदर जैसे आत्मसमर्पण करने वाले नेताओं के प्रस्तावों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ चर्चा की गई है। केंद्र ने राज्य को आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों को स्वास्थ्य, आवास और वित्तीय सहायता देने के लिए लचीलापन प्रदान किया है।

लंबित मामलों पर चिंताओं को दूर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून के दायरे में रहकर मामलों को वापस लेने के लिए तैयार है और यदि आवश्यक हुआ, तो उनकी समीक्षा के लिए एक समिति गठित की जाएगी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि गंभीर अपराध न्यायिक जांच के अधीन रहेंगे। उन्होंने जल्द ही एक व्यापक वित्तीय पैकेज, चिकित्सा देखभाल, पैतृक गांवों में आवास सहायता और स्वास्थ्य सुरक्षा कवरेज प्रदान करने का निर्णय लेने की बात कही।महात्मा गांधी के आदर्शों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंसा हर समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा, आज शक्तिशाली राष्ट्र भी बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाते हैं। बैलेट, बुलेट से अधिक मजबूत है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व माओवादियों का सार्वजनिक जीवन और राजनीति में स्वागत है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि कई पूर्व उग्रवादी समाज में सफलतापूर्वक घुल-मिल गए हैं और शासन में योगदान दे रहे हैं।

### शराब दुकान ...

मामूली नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और लगभग 10 से 15 मिनट के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से आग को आगे फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

सहायक संभागीय अग्निशमन अधिकारी (एडीएफओ) जी.वी. प्रसाद ने बताया कि दमकल दल की त्वरित प्रतिक्रिया के कारण आग को जल्द ही सीमित कर दिया गया। उन्होंने अनुमान जताया कि संपत्ति का नुकसान लगभग 50,000 रुपये के करीब है। आग बुझने के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण भी किया गया कि कहीं दोबारा आग लगने का कोई खतरा तो नहीं है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 08 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# ईसीआईएल में इंजीनियरिंग अप्रेंटिश कौशल-विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

## विकसित भारत की ओर ईसीआईएल के बढ़ते कदम ...



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) में इंजीनियरिंग अप्रेंटिस कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग- शाखाओं के चयनित प्रशिक्षुओं को ईसीआईएल में संचालित विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संबंधी प्रौद्योगिकी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर कॉरपोरेट प्रशिक्षण एवं विकास केंद्र के प्रबंधक एवं प्रभारी डॉ. राजन-ारायण अवस्थी ने प्रशिक्षुओं को ईसीआईएल के गौरवशाली इतिहास तथा इसकी स्थापना के बाद विभिन्न दशकों में प्रौद्योगिकी की उपलब्धियों के साथ-साथ प्रमुख प्रौद्योगिकियों जैसे नियंत्रण, स्वचालन एवं स्काडा प्रणाली, विकिरण संसूचक एवं उपकरणीकरण, एंटेना एवं सैटकॉम प्रणाली, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली, स्ट्रैटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मिसाइल सपोर्ट प्रणाली, उपकरण प्रणाली, एकीकृत सुरक्षा समाधान, सर्वो उत्पाद एवं इनेर्शियल नेविगेशन प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी, ई-गवर्नेंस तथा सूचना सुरक्षा आदि के बारे में पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय 'विकसित भारत' के निर्माण का समय है और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं चुनौतियों को अवसरों में बदलने वाले युवा इंजीनियर राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके लिए विषय का गहन ज्ञान, समय प्रबंधन, आधुनिक तकनीकों की जानकारी तथा आत्म-अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान ईसीआईएल के विभिन्न प्रभागों जैसे संचार प्रणाली प्रभाग, सर्वो प्रणाली प्रभाग, एंटेना उत्पाद एवं सैटकॉम प्रभाग, सुरक्षा प्रणाली प्रभाग, विशेष उत्पाद प्रभाग, विकिरण संसूचन प्रभाग, रिएक्टर परियोजना, सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स प्रभाग तथा अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में चयनित प्रशिक्षुओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ईसीआईएल में उन्हें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को सीखने तथा व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आर. स्वामी, सहायक अधीक्षक, सीएलडीसी का विशेष सहयोग रहा।




# सेवा कार्यों में भागीदारी ही सच्ची मानवता का परिचय : सोहनलाल दायमा



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन पिलर नंबर 1265 ए के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद और राहगीरों को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने सेवा को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बताते हुए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर सोहनलाल दायमा ने कहा कि सेवा कार्यों में भागीदारी ही सच्ची मानवता का परिचय है। उन्होंने कहा कि जब हम किसी जरूरतमंद की सहायता करते हैं तो उससे केवल एक व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का मनोबल बढ़ता है। राधे-राधे ग्रुप द्वारा निरंतर किए जा रहे अन्नदान और सेवा कार्य समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। ऐसे कार्यों से समाज में सहयोग, करुणा और मानवता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में यदि हमें सेवा का अवसर मिलता है तो उसे सौभाग्य समझकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। सेवा से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि यह कार्य करने वाले व्यक्ति के जीवन में भी आत्मिक संतोष और खुशी का संचार होता है।

इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, जयप्रकाश सारड़ा, भगतराम गोयल, महेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, शीतल गुप्ता, मनीष गुप्ता, निशा गुप्ता, प्रीतिका अग्रवाल, संजय गोयल, किरण गोयल, नंदकिशोर अग्रवाल, ई. जगन चंपापेट, मनीष अग्रवाल, सोहनलाल दायमा, सुरेश सिंघल, उषा सिंघल सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सेवा कार्य में सहयोग दिया।

# अनुसंधान-उन्मुख सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अनुसंधान-उन्मुख सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों, गुड क्लिनिकल प्रैक्टिसेज (जीसीपी) और नैतिक दिशा-निर्देशों पर आयोजित तीन दिवसीय अन्-वेषक प्रशिक्षण कार्यशाला आज होटल क्वालिटी इन, हैदराबाद के इम्पीरियल हॉल में संपन्न हुई।केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) – राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा सम्पदा संस्थान (एनआईआईएमएच), हैदराबाद द्वारा आयोजित और प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी.पी. प्रसाद के मार्गदर्शन में एक समर्पित टीम द्वारा निष्पादित इस कार्यक्रम में देश के 31 राज्यों के 150 से अधिक वैज्ञानिकों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेदिक सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल में आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों के एकीकरण को मजबूत करना रहा।



**वैश्विक अनुसंधान मानकों पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी**

कार्यशाला में डॉ. सुप्रिया भालेराव, सह-प्राध्यापक, भारती विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी, पुणे ने वैश्विक अनुसंधान मानकों की विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही सिकल सेल रोग, आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया और आयुर्वेद आधारित जीवनशैली के प्रभाव के प्रोटोकॉल को परिष्कृत करने पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

**डेटा दस्तावेजीकरण और सामुदायिक तालमेल पर विशेष सत्र**

प्रोफेसर डॉ. हर्षद पी. ठाकुर, टीआईएसएस, मुंबई और डॉ. सोनम चांडक, असिस्टेंट रिसर्च ऑफिसर एवं क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, सीसीअ-ारएएस, नई दिल्ली जैसे विशेषज्ञों ने गुणात्मक डेटा दस्तावेजीकरण और सामुदायिक तालमेल बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की।

**कुपोषण और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस पर आयुर्वेदिक उपचार पर चर्चा**

कार्यशाला के अंतिम दिन ङ्गमॉडरेट एक्यूट मालन्यूट्रिशनफ (एमएएम) और क्रोनिक ब्रोंकाइटिस के लिए आयुर्वेदिक सप्लीमेंट्स की प्रभावकारिता पर विशेष चर्चा की गई।

आयोजकों ने दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रो. वैद्य रबिनारायण आचार्य (महानिदेशक, सीसीआरएएस) और डॉ. नारायणम श्रीकांत (उप महानिदेशक, सीसीआरएएस) के साथ-साथ मुख्य अतिथि डॉ. श्रीकांत बाबू पेरुगु तथा अन्य सम्मानित अतिथियों के प्रति उनके सहयोग और प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर बताया गया कि इस प्रशिक्षण ने अन्वेषकों को डेटा प्रबंधन और गुणवत्ता जांच से जुड़े आवश्यक कौशल प्रदान किए हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में वास्तविक प्रभाव डालने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महावीर इंटरनेशनल अतुल्य नारी वीरा केंद्र द्वारा मुशीराबाद में एक विशेष कैंसर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अमन वेदिका और गवर्नमेंट हाई स्कूल, मुशीराबाद के सहयोग से आयोजित किया गया।

**कैंसर के लक्षण और समय पर जांच के महत्व पर जानकारी**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच के महत्व को समझाना था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में किम्स हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ. नव्या ने कैंसर के लक्षणों, कारणों और समय पर पहचान (अर्ली डिटेक्शन) के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है।

महिला दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा डॉ. नव्या को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अतुल्य नारी, अतुल्य शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

**बच्चों को वितरित किए गए फल और गन्ने का रस**

कार्यक्रम के दौरान बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें ताजा गन्ने का रस और फल भी वितरित किए गए।

स्कूल की शिक्षिकाओं और अमन वेदिका की हेडमिस्ट्रेस ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल अतुल्य नारी वीरा केंद्र की अध्यक्ष वीरा तृष्णा राकेश बंबोली, सचिव वीरा मोनिका लुंकड़, कोषाध्यक्ष वीरा आरती गादिया, वीरा सीमा लोढा, वीरा पूजा सुराणा और वीरा शीतल रांका उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की बैठक भाग्यलक्ष्मी ढाबा, मलकपेट में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत महाराजा अग्रसेनजी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात शाखा के अध्यक्ष पंकज संघी ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा सचिव प्रदीप बंसल ने पिछली बैठक की कार्यवाही (मिनट्स) पारित करवाया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 22 मार्च को शाखा के सदस्य अनाथालय जाकर सेवा कार्य करेंगे। साथ ही 10 मई को अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की वार्षिक आम सभा आयोजित की जाएगी।बैठक में विभिन्न सेवा कार्यों के संयोजकों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए धन्यवाद दिया गया। इनमें विशेष रूप से अन्नप्रसादम, युवा मोर्चा शाखा द्वारा श्याम भजन, मेडिकल कैंप तथा गोपाल गोशाला में गो सेवा कार्यक्रमों के संयोजकों की सराहना की गई।

अंत में शैलेश अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पंकज संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव प्रदीप बंसल, संयुक्त सचिव शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, केंद्रीय समिति सदस्य गोविंद मोदी, सलाहकार ओम प्रकाश पचेरीया, लाजपत राय गुप्ता, सुरेश गोयल, हरिश चंद्र बजाज, दिनेश गोयल, गोपाल मोदी, पंकज पटवारी, श्रवण अग्रवाल, निश्चिंत अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, दीपक पचेरीया, संजीव गोयल तथा युवा मोर्चा शाखा के अध्यक्ष हर्ष बंसल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ

## हैदराबाद में जैन समाज की ऐतिहासिक पहल

# प्राचीन मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार, युवाओं को मिलेंगे नए करियर अवसर



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जैन समाज की प्राचीन विरासत के संरक्षण और उसे नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को रानीगंज स्थित टी-19 टावर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का नेतृत्व डॉ. स्मिता शाह (बोर्ड मेंबर, नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) ने किया।

बैठक में जैन समाज के विभिन्न संगठनों और फिरकों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए समाज की धरोहरों के संरक्षण तथा युवाओं के लिए नए अवसरों पर गंभीर चर्चा की। बैठक का मुख्य विषय देश के प्राचीन जैन मंदिरों का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से जीर्णोद्धार करना तथा विरासत के संरक्षण के साथ विकास की दिशा तय करना रहा।

**प्राचीन जैन मंदिरों के संरक्षण पर विशेष चर्चा**

बैठक में श्री सुमति पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर संघ के अध्यक्ष शा. घेवरचंद सुराणा, तेलंगाना स्टेट माइनॉरिटी कमीशन के सदस्य हिमांशु बापना, महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के ट्रस्टी डॉ. घिसुलाल जैन, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धिश जागीरदार, श्री जैन संस्कार वाटिका के फाउंडर ट्रस्टी मुकेश जैन चौहान तथा दिगंबर जैन समाज के आर.के. जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

डॉ. स्मिता शाह ने कहा कि मंदिरों का जीर्णोद्धार केवल ऐतिहासिक इमारतों को संवारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जैन युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम भी है।

**युवाओं के लिए नए करियर अवसर**

उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत जैन युवाओं को कई नए क्षेत्रों में करियर के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से युवाओं को हेरिटेज मैनेजमेंट (प्राचीन तीर्थ और मंदिर परिसरों का पेशेवर प्रबंधन), रिसर्च एवं डॉक्यूमेंटेशन (जैन आगम, इतिहास और परंपराओं पर शोध कार्य), तीर्थयात्रा पर्यटन (धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का विकास) तथा आर्किटेक्चर एवं कंज़र्वेशन (पारंपरिक वास्तुकला और संरक्षण में प्रशिक्षण व रोजगार) जैसे क्षेत्रों में अवसर मिलेंगे।

**विरासत बनेगी भविष्य की नई राह**

बैठक में यह भी कहा गया कि हैदराबाद में डॉ. स्मिता शाह की उपस्थिति में जैन समाज ने एक नए युग की नींव रखी है। प्राचीन मंदिर अब केवल इतिहास नहीं रहेंगे, बल्कि युवाओं के भविष्य का आधार भी बनेंगे। बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि जल्द ही एक सस्टेनेबल मॉडल तैयार किया जाएगा, जिससे जैन समाज की ऐतिहासिक धरोहरें आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था के साथ-साथ आजीविका का भी केंद्र बन सकें।

रिद्धिश जागीरदार ने बताया कि जैन समाज की प्राचीन विरासत अब केवल इतिहास का हिस्सा नहीं रहेगी, बल्कि यह आने वाली पीढ़ी के लिए संस्कृति, रोजगार और भविष्य की नई राह बनेगी।

**स्वागत और आभार व्यक्त**

श्री जैन संस्कार वाटिका के फाउंडर ट्रस्टी मुकेश जैन चौहान ने उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय कराते हुए आभार व्यक्त किया। घेवरचंद सुराणा ने बैठक में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया। टी-19 टावर के पदाधिकारियों, ट्रस्टियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. स्मिता शाह का स्वागत किया।इस अवसर पर दिनेश कामदार, हिमांशु बापना, अशोक कटारिया, रिद्धिश जागीरदार, जिनेन्द्र बाफना, अमित दांतेवाड़िया, गौतम सुराणा, सुरेंद्र भंडारी और आर.के. जैन सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।बैठक में श्री सुमति पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर संघ टी-19 टावर रानीगंज के अध्यक्ष शा. घेवरचंद सुराणा, उपाध्यक्ष सुरेश रामानी, कोषाध्यक्ष अशोक सालेचा, सहमंत्री अशोक चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र जैन, मिलापचंद जैन, अशोक राठौड़, तेलंगाना स्टेट माइनॉरिटी कमीशन सदस्य हिमांशु बापना, सुदर्शन खींवसरा, कीर्तिभाई बंदामुथा (आहोर), प्रवीण पोरवाल, श्री शान्तिनाथ जैन संघ आराधना भवन के दिनेश कामदार, दिनेश फागनिया, अमित दांतेवाड़िया, महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के ट्रस्टी डॉ. घिसुलाल जैन, चंपालाल जैन (एलआईसी), मनोहराबाद जैन तीर्थ के प्रमुख अशोक कटारिया (राणावास), हंस मंदिर के ट्रस्टी जिनेन्द्र बाफना, नमिश्री ज्वेल्लर्स के राजेश गांधी, जीवदया प्रेमी सुरेंद्र भंडारी, सुरेश सुराणा, राजु पन्नालालजी, नीरूभाई विनायकिया, राजुभाई पवालिया, शालीभद्र वैय्यावच्च परिवार के गौतम सुराणा, विकास मंडोत, भूपेंद्र सेठिया, रौनक जैन, दिगंबर जैन समाज के आर.के. जैन, हितेश जैन रोहिडा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने जरूरतमंदों को भोजन वितरित



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क पर अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंदों, मरीजों के परिजनों और राहगीरों को श्रद्धा और सेवा भाव के साथ भोजन वितरित किया गया।

राधे-राधे ग्रुप द्वारा समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर नियमित रूप से विभिन्न स्थानों पर अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक भोजन पहुंचाकर मानवता की सेवा करना है।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, हरीश टोलाराम हिंदूजा, जयप्रकाश सारड़ा सहित राधे-राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



अमेरिका के 12 राज्यों में सनातन धर्म की प्रचार करकर लौटाने पर शमशाबाद एयरपोर्ट भाजपा नेता माधवी लता का स्वागत करते हुए दांडे शंकर और सरिता जी, शंकर नायक जी एवं अन्य।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूनियन बैंक में महिला विशेष हिन्दी कार्यशाला आयोजित



**सिद्दीपेट, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, सिद्दीपेट में एक दिवसीय महिला विशेष हिन्दी कार्यशाला दि. 07.03.2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित की गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र प्रमुख बी. श्रीनिवास एवं उप क्षेत्र प्रमुख वाई वीरा राघव ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्नेहा साव ने किया।कार्यशाला के दौरान राजभाषा संबंधी विभिन्न विषयों पर पूरे दिन विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिन्दी के प्रभावी प्रयोग और उसके महत्व पर विचार साझा किए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान, परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन आज

**हैदराबाद, 7 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कवियों की लोकप्रिय और सक्रिय संस्था गीत चाँदनी, हैदराबाद के महिला विभाग के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार, 8 मार्च 2026 को दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मौज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य हॉस्पिटल, कैलाश डायग्नोस्टिक सेंटर के सेलार सभागार में आयोजित होगा।

इस अवसर पर आधुनिक युग में नारी की स्थिति विषय पर परिचर्चा, महिला सम्मान समारोह तथा भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों, उपलब्धियों तथा वर्तमान चुनौतियों पर सार्थक विचार-विमर्श करना और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करना है।

कार्यक्रम की प्रधान संयोजिका, सुप्रसिद्ध कहानीकार एवं कवयित्री तथा गीत चाँदनी संस्था की संयोजिका, संस्कृत की विद्वान साहित्यकार डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव कार्यक्रम के प्रथम सत्र की अध्यक्षता करेंगी। कार्यक्रम का संचालन गीत चाँदनी के कार्यदर्शी, गोलकोण्डा दर्पण के यशस्वी संपादक एवं कवि श्री गोविंद अक्षय द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में आयोजित परिचर्चा में शहर की प्रमुख कवयित्रियाँ और साहित्यकार अपने विचार व्यक्त करेंगी। इनमें प्रमुख रूप से कवयित्री आशा ठाकुर, ममता मिश्रा, डॉ. रेखा देवी वर्मा, डॉ. मुखविंदर सिन्हा, आरती कुमारी और विजयलक्ष्मी बस्वा शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध कवयित्री एवं गायिका श्रीमती आशा ठाकुर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से होगा। इस अवसर पर नगर की अनेक गणमान्य महिलाएँ, समाज सेविकाएँ और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इनमें प्रमुख रूप से गोलकोण्डा पुलिस स्टेशन की सर्किल इंस्पेक्टर सुश्री सुनीता सूर्य, भारतीय मराठा महासंघ (तेलंगाना) की अध्यक्षा सुश्री सुनीता बिरादर, श्रीमती सुमित्रा बंसल, भाजपा की नेता श्रीमती काजल कुशवाह एवं श्रीमती सपना गुप्ता, मराठा समाज हैदराबाद की समाजसेवी श्रीमती अरुणा लक्ष्मीकांत शिंदे, रचना गुप्ता, उषा मिश्रा, मधुरानी, कलावती काकड़ा, अनीता मिश्रा, मीरा गुप्ता, नैना खत्री, श्रीमती शोभा दुबे, मीनाक्षी तिवारी, दयावती यादव तथा कामिनी सिंह सहित अनेक गणमान्य महिलाएँ विशेष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगी।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों एवं साहित्यकारों में परमानंद बंसल, गोविंद मिश्रा, अंजनी कुमार गोयल, अनुप कुमार, पुष्पा वर्मा, रेणु अग्रवाल, सुमन गोगिकार, अशोक बस्वा, अशोक दोशी, जी. परमेश्वर तथा रमेश कुमार मिश्रा सहित अनेक साहित्यकारों का शॉल, पुष्पमाला एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन का संचालन गीत चाँदनी की वरिष्ठ कवयित्री पुष्पा वर्मा करेंगी। इस कवि सम्मेलन में हैदराबाद के प्रतिष्ठित कवि और कवयित्रियाँ समसामयिक सामाजिक परिस्थितियों, जीवन की विविध विसंगतियों तथा मानवीय संवेदनाओं पर आधारित अपने गीत, ग़ज़ल, हास्य एवं व्यंग्य की रचनाओं का पाठ करेंगे। काव्य पाठ केवल आमंत्रित कवि और कवयित्रियाँ ही प्रस्तुत करेंगे।

# अग्रवाल शिक्षा समिति में महिला दिवस सम्पन्न

**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर अग्रवाल शिक्षा समिति के तत्वावधान में एक सारगर्भित व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार समिति की अकादमिक निदेशिका डॉ. सरोज जैन ने सभी का अभिनंदन व स्वागत करते हुए वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम पर अपने विचार रखते हुए सभी आमंत्रित अतिथियों और उपस्थित व्यक्तियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि वक्ता श्रीमती भगवती बल्दवा ने नारी सशक्तिकरण भारतीय संदर्भ में विषय पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि कोई संस्था अक्षर निर्बाध रूप से सफलतापूर्व शतायु प्राप्त करती है तो यह पीढी दर पीढी लोगों द्वारा किया गया त्याग और समर्पण का द्योतक है। श्रीमती बल्दवा ने अग्रवाल शिखिा समिति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया ने अतिथि वक्ता के उद्बोधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अक्षर सभा में उपस्थित युवा पीढी श्रीमती बल्दवा के साहस, संघर्ष और उपलब्धियों का 20 प्रतिशत भी अनुकरण कर सके तो उनकी सफलता निश्चित है।



सभा को संबोधित करते हुए समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि बालिका साक्षरता का लक्ष्य साधने के लिए 100 वर्ष पूर्व एक नन्हे से पौधे को बालिका विद्यालय के रूप में रोपा गया जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि महिला दिवस सिर्फ एक दिन के लिए न होकर प्रतिदिन होना चाहिए। मानव जीवन में समाज के हर क्षेत्र में नारी बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण और संस्कार प्रदान करती है।

अवसर पर मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. मोहन गुप्ता, एस.डी.एस. एम.बी.ए के करस्पॉन्डेंट मुकुंदलाल अग्रवाल, बीबीएमएस के करस्पॉन्डेंट शेष कुमार गोयल, प्रमोद केडिया अध्यक्ष व सीए नवीन कुमार अग्रवाल मानद मंत्री तथा मुख्य अतिथि श्रीमती भगवती बल्दवा मंचासीन थे।

इस अवसर पर जीकेपीएस की अध्यापिका श्रीमती मेधा कुलकर्णी ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया एवं नवीन श्रीवास्तव एमसीए के प्राध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा में समिति के संयुक्त अकादमिक निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल, समिति की शिक्षण संस्थाओं के प्रचार्यगण, प्राध्यापकगण, विद्यार्थी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एमबीए की प्राध्यापिका डॉ. पद्मजा ने किया।

# श्रृंग ऋषि भवन में श्री श्याम बाबा का भव्य जागरण आयोजित

**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्रृंग ऋषि भवन में सुगनचंद हुकमीचंद तिवारी निम्बोल वाला परिवार द्वारा दिनांक 04-03-2026 की संध्या को श्री श्याम बाबा का भव्य जागरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भजनों का आनंद लिया।

जागरण के दौरान कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक सूरज शर्मा तथा सुर सम्राट सुनील जायलवाल ने श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरा भवन भक्तिमय माहौल में डूब गया और वातावरण पूरी तरह श्याममय हो गया।



इस अवसर पर गोशामहल के विधायक श्री राज सिंह, मुकेश सिंह, परमेश्वरी देवी, मनोज अग्रवाल, रामदेव नागला, धर्माराम ढाका, अनील जायलवाल तथा संदीप जायलवाल का माला व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ हुआ और भजनों का क्रम प्रातः 4:31 बजे तक चलता रहा। इसके बाद प्रातः 5:11 बजे आरती के पश्चात भजनों का समापन हुआ।

श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ईसीआईएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को सराहा गया



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** हैदराबाद स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) में शनिवार को मअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसफ पूरे उत्साह और जोश के साथ मनाया गया।

होमी जे. भाभा कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व ईसीआईएल की महिला कर्मचारियों ने किया, जो कार्यस्थल पर महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें सहयोग देने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




**महिलाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल है ईसीआईएल: सीएंडएमडी**

ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अनेश कुमार शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईसीआईएल महिला कर्मचारियों के काम करने के लिए सबसे बेहतरीन संस्थानों में से एक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईसीआईएल महिलाओं को उनके करियर में तेजी लाने और विभिन्न रणनीतिक परियोजनाओं में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए निरंतर सशक्त बनाता है।

**विजेताओं और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान**

उत्सव के दौरान, उन कर्मचारियों और विभागों को पुरस्कार वितरित किए गए जिन्होंने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की थी। इसके साथ ही, संस्थान के प्रति उनकी समर्पित सेवा के सम्मान में सेवानिवृत्त होने वाली महिला कर्मचारियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति**

इस गौरवशाली अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला की वैज्ञानिक एच एवं समूह निदेशक श्रीमती के. कामिनी माहेश्वरी, और न्यूक्लियोम इंफॉर्मेटिक्स की निदेशक (प्रिसिजन कैंसर मेडिसिन एंड मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी) डॉ. सुधा एस. मूर्ति ने शिरकत की और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**सफलता में महिलाओं का अतुलनीय योगदान**

इस समारोह में कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, ईसीओए और ईसीएमएस के पदाधिकारी तथा ईसीआईएल के कर्मचारी अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम ने महिला सशक्तिकरण के प्रति ईसीआईएल के अटूट समर्थन और संस्थान की सफलता में महिलाओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया।

# राधे-राधे ग्रुप के कार्यक्रम में दिखे संस्कार



बेगम बाजार स्थित सेवा कार्यक्रम में दादा जगत नारायण अग्रवाल के साथ पोता वंश अग्रवाल सेवा कार्यों में सहयोग करते हुए।

**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने आयोजित नियमित सेवा कार्यक्रम में शनिवार को एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक जगत नारायण अग्रवाल के साथ उनका पोता वंश अग्रवाल भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता नजर आया।

दादा और पोते को साथ मिलकर सेवा करते देख उपस्थित सभी लोगों ने इस भावपूर्ण क्षण की सराहना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि जब नई पीढ़ी भी सेवा और संस्कारों से जुड़ती है, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और सेवा की परंपरा आगे बढ़ती है।

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा नियमित रूप से अन्नदान और सेवा कार्य किए जाते हैं, जिनमें समाज के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ समाज में सेवा, संस्कार और मानवता का संदेश भी फैलाया जा रहा है।

इस अवसर पर जगत नारायण अग्रवाल, रवि अग्रवाल, वंश अग्रवाल नीलम विजयवर्गीय आदि उपस्थित थे।

# तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के दिशा-निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रेरणा सम्मान व गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान (एनजीओ मीट) कार्यक्रम का दो चरणों में आयोजन तेरापंथ भवन, डी.वी. कॉलोनी, सिकंदराबाद में सुबह 9.30 बजे से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र व प्रेरणा गीत से हुआ। तत्पश्चात अध्यक्ष श्रीमती नमिता सिंघी ने सभी आगंतुक बहनों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण प्रेरणा सम्मान में उन माताओं, दादी और नानी को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने बच्चों में आध्यात्मिक संस्कारों का बीज-ारोपण किया और उनकी संतानों ने संयम मार्ग अपनाते हुए तेरापंथ धर्मसंघ में दीक्षा ग्रहण की। सम्मानित होने वाली माताओं में श्रीमती सज्जन देवी चोरड़िया, श्रीमती गट्टुदेवी, श्रीमती सुमन देवी दुधोड़िया, श्रीमती कमला देवी संकलेचा, श्रीमती जीवनी देवी और श्रीमती सुनीता आंचलिया शामिल रहीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं केंद्रीय मंत्री श्री किशन रेड्डी की धर्मपत्नी श्रीमती काव्या किशन रेड्डी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की प्रगति और आत्मनिर्भरता समाज की उन्नति के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर भाजपा सह-कोषाध्यक्ष विजय सुराणा की भी विशेष उपस्थिति रही।दूसरे चरण में गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत एनजीओ मीट आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियों ने पैनल चर्चा के माध्यम से गृहणियों के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श किया। पैनल चर्चा में श्रीमती लेखा बैद, श्रीमती रेखा बंबोली, डॉ. आश्मा, श्रीमती टीना शाह और श्रीमती अलका चौधरी ने विचार रखे, जबकि मध्यस्थता की भूमिका श्रीमती नीतू नाहटा ने निभाई।

कार्यक्रम में शहर के अनेक महिला संगठनों ने भाग लिया और तेरापंथ महिला मंडल द्वारा सभी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष श्रीमती नमिता सिंघी, मंत्री श्रीमती निशा सेठिया सहित संयोजिकाओंरीटा सुराणा, कविता आच्छा, शीतल सांखला, मीनाक्षी सुराणा, मनीषा सुराणा, संतोष गुजरानी, डिंपल जैन, हेमा मालु, पायल पारख, रेखा संकलेचा, वर्षा बैद, चंदन कोठारी, विनयश्री सुराणा, नीरा कोठारी, अंजू गोलछा, हेमा सुतलिया आदि का विशेष योगदान रहा। प्रथम चरण का संचालन श्रीमती रेखा संकलेचा व डिंपल जैन तथा द्वितीय चरण का संचालन श्रीमती कविता आच्छा व निशा सेठिया ने किया। अंत में मंत्री श्रीमती निशा सेठिया ने आभार व्यक्त किया।



तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रेरणा सम्मान व गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान कार्यक्रम में समाज सेविका सपना गुप्ता का सम्मान किया गया। अवसर पर सपना गुप्ता ने तेमम की पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# औरत : दुनिया को चलाने वाली चुपचाप बनाने वाली

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

एक औरत की तुलना अक्सर कुदरत से की जाती है - धरती की तरह पालने वाली, पहाड़ की तरह मज़बूत, समंदर की तरह शांत और उगते सूरज की तरह चमकने वाली। जैसे कुदरत चुपचाप ज़िंदगी को संभालती है, वैसे ही औरतें भी बिना शोर किए ज़िम्मेदारियों, सपनों और कुर्बानियों का बोझ उठाती हैं, जिन पर अक्सर ध्यान नहीं जाता।

एक बेटी जो घर में खुशियाँ लाती है, एक माँ जो ज़िंदगी को संवारती है, एक बहन जो सहारा देती है, एक जीवनसाथी जो हर परिस्थिति में साथ खड़ी रहती है और एक प्रोफेशनल जो समाज की तरक्की में योगदान देती है ˉ एक औरत अनेक भूमिकाएँ निभाती है और हर भूमिका को पूरे समर्पण और लगन से निभाती है।




फिर भी, इतने बड़े योगदान के बावजूद समाज के कई हिस्सों में महिलाओं को अक्सर नज़रअंदाज़ किया गया है, कम आंका गया है और उनकी अहमियत को पूरी तरह समझा नहीं गया। पीढ़ियों से उनकी आवाज़ दबाई गई, उनके सपनों पर सवाल उठाए गए और उनके त्याग को हल्के में लिया गया। औरतों के सामने आने वाली मुश्किलें सिर्फ़ व्यक्तिगत नहीं होतीं, बल्कि वे समाज की उस सोच से जुड़ी होती हैं जो कई बार उनकी असली कीमत पहचानने में असफल रहती है।

लेकिन जैसे एक बीज मिट्टी को चीरकर धूप तक पहुँच जाता है, वैसे ही औरतें भी हर बाधा को पार कर आगे बढ़ती रहती हैं। उनकी ताकत सिर्फ़ मुश्किलों को सहने में ही नहीं, बल्कि चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता में भी होती है।

महिलाओं में ताकत और संवेदनशीलता का अनोखा संतुलन होता है। वे हिम्मत के साथ नेतृत्व करती हैं और साथ ही करुणा के साथ दूसरों का पालन-पोषण भी करती हैं। वे परिवार बनाती हैं, समुदायों को दिशा देती हैं, व्यवसाय चलाती हैं और आने वाले समय की नींव तैयार करती हैं।

जैसे नदियाँ घाटियाँ बनाती हैं और सभ्यताओं का पोषण करती हैं, वैसे ही महिलाएँ अपनी समझदारी, धैर्य और लगन से समाज को आकार देती हैं। उनका योगदान केवल दिखाई देने वाली सफलताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन मूल्यों में भी है जो वे स्थापित करती हैं, उन जीवनों में है जिन्हें वे स्पर्श करती हैं और उन पीढ़ियों में है जिन्हें वे प्रेरित करती हैं।

औरत होना केवल निभाई जाने वाली भूमिकाओं का नाम नहीं है, बल्कि उस शक्ति और प्रेम की भावना का प्रतीक है जो उसे पहचान देती है। जो समाज महिलाओं का सम्मान करता है और उन्हें सशक्त बनाता है, वह समाज अधिक मजबूत, अधिक संवेदनशील और अधिक प्रगतिशील बनता है।

महिलाओं के महत्व को पहचानना केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि हर दिन उन्हें सम्मान, समान अवसर और बराबरी देने की सोच है।

*जब महिलाएँ आगे बढ़ती हैं तो परिवार आगे बढ़ते हैं।*
*जब महिलाएँ सशक्त होती हैं तो समाज आगे बढ़ता है।*
*जब महिलाएँ नेतृत्व करती हैं तो दुनिया आगे बढ़ती है।*

एक बड़ी कमी यह भी है कि कई बार महिलाएँ स्वयं एक-दूसरे का समर्थन नहीं कर पातीं, जबकि जब वे एक-दूसरे के साथ खड़ी होती हैं तो असाधारण परिवर्तन संभव होते हैं।

एक महिला अपने जीवन की आदिशक्ति होती है। जब वह स्वयं मजबूत होती है, तो उसके परिवार की बेटियाँ भी उतनी ही मजबूत बनती हैं। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ रहा है, समाज में महिलाओं की भूमिका और महत्व पर अधिक चर्चा हो रही है और यह आवश्यक है कि उनके सपनों, उनके निर्णयों और उनके दृढ़ संकल्प को पूरा सम्मान दिया जाए।

उन्हें वह सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए जिसकी उन्हें आवश्यकता है।

*जहाँ प्रकृति का सम्मान होता है,*
*वहाँ दुनिया संतुलित रहती है।*

और

*जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ प्रकृति भी फलती-फूलती है।*

आदिशक्ति आमे।



**-प्रतिभा**

# पुराने मंदिरों के संरक्षण पर आरके जैन की जगद्गुरु शंकराचार्य से मुलाकात



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ऑल इंडिया ओल्ड टेम्पल रेनोवेशन ट्रस्ट (एआईओटीआरटी) के चेयरमैन आरके जैन ने श्रृंगेरी शारदा पीठम के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री विध-ुशेखर भारती महास्वामीजी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्लीच इंडिया फाउंडेशन के सीईओ डॉ. इमानी शिवनागी रेड्डी से भी भेंट की।

मीटिंग के दौरान चेयरमैन आरके जैन ने ऑल इंडिया ओल्ड टेम्पल रेनोवेशन ट्रस्ट की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मंदिर रेस्टोरेशन और हेरिटेज रिवाइवल से जुड़े प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स भी प्रस्तुत किए।

जगद्गुरु शंकराचार्य श्री विध-ुशेखर भारती महास्वामीजी ने पुराने मंदिरों के पुनरुद्धार और पवित्र विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में आरके जैन और उनकी टीम द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों की सराहना की। जगद्गुरु ने ऑल इंडिया ओल्ड टेम्पल रेनोवेशन ट्रस्ट और उसके विभिन्न प्रयासों की सफलता के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि प्राचीन मंदिरों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**IN THE COURT OF THE HON'BLE X JUNIOR CIVIL JUDGE: AT: HYDERABAD**

**O.S. No. 600 OF 2026**

**Between:**

**1. Popat Viral, @Viral Popat @ Viral R Popat S/o. Late. Rajnikanth Popat aged 46 years occ: Business**

**2. Bhavik Popat S/o. Late. Rajnikanth Popat aged 44 years occ: Business, (All are Residents of H. No. 3-2-799/402, Chappal Bazar, Kachiguda, Hyderabad)**

**...Plaintiffs**

**AND**

**1. The Tahsildar, Himayatnagar Mandal, At Hyderabad, Hyderabad.**

**2. All Concerned**

**...Defendants.**

**NOTICE**

Please take notice that the above named Plaintiffs has filed the above said Suit and you were arrayed as Defendant No.1 in the above said Suit and that for declaration of legal heirs of the deceased Rajnikanth Popat was died on 24.06.2007 and Roopa R. Popat was also died 18.10.2025. If any body has any objection. They may appear before Hon'ble court either in person or pleader at 10:30 am to file objections. Hence, you are hereby directed to appear before the above said Hon'ble Court on 30.03.2026 at 10.30 A.M either in person or through your advocate, failing which the matter will be decided in your absence on the material available on record before the Hon'ble Court.

**// BY ORDER OF THE HON'BLE COURT //**

Hyderabad

ADVOCATE
**M/s. Akshay Tiwari,**
Advocate,
(Off: 14-2-332/4, 3rd floor, Gyanbagh colony, Hyderabad.)

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, PRIYA, is Wife of No.15184699N, Rank: Nk (CC) Name MAHESH SINGH presently residing at Vill-Amirpur, P.O Nawanagar, Tehsil-Nawanagar, Dist-Buxar, Pin-802129, Presently residing at Langer House, Hyderabad, Telangana, do hereby State that I have changed my Name From PRIYA to PRIYA KUMARI vide Affidavit date.06-03-2026 before Mohd Muzibulla Baig Notary and Advocate High Court of Telangana State

**CHANGE OF NAME**

I, Army No JC 315061N Nb/Sub SALISH K, Residing at House Name:Karuvely, Vill and PO: Nandipulam, Teh:Mukundapuram, Dist:Thrissur, Kerala-680312 hereby declare that my son name is changed from SHRAVAN KS to SHRAVAN K S and Daughter name is changed from SHREYA KS to SHREYA K S vide affidavit dt:07-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, K B SURESH KUMAR Father of No.16117777K L/Nk VAIDEH S, Residing at House Name: Krishnasathy, Vill & PO: Kalayapuram, Teh:Kottarakkara, Dist:Kollam, Kerala-691560 have changed my name from SURESH KUMAR K B to K B SURESH KUMAR vide affidavit dt:07-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, No.15329764M Hav DORA BABU NALLALA, Residing at H.No.14-16-05, Siddhartha Nagar Street, Vill: Nidubrolu, PO & Teh:Ponnur, Dist:- Guntur, Andhra Pradesh-522124 declare that my father name and DOB is changed from RAMANA, DOB:01-07-1955 to NALLALA RAMANA, DOB:01-01-1952 and mother name and DOB is changed from LAKSHMI, DOB:01-07-1965 to NALLALA LAKSHMI, DOB:01-01-1964 vide affidavit dt:07-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

# महिला सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : रेवंत




**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि केवल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने से समाज का उत्तरदायित्व पूरा नहीं हो जाता।श्री रेड्डी ने आज यहां केपीएचबी स्थित जेएनटीयू ऑडिटोरियम में तेलंगाना पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा की ओर से आयोजित स्टैंड विद हर कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को महत्व दिया है और उन्हें देश में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री जैसे बड़े पदों पर काम करने के मौके दिए हैं।

श्री रेड्डी ने जोर दिया कि तेलंगाना सरकार महिलाओं के महत्व को पहचानने और उन्हें बड़ी जिम्मेदारियां सौंपने में सबसे आगे रही है। उन्होंने कहा, हम अक्सर महिलाओं की तुलना शक्ति से करते हैं। अगर ऐसी महिलाओं की रक्षा नहीं की जा सकती, तो किसी भी राज्य का सम्मान नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री ने इस बात का ध्यान दिलाया कि पहले जहां महिलाओं का उत्पीड़न कुछ खास जगहों तक सीमित था, वहीं तकनीक की तरक्की और सोशल मीडिया के आने से अब ऑनलाइन उत्पीड़न के नये तरीके सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए समाज को खुद में सुधार करना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून बनाने या पुलिस की निगरानी से सुनिश्चित नहीं की जा सकती, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हमें समाज की हर महिला को वही सम्मान देना चाहिए जो हम अपने घर की बेटियों को देते हैं। महिलाओं के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके नाम पर कई योजनाएं चला रही है। राशन कार्ड और इंदिराम्मा आवास महिलाओं के नाम पर जारी किए जा रहे हैं। साथ ही स्वयं सहायता समूहों को कर्ज दिया गया है और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिलपरमम् में दुकान परिसर आवंटित किए गए हैं। श्री रेड्डी ने यह भी कहा कि सरकार महिलाओं को सौर ऊर्जा उत्पादन में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि वे बड़े उद्योगपतियों का मुकाबला कर सकें।

आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के अलावा, सरकार ने महिलाओं को 1,000 बसों का मालिक बनाने के कदम उठाए हैं और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए पेट्रोल पंप आवंटित करने की योजना भी शुरू की है।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण के जज्बे को दिखाने के लिए महिला विश्वविद्यालय का नाम वीरानारी चकाली अलम्मा के नाम पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं की ताकत पर पूरा भरोसा करती है और स्टैंड विद हर जैसे कार्यक्रमों के जरिए तेलंगाना को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित राज्य बनाना चाहती है। श्री रेड्डी ने युवाओं से महिला सुरक्षा के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और केवल घर के काम तक सीमित न रहें। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे महिलाओं के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ सवाल उठाने और खड़े होने की हिम्मत जुटाएं।

उन्होंने कहा, सोशल मीडिया के प्रसार के साथ साइबर अपराध भी बढ़े हैं। जब भी किसी महिला को कोई समस्या हो, तो हम सभी को मजबूती से साथ खड़ा होना चाहिए और कहना चाहिए स्टैंड विद हर। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक बी. शिवधर रेड्डी, हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वी. सी. सज्जनार, कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर और अभिनेता साई धरम तेज और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बंडारू वैष्णव मेमोरियल फाउंडेशन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया महिला दिवस



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बंडारू विजयलक्ष्मी के नेतृत्व में बंडारू वैष्णव मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार, 7 मार्च को दोपहर 3 बजे बाग लिंगमपल्ली स्थित सुंदरैया कला निलयम में संपन्न हुआ।

**पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने की मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत**

इस विशेष समारोह में हरियाणा के पूर्व राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिलाएं मौजूद रहीं, जिनमें माननीय न्यायाधीश माधावी लता जी, पद्मश्री पुरस्कार विजेता पद्मजा रेड्डी, इफ्लू (एत्र्ब्ड्ण) विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति श्रीमती सुनैना सिंह, श्रीमती रमादेवी और टीवी 9 की दीप्ति वाजपेयी शामिल थीं। इन विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**महिला सशक्तिकरण और समानता पर जोर**

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री बंडारू दत्तात्रेय ने महिला सशक्तिकरण और समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और समाज के सर्वांगीण विकास में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करके ही देश और अधिक प्रगति हासिल कर सकता है।

**विशिष्ट क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान**

कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली प्रमुख महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन महिलाओं द्वारा हासिल की गई सफलताएं भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। इस समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों, महिला नेत-ाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# प्रतिभा, नैतिकता और करुणा चिकित्सा पेशे के मुख्य सिद्धांत : भट्टी विक्रमार्क

## आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के रजत जयंती समारोह में उप-मुख्यमंत्री ने दी दीक्षांत सलाह



**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो):** तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने कहा कि प्रतिभा, नैतिकता और करुणा चिकित्सा पेशे के मूल सिद्धांत हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो डॉक्टर जीवन भर सीखने की प्रवृत्ति रखते हैं, वे ही इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनकर उभरते हैं।

वे शनिवार को सिकंदराबाद स्थित आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज (अड्ढ्ड) के रजत जयंती समारोह और दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

स्नातक कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक ज्ञान, तकनीक और मरीजों की अपेक्षाएं लगातार बदल रही हैं। इन परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने के लिए डॉक्टरों को अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर अपग्रेड करना चाहिए। उप-मुख्यमंत्री ने स्नातकों को अपने करियर में तीन प्रमुख सिद्धांतों का पालन करने की सलाह दी: अपने कौशल में सुधार करके व्यावसायिक उत्कृष्टता बनाए रखें। नैतिकता और ईमानदारी के साथ चिकित्सा का अभ्यास करें।

हमेशा करुणा दिखाएं, क्योंकि चिकित्सा सेवा अंततः मानवता की सेवा है।

भट्टी विक्रमार्क ने उल्लेख किया कि दंत चिकित्सा, चिकित्सा की अन्य शाखाओं की तरह केवल एक पेशा नहीं बल्कि एक सार्वजनिक विश्वास है, क्योंकि मरीज डॉक्टर के निर्णय और देखभाल पर अटूट भरोसा करते हैं। उन्होंने 2026 बैच के छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि वर्षों की कड़ी मेहनत और नैदानिक प्रशिक्षण के बाद अब उन्हें विनम्रता और समर्पण के साथ समाज की सेवा करनी चाहिए।

समारोह में बड़ी संख्या में छात्राओं को स्नातक होते देख उन्होंने खुशी व्यक्त की और कहा कि स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान और नेतृत्व में महिलाएं तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की भी सराहना की, जो तेलंगाना का एकमात्र डेंटल कॉलेज है जिसे नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में स्थान मिला है।समारोह में कालोजी नारायण राव स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रमेश रेड्डी, तेलंगाना डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष के. राजेश रेड्डी, मेजर जनरल अजय मिश्रा, कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. ममता कौशिक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# कृषि मशीनीकरण सब्सिडी सीधे किसानों के खातों में भेजने पर विचार करें : तुम्मला

**हैदराबाद, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अगले वित्तीय वर्ष से कृषि मशीनीकरण से संबंधित सब्सिडी राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित करने की व्यवहार्यता की जांच करें।

कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक के दौरान, मंत्री ने उन्हें इस प्रणाली को लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं तैयार करने को कहा। वर्तमान में, किसानों द्वारा खरीदे गए कृषि उपकरणों पर 40 प्रतिशत सब्सिडी का भुगतान सीधे कंपनियों को किया जाता है। सरकार अब इस सब्सिडी को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में भेजने पर विचार कर रही है।

आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए, मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुनिश्चित करें कि सब्सिडी पर मिलने वाले हरी खाद (ग्रीन रोटा) के बीज अप्रैल के अंत तक किसानों को वितरण के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि समय पर बीजों की उपलब्धता से किसानों को बुवाई में आसानी होगी।

मंत्री ने राज्य भर के किसान मंचों में अक्षय ऊर्जा विकास निगमके सहयोग से सोलर पैनल लगाने की योजना तैयार करने का भी निर्देश दिया। जंगा रेड्डीपल्ली और जनमपेटा के किसान मंचों पर प्रायोगिक तौर पर पैनल लगाने के बाद, सरकार पहले चरण में राज्य भर के लगभग 1,600 किसान मंचों पर सोलर पैनल लगाने की योजना बना रही है।तुम्मला नागेश्वर राव ने अधिकारियों से खरीफ सीजन के लिए उर्वरक आपूर्ति की अग्रिम योजना बनाने और केंद्र सरकार के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने को कहा ताकि पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

मुख्य फसलें: खरीफ सीजन के दौरान धान, कपास और मक्का की व्यापक स्तर पर खेती होने की उम्मीद है।यूरिया की मांग: मक्का की फसल को धान या कपास की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक यूरिया की आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने केंद्र से खरीफ-2026 सीजन के लिए 11.50 लाख मीट्रिक टन यूरिया आवंटित करने का अनुरोध किया है।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार: गुंटूर में निलंबित सब-रजिस्ट्रार के ठिकानों पर एसीबी का छापा, 12 एकड़ जमीन और 28 लाख बरामद

**ओंगोल, 07 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शनिवार को निलंबित प्रभारी सब-रजिस्ट्रार नमना कृष्ण मोहन राव के खिलाफ आय से अधिक संपत्तिके मामले में गुंटूर जिले में दो स्थानों पर एक साथ तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान ऐसी कई अचल और चल संपत्तियों का पता चला है, जो कथित तौर पर अधिकारी की आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक हैं।यह छापेमारी अम्मानाब्रोलू स्थित सब-रजिस्ट्रार कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कृष्ण मोहन राव के खिलाफ चीराला शहर और पोन्नुरु मंडल के नंदुरु गांव में की गई। राव इससे पहले प्रकाशम जिले के गिद्दलुरु में प्रभारी सब-रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत थे।एसीबी अधिकारियों के अनुसार, आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 13(2) सहपठित 13(1)(ल) के तहत मामला (अपराध संख्या 04/आरसीए- एसीबी-ओंगोल/2026) दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए दस्तावेजों का मूल्यांकन और सूक्ष्म जांच वर्तमान में जारी है। उल्लेखनीय है कि राव को इससे पहले 10 जुलाई, 2025 को गिद्दलुरु में प्रभारी सब-रजिस्ट्रार के पद पर रहते हुए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

शनिवार की तलाशी के दौरान एसीबी की टीमों ने संपत्ति के दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक रिकॉर्ड जब्त किए हैं। अब तक पहचान की गई संपत्तियों में शामिल हैं:आवास: तीन आवासीय मकान और 13 हाउस साइट्स।

भूमि: लगभग 12.19 एकड़ कृषि भूमि।नकदी और आभूषण: 63,000 नकद, 548.3 ग्राम सोने के आभूषण और 453 ग्राम चांदी की वस्तुएं।

वाहन और गैजेट्स: एक टोयोटा इनोवा क्रिस्टा कार, तीन दोपहिया वाहन, तीन महंगी घड़ियाँ और कीमती इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स।

अन्य: 28.25 लाख के बैंक डिपॉजिट, 9 लाख के प्रॉमिसरी नोट्स और महत्वपूर्ण मूल्य का घरेलू सामान।राव 1992 में पंजीकरण और स्टैम्प विभाग में कनिष्ठ सहायक के रूप में भर्ती हुए थे। उन्होंने इंकौल्लू, ओंगोल, कंदुकुरु, परचुरु और मार्तुरु सहित विभिन्न कार्यालयों में कार्य किया। 2011 में वरिष्ठ सहायक के रूप में पदोन्नत होने के बाद, उन्होंने ओंगोल, कंबम, दर्शी, अम्मानाब्रोलू और गिद्दलुरु में अपनी सेवाएँ दीं। एसीबी ने कहा



कि आरोपी को नियत प्रक्रिया के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाएगा और नेल्लोर स्थित विशेष एसीबी अदालत में पेश किया जाएगा।

एसीबी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की रिपोर्ट निकटतम एसीबी कार्यालय में करें। शिकायतें टोल-फ्री नंबर 1064, मोबाइल नंबर 94404 40057, या ईमेल complaints-acbap.gov.in के माध्यम से दर्ज की जा सकती हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.